✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 107 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



उत्तराखंड में आपदा प्रभावितों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रष्ट इंजीनियर विनोद राय का घर सील

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** आर्थिक अपराध इकाई ने गुरुवार को ग्रामीण कार्य विभाग के भ्रष्ट इंजीनियर विनोद कुमार राय के ठिकाने पर छापेमारी की। जैसे ही टीम उनके पटना स्थित घर पहुंची, इंजीनियर की पत्नी समेत परिजन घर छोड़कर फरार हो गए। अधिकारियों को घंटों इंतजार करना पड़ा लेकिन कोई सदस्य नहीं मिला। इओयू ने कार्रवाई करते हुए विनोद कुमार राय के घर को सील कर दिया है। अब अदालत से वारंट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीतामढ़ी में दंपति की रहस्यमय मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बोखड़ा थाना अंतर्गत पतनुक्का गांव में दंपति की रहस्यमय मौत से सनसनी फैल गई। डीलर मनोज कुमार दास का शव कमरे में फंदे से लटका मिला जबकि उनकी पत्नी मीना देवी का शव बिस्तर पर पड़ा था। घटना की सूचना पर पुपरी डीएसपी सुनीता कुमारी, बोखड़ा और नानपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे को सील कर एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया। इस दौरान कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसका खुलासा अभी नहीं किया गया है।

### जहानाबाद मंडल कारा में कैदी की मौत

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** काको स्थित मंडल कारा में बंद एक कैदी की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिले के मदन सिंह टोला निवासी 35 वर्षीय प्रमोद चौधरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात प्रमोद चौधरी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। पहले जेल परिसर में ही उसका इलाज कराया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल भेजा गया जहां गुरुवार सुबह चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नेपाल से बिहार में घुस रहे पांच विदेशी गिरफ्तार

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** नेपाल सशस्त्र पुलिस बल ने भारत-नेपाल सीमा के निकट नेपाल भाग के मोरंग स्थित रानी जोगबनी सीमा चौकी से पांच विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में बोलीविया के मिगुएल इम्बीसी, उत्तरी सूडान के स्मान हमातदेउराही, मोरक्को के मो. ब्राहिम अहमद, कनाडा के मो. धापल और मो. माजुप शामिल हैं।

### 43 राशन दुकानों के लाइसेंस रद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपभोक्ताओं को खराब गुणवत्ता तथा कम अनाज देनेवाले जन वितरण प्रणाली दुकानों के डीलरों पर सख्त कार्रवाई की गई है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने 43 के लाइसेंस रद्द कर दिये, जबकि 33 दुकानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, 7955 डीलरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने केन्द्रीय मदद से जुड़ी योजनाओं का किया हवाई सर्वेक्षण

# बिहार को 11500 करोड़ की आर्थिक मदद देगी केन्द्र सरकार : सीआर पाटिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केन्द्र सरकार बिहार को बाढ़ से निपटने और बेहतर सिंचाई सुविधा के लिए 11500 करोड़ की आर्थिक मदद देगा। गुरुवार को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने इसको लेकर बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी व विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल के साथ-साथ आला अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने कोसी-मेची नदी जोड़ योजना स्थल के साथ पश्चिमी कोसी नहर और बागमती नदी के तटबंध का हवाई सर्वेक्षण किया। उनके साथ केन्द्रीय राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी के अलावा विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। श्री पाटिल बिहार की केन्द्रीय मदद से जुड़ी योजनाओं का हवाई सर्वेक्षण के लिए गुरुवार को पटना पहुंचे। वीरपुर रवाना होने के पहले उन्होंने पटना हवाई अड्डे पर बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री ने बाढ़ नियंत्रण एवं जल



शक्ति मंत्रालय से संबंधित चल रही परियोजनाओं की प्रगति का हवाई सर्वेक्षण किया। भारत सरकार ने इसके लिए 11500 करोड़ के बजट का आवंटन किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना से बाढ़ नियंत्रण तो होगा ही, सिंचाई परियोजना से बिहार के लाखों किसान लाभान्वित होंगे। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार की कोसी मेची अंतर-राज्यीय लिंक परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने को मंजूरी दी थी। परियोजना की अनुमानित लागत 6282.32 करोड़ है। इसमें बिहार को 3652.56 करोड़ की केंद्रीय सहायता भी शामिल है। कोसी-मेची अंतरराज्यीय नदी जोड़ो परियोजना के तहत कोसी नदी के अधिशेष जल को महानंदा बेसिन में पहुंचाकर चार जिलों अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस परियोजना से 2.14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही कोसी नदी की बाढ़ के प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा। पीएम के विजन का साक्षी बन रहा बिहार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन का साक्षी बन रहा है। मोदी जी ने बिहार के विकास के लिए विशेष पैकेज के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के लिए बजट आवंटन किया है। श्री पटिल ने कहा ने बिहार विकास के प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है।

## 15 सितंबर तक ग्रामीण पथों एवं पुलों का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले ठीकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग ने ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना से जुड़े सभी संवेदकों को हर हाल में आगामी 15 सितंबर तक निर्माण कार्य शुरू करने का अल्टीमेटम गुरुवार को जारी किया है। विभाग ने सम्बंधित संवेदकों को आगाह किया है कि 15 सितंबर तक यदि निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो सम्बंधित संवेदकों के खिलाफ सीएमबीडी और बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस कार्रवाई के तहत सम्बंधित संवेदकों की जमानत राशि तो जब्त कर ही ली जाएगी। साथ ही उनके निबंधन को भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। बता दें कि ग्रामीण कार्य विभाग ने उपरोक्त योजनाओं के तहत जिन संवेदकों को कार्य आवंटित कर रखा है, उन्हें आवंटित किये गए सभी पैकेजों के अंतर्गत सड़कों का निर्माण कार्य विगत 10 सितंबर से ही शुरू करने का अल्टीमेटम जारी कर दिया गया था। ग्रामीण कार्य विभाग ने इस सम्बंध में अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित कराकर संवेदकों को पहले ही आगाह कर दिया है। विभाग ने ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित पैकेजों के तहत शत-प्रतिशत पथों को दिनांक 15 सितंबर तक पौटलेस करने का निर्देश जारी कर रखा है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत आवंटित सड़कों और पुलों के स्थल पर निर्माण कार्य से संबंधित बोर्ड एवं स्थल प्रयोगशाला स्थापित करने का भी निर्देश दिया जा चुका है। साथ ही 15 सितंबर तक निर्माण स्थल पर निर्माण सामग्रियों को इकट्ठा कर लेने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। विभाग इस संबंध में पूर्व में भी अपनी समीक्षा बैठकों और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से सभी संवेदकों को अवगत करा चुका है।

## 13 को नड्डा, 15 को मोदी व 17 को शाह के दौरे से गरमाएगी बिहार की राजनीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अब किसी भी वक्त चुनाव आयोग तारीखों का ऐलान कर सकता है। इसे देखते हुए भाजपा पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी हर हाल में इस चुनाव में जीत दर्ज करने में जुट गई है। इसी कड़ी में 13 सितंबर को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 17 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार का दौरा करेंगे। इन दौरों को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 सितंबर को पटना पहुंचेंगे। यहां वे बिहार बीजेपी कोर कमिटी की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस दौरे पर उनकी मुलाकात सीएम नीतीश से भी हो सकती है। श्री नड्डा के दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को बिहार आएंगे। यह चुनावी साल में उनका सातवां दौरा होगा। मोदी की मौजूदगी एनडीए कार्यकर्ताओं में जोश भरने और चुनावी माहौल को बीजेपी के पक्ष में मजबूत करने के लिहाज से महत्वपूर्ण रहेगी। इसके बाद 17 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार आएंगे। 27 सितंबर को फिर से बिहार का दौरा करेंगे। श्री शाह पटना में बीजेपी कोर कमेटी की बैठक करेंगे। इस दौरान उम्मीदवारों के चयन, प्रचार रणनीति और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा होगी। इन शीर्ष नेताओं के दौरों से साफ है कि बीजेपी ने बिहार चुनाव को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। अगले सप्ताह होने वाली इन बैठकों और रैलियों के बाद राज्य की सियासत का पारा और भी ऊपर चढ़ने वाला है।

## बिहार में दिख रही विकास की लहर : पीयूष गोयल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की ओर बढ़ रहा है। एक समय था जब बिहार में भ्रष्टाचार सुर्खियों में था और आज आधारभूत संरचनाओं की योजनाएं, औद्योगिक विकास दिखाई दे रहा है। एक प्रकार से यहां विकास की लहर दिखाई दे रही है। यह बात केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। श्री गोयल ने कहा कि एक बार फिर से बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार स्थापित करने के लिए हमलोग मैदान में उतरे हैं। दावा करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में जनता के आशीर्वाद से एनडीए ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि कल बुधवार को केंद्रीय



कैबिनेट की बैठक में बिहार के दो नए बड़े प्रोजेक्टों को मंजूरी दी गई है। इसमें मोकामा मुंगेर चार लेन हाईवे 4500 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और भागलपुर-दुमका-रामपुर हाट की रेलवे लाइन में दूसरा ट्रैक बनाना है। उन्होंने कहा कि बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो का निर्माण हो रहा है। एनडीए का संकल्प बिहार को विकसित बनाना है, बिहार को सुख-समृद्ध बनाना है। आज जो प्रगति दिख रही है, वह बिहार के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार ने 11 वर्षों में अपने संकल्प को पूरा किया है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। पीएम मोदी ने कहा था कि समावेशी विकास के बिना भारत विकसित नहीं हो सकता। इस कारण उनका पूरा जोर उत्तरी पूर्वी राज्यों के विकास पर लगा है। बिहार इस दौरान नई योजनाओं के कारण आगे बढ़ा है। इस दौरान एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि महागठबंधन किसी को सीएम उम्मीदवार घोषित कर दे लेकिन नीतीश कुमार के फ़ेस के सामने कोई नहीं टिकता। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी व विधान पार्षद संजय मयूख, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रूंगटा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रदेश सह प्रभारी प्रभात मालाकार उपस्थित रहें।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली ढ़ेर

**रायपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। मैनपुर के जंगलों में चल रही मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टी नहीं हुई है। चर्चा है कि इस एनकाउंटर में एक करोड़ के इनामी नक्सली मनोज मोडेम उर्फ बालकृष्ण भी मारा गया है। रायपुर संभाग के आइजी अमरेश मिश्रा और गरियाबंद जिले के एसपी निखिल राखेचा मुठभेड़ की पुष्टि की है। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में उस समय मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान पर सर्चिंग पर थे। इस अभियान में एसटीएफ, कोबरा और अन्य राज्य पुलिस इकाइयों के जवान शामिल हैं।

नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

## राज्य का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को गुरुवार को राजधानी रांची में नियुक्ति पत्र सौंपा। झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड पर्यटन तथा झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (जेटीडीसी) के लोगो एवं वेबसाइट के साथ-साथ सांस्कृतिक दल प्रबंधन प्रणाली एप्लीकेशन (ऐप) का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर झारखंड के सीएम ने कहा कि राज्य को मजबूत और बेहतर बनाने की दिशा में उनकी सरकार लगातार प्रयासरत है। नियुक्तियों के साथ-साथ सभी सेक्टरों में लगातार कार्य



हो रहे हैं। राज्य का सर्वांगीण विकास गठबंधन सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आज से सरकार के एक अभिन्न के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य का समुचित विकास हो, इसके लिए आप पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे, मुझे पूरी उम्मीद है। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधा तथा सेवा देने की दिशा में आपकी भूमिका काफी अहम होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गांव से शहरों की ओर लोग आ रहे हैं। इस वजह से शहर के आकार और जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। ऐसे में शहरों का व्यवस्थित तथा योजनाबद्ध तरीके से विकास आज निहायत ही जरूरी है ताकि शहरों में उपलब्ध व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के साथ शहरवासियों को अच्छी नागरिक सुविधा और सेवाएं दे सकें। उन्होंने कहा कि अगर शहर अव्यवस्थित तरीके से फैलेंगे तो उसके कई दुष्परिणाम और समस्याएं सामने आयेंगी, जिसका समाधान काफी चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए शहरों को पूरी प्लानिंग के साथ विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है।

## क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक के कई ठिकानों पर छापा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विशेष निगरानी इकाई ने गुरुवार को शिक्षा विभाग में बड़ी कार्रवाई करते हुए तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक बीरेन्द्र नारायण के ठिकानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई से पूरे विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बीरेन्द्र नारायण के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया है कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान लगभग 3.75 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की है, जो उनकी ज्ञात वैध आय से कहीं अधिक है। उनके खिलाफ कांड संख्या-18/2025 दर्ज किया गया है। यह केस भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(1)(बी), 13(2), 12 और भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61(2)(ए) के तहत दर्ज किया गया है। छापेमारी एक साथ पटना, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया स्थित उनके कई ठिकानों पर की गई है। फिलहाल निगरानी टीम दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े कागजात की गहन जांच कर रही है। जांच में सामने आया है कि बीरेन्द्र नारायण ने अपने सेवाकाल के दौरान विभिन्न पदों पर रहते हुए 3 करोड़ 75 लाख 66 हजार 92 रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की है, जो उनकी वैध आय से कहीं अधिक है। इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए विशेष निगरानी इकाई, बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि छापेमारी अभी जारी है और अवैध संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है।



# बिहार में 'जिलों के समग्र विकास' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

## प्रथम दिवस 11 सितम्बर 2025 में नवाचार, समावेशिता और प्रभावशाली प्रस्तुतियों की झलक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी और सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 'जिलों के समग्र विकास' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ आज पटना स्थित होटल ताज सिटी सेंटर में हुआ। देशभर से आए 200 से अधिक प्रतिनिधियों जिलाधिकारी, नीति निर्माता, नवाचारकर्ता और संस्थागत प्रमुखों ने इस मंच पर भाग लिया। दिन की शुरुआत दो तकनीकी सत्रों से हुई जिनमें प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त और नामांकित पहलों को प्रस्तुत किया गया। पहला सत्र पुनीत यादव, अपर सचिव, डीएआरपीजी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें यूआइडीएआइ, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की नवाचारी योजनाओं पर चर्चा हुई जैसे डिजिटल प्रमाणीकरण, साइबर तहसील और जीआइएस आधारित जल संरक्षण। दूसरे सत्र की अध्यक्षता सरिता चौहान, संयुक्त सचिव, डीएआरपीजी ने की। इसमें उत्तर प्रदेश और बिहार की नागरिक-केंद्रित पहलों को रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने जोर दिया कि जिला प्रशासन केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि शासन की धड़कन है जहां योजनाओं का वास्तविक प्रभाव नागरिकों तक पहुंचता है।

उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहे। डॉ. सिंह ने बिहार सरकार और उसके अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की नवाचारी पहलें–विशेषकर शिकायत निवारण और डिजिटल परिवर्तन–देशभर में अनुकरणीय मॉडल बन सकती हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों की भूमिका को 'भारत की प्रशासनिक रीढ़' बताते हुए उनके सक्रिय योगदान की सराहना की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के परिवर्तन की यात्रा को साझा करते हुए कहा एक मरीन ड्राइव के सपने से शुरुआत हुई थी, आज हम तीन और मरीन ड्राइव बना रहे हैं। हमने सड़क निर्माण में रूढ़ियों को तोड़ा है। अब पटना से गया, दरभंगा, मुज़फ्फरपुर की यात्रा कुछ घंटों में पूरी हो जाती है जो पहले पूरे दिन लेती थी।

# एनडीए की एकजुटता बनेगी प्रचंड जीत का आधार : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इंडी गठबंधन में मुख्यमंत्री पद और सीट बंटवारे को लेकर घमासान मचा है। न नेता तय है, न नीति साफ। उपराष्ट्रपति चुनाव में भी उनके कई सांसदों ने एनडीए प्रत्याशी को वोट किया, जो यह बताने को काफी है कि उधर क्या चल रहा है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज पटना में मीडिया से बातचीत में दावा किया कि इंडी गठबंधन बुरी तरह बिखर गया। उन्होंने कहा कि यह बिखराव उस सोच की हार है जो राष्ट्रहित से ऊपर व्यक्तिगत स्वार्थ और अवसरवादिता को रखती है। वहीं एनडीए गठबंधन केंद्र से लेकर बिहार तक पूरी तरह संगठित और सक्रिय है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 2025 में बिहार की जनता एनडीए को इस बार भी ऐतिहासिक बहुमत देगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और घुसपैठ के पक्षधर इंडी गठबंधन को बिहार चुनाव में अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है, तभी वो कुछ भी तय नहीं कर पा रहे हैं। बिहार में रोजाना एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी किसी ने किसी जिले का दौरा कर परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। एनडीए के कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ ये साफ बता रही है कि लोगों को विकास वाली सरकार पसंद है न कि झूठे और फर्जी बयान देने वालों की। भाजपा नेता ने बताया कि एनडीए की एकजुटता और चुनावी रणनीति को धार देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 सितंबर को जबकि गृहमंत्री अमित शाह 18 सितंबर को पटना आएंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में 54 बार और इस वर्ष 6 बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। हर दौरे पर वो बिहार वासियों को हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देते हैं। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री का पूर्णिया दौरा भी ऐतिहासिक होगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश में जिस तरह से गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए योजनाएं चलाई गई हैं बिहार में भी उन्हीं नीतियों को लागू कर विकास की गंगा बहाई जा रही है। आज हमारी सरकार, 'जो कहा था, वो किया है और जो नहीं कहा था, वो भी किया है' ऐसी राजनीति कर रही है। आगामी चुनाव में जनता एनडीए के सुशासन, स्थायित्व और विकास पर मुहर लगाएगी। बिना किसी का नाम लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि इंडी गठबंधन का चरित्र बिहार विरोधी है। उसमें शामिल लोग अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए हैं। जनता की दुख-तकलीफों से उनका कोई नाता नहीं है। वो बस किसी तरह कुर्सी चाहते हैं।

# जांच प्रतिवेदन के आधार पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली विक्रेताओं पर अविलंब कार्रवाई करना सुनिश्चित करें : प्रधान सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधान सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग पंकज कुमार ने राज्य के सभी उप निदेशक (आपूर्ति), जिला आपूर्ति पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जीरो ऑफिस डे के माध्यम से बलाए जा रहे राज्यव्यापी सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों के निरीक्षण अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। समीक्षा में प्रधान सचिव ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों जिनमें कम खाद्यान्न देने एवं खराब गुणवत्ता के खाद्यान्न देने की शिकायत की रिपोर्ट जांच प्रतिवेदन से प्राप्त हुई है, पर नियमानुसार कार्रवाई अविलंब सुनिश्चित करें।

जीरो ऑफिस डे अभियान अगले दो दिनों तक चला कर शेष बचे हुए जन वितरण प्रणाली की दुकानों की शत-प्रतिशत निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रधान सचिव ने वैसे पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई करने का निदेश दिया जिन्होंने निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस राज्यव्यापी सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों के निरीक्षण अभियान में अबतक कुल 45,335 सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण सम्पन्न हो चुका है, शेष 8613 सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण अगले दो दिनों में सम्पन्न किया जाना है। निरीक्षण में प्राप्त प्रतिवेदन में 1309 सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान में कम मात्रा में खाद्यान्न देन, 1192 में खराब गुणवत्ता की अनाज देने तथा 4326 में खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत प्राप्त हुई है। अभी तक कुल 7955 सार्वजनिक वितरण प्रणाली डीलरों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अबतक कुल 33 प्राथमिकी दर्ज कराया गया है तथा 43 सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान की लाइसेंस रद्द किया गया है।

# सहरसा और अमृतसर के मध्य अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सुपौल-सरायगढ़-झंझारपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-मुरादाबाद-अम्बाला कैंट के रास्ते सहरसा और छेहरटा (अमृतसर) के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 15.09.2025 को सहरसा और छेहरटा के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 05531 सहरसा-छेहरटा अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 15.09.2025 सोमवार को गाड़ी सं. 05531 सहरसा-छेहरटा अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल सहरसा से 15.30 बजे खुलकर 23.35 बजे नरकटियागंज सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 17.09.25 बुधवार को 02.00 बजे छेहरटा पहुंचेगी।

# मनरेगा मास्टर ट्रेनर्स हेतु तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी पटना में मनरेगा मास्टर ट्रेनर्स हेतु तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा योजनाओं के 'युक्तधारा' पोर्टल के माध्यम से जीआइएस आधारित योजना निर्माण एवं अनुश्रवण पर केंद्रित है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आयुक्त, मनरेगा-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बीआरडीएस अभिलाषा कुमारी शर्मा, भा.प्र.से.ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'युक्तधारा' के प्रभावी उपयोग से मनरेगा योजनाओं के कार्यान्वयन की गुणवत्ता और पारदर्शिता में वृद्धि होगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने तथा प्राप्त जानकारियों को पंचायत स्तर तक सभी संबंधित कर्मियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य परिचालन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने 'युक्तधारा' पोर्टल के उपयोग को मनरेगा योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और इसके उचित इस्तेमाल पर बल दिया। निदेशक, ई-गवर्नेंस एवं आईटी, सरोज कुमार ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया और तकनीक-सक्षम योजना निर्माण के महत्व को रेखांकित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनआइआरडीपीआर से तकनीकी विशेषज्ञश्री एम.वी. रवि बाबूभी शामिल हैं जो 'युक्तधारा' पोर्टल के माध्यम से जीआइएस आधारित योजना निर्माण एवं अनुश्रवण पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य भर से आए सभी मास्टर ट्रेनर्स को सशक्त बनाने और ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण पूरी कर सभी मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिले एवं प्रखंड के मनरेगा कर्मियों को इसी विषय पर प्रशिक्षित करेंगे।

# पीपीयू के कुलसचिव प्रो रिजवी गुरु शिक्षा सम्मान से सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पटना की एजुकेशनल डेवलपमेंट काउंसिल ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर रिजवी को 'गुरु शिक्षा सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एक समारोह में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर काउंसिल के संयोजक प्रोफेसर कमल बोध भी उपस्थित थे। प्रोफेसर रिजवी को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। पीपीयू के डीन प्रो राजीव रंजन, महाविद्यालयों की निरीक्षक प्रोफेसर हेमलता सिंह, प्रो. कृष्णनंदन प्रसाद, प्रोफेसर शशि प्रभा दुबे, प्रोफेसर मोहम्मद अब्बास ने प्रोफेसर रिजवी को बधाई दी है।

# कमजोर तबके के हजारों लोगों को सरकार अनुदानित दर पर देगी चूजे

## राज्य के सभी 38 जिलों के 17,820 लाभुकों के बीच होगा वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग समेकित मुर्गी विकास योजना के तहत कमजोर तबके के परिवारों के बीच अनुदानित दर पर प्रत्येक परिवार 45 चूजों का वितरण करेगा। लो इनपुट प्रजाति के इन चूजों के वितरण के लिए विभाग ने ऑफलाइन आवेदन मांगा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत कमजोर वर्गों के परिवारों के बीच कुल 8,01,900 चूजों का वितरण अनुदानित दर पर किया जाना है। इन चूजों को रखने के लिए भी केज निर्माण के लिए विभाग प्रति परिवार एक हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के तहत प्रति लाभुक 45 चूजे अनुदानित दर 10 रूपये प्रति चूजा की दर से दिया जाएगा। इस योजना का लाभ राज्य के सभी 38 जिलों के लोगों को मिलेगा। इसका लाभ पाने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को जिला स्तर पर जिला पशुपालन कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ सभी आवश्यक कागजातों को भी जमा करना होगा। इन वांछित कागजातों में फोटो, आधार, वोटर आई.डी, पैन कार्ड, आवास प्रमाण पत्र शामिल है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र भी देना होगा। लाभुकों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

**प्रति लाभुक 3,700 रुपये खर्च करेगी सरकार**

विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17,820 लोगों को इस योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य है कि इस वित्तीय वर्ष में सामान्य जाति के 5,660, अनुसूचित जाति के 11,060 और अनुसूचित जनजाति के 1100 लोगों का इस योजना का लाभ दिलाया जा सके। इस योजना में प्रति लाभुक 45 चूजों का वितरण करने पर अनुमानित व्यय 3150 रुपये है। इसमें से प्रति चूजा 10 रुपये के हिसाब से लाभुक द्वारा अनुमानित व्यय 450 रुपये होगा। वहीं सरकार प्रति लाभुक 45 चूजों के वितरित करने पर 2,700 रुपये अनुदान के रूप में देगी। साथ ही केज निर्माण के लिए प्रति लाभुक अनुदान एक हजार रुपये भी मिलेगा। इस तरह से सरकार इस योजना में प्रति लाभुक कुल 3,700 रुपये अनुदान के रूप में प्रति लाभुक खर्च करेगी।

# जोगबनी और इरोड के मध्य अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्णिया-कटिहार-मानसी-बरौनी-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-इटारसी-नागपुर-विजयवाड़ा-पेरम्बूर- काटपाडी के रास्ते जोगबनी और ईरोड के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 15.09.2025 को जोगबनी और ईरोड के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 06602 जोगबनी-ईरोड अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 15.09.2025 सोमवार को गाड़ी सं. 06602 जोगबनी-इरोड अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल जोगबनी से 15.30 बजे खुलकर 15.44 बजे फारबिसगंज, 16.09 बजे अररिया कोर्ट, 16.45 बजे पूर्णिया, 17.40 बजे कटिहार, 18.40 बजे नौगछिया, 19.30 बजे मानसी, 19.43 बजे खगड़िया, 20.25 बजे बेगूसराय, 21.30 बजे बरौनी, 22.25 बजे शाहपुर पटोरी, 23.45 बजे हाजीपुर, अगले दिन 00.02 बजे सोनपुर, 00.50 बजे पाटलिपुत्र, 01.13 बजे दानापुर, 01.43 बजे आरा, 02.06 बजे रघुनाथपुर, 02.31 बजे बक्सर एवं 05.15 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 18.09.25 गुरुवार को 07.20 बजे ईरोड पहुंचेगी।

# महाप्रबंधक ने किया धनबाद मंडल के चोपन-शक्तिनगर रेल खंड का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा धनबाद मंडल के चोपन-शक्तिनगर रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिचालन व्यवस्था, यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का गहन अवलोकन किया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने धनबाद मंडल के अंतर्गत दूधीचुआ कोल साइडिंग (सिंगरौली) का निरीक्षण किया तथा एन.सी.एल. के अधिकारियों के साथ बैठक/चर्चा कर माल लदान की व्यवस्था एवं उससे संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कोयला परिवहन को और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। साथ ही महाप्रबंधक द्वारा चोपन से सोनभद्र स्टेशन तक 02 इंजन और 58 वैगन युक्त लॉन्ग हॉल गुड्स ट्रेन द्वारा सफल फुट प्लेटिंग किया गया जो मालगाड़ी परिचालन में दक्षता और क्षमता वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

# पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में अधिकारी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 26.09.2025 तक चलने वाली राजभाषा पखवाड़ा-2025 के आयोजन के क्रम में अधिकारी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केशव त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में कुल 6 पुरस्कार हैं : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना के तीन प्रतियोगिता में हिंदी से अंग्रेजी, अंग्रेजी से हिंदी, राजभाषा नियम-उप-नियम आदि संबंधी प्रश्न प्रतिभागियों से पूछे गए। उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने मौके पर ही इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। इसके अनुसार लेखा विभाग के राकेश रंजन लाल, सविस/बजट को प्रथम स्थान, निर्माण विभाग के सौरभ सावर्ण, वकाधि को द्वितीय स्थान एवं सुरक्षा विभाग के विजय कुमार चौबे, उप निरीक्षक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं मौके पर प्रशासन, लेखा एवं वाणिज्य को प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# अनुग्रह नारायण कॉलेज और गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, गांधीनगर के बीच अकादमिक समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अनुग्रह नारायण कॉलेज, पटना का चयन गुजरात सरकार के फैकल्टी एक्सपोजर प्रोग्राम हेतु किया गया। इस दौरान संस्थान के टीम ने शैक्षणिक दौरा, नवाचारों का अध्ययन किया। इस योजना का उद्देश्य गुजरात राज्य के शिक्षकों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों की अकादमिक नीतियों, प्रशासनिक व्यवस्था और नवाचारों से रूबरू कराना है। गांधीनगर स्थित गवर्नमेंट साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दशरथ कुमार पी. पटेल के नेतृत्व में एक चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 10 से 11 सितम्बर 2025 के बीच किसी दो दिनों के लिए अनुग्रह नारायण कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल कॉलेज ने महाविद्यालय के शैक्षणिक प्रक्रियाओं, नवाचारों और संस्थागत सुधारों का अवलोकन किया। यह यात्रा 'लर्निंग एंड एक्सपोजर-कम-स्टडी टूर फॉर फैकल्टीज' योजना के तहत नॉलेज कंसोर्टियम ऑफ गुजरात सरकार के द्वारा प्रायोजित था। इस पहल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक कार्यप्रणालियों को समझना, अन्य संस्थानों से सीख लेकर सुधार को बढ़ावा देना तथा एनएएसी और एनआईआरएफ जैसी संस्थागत मान्यता प्राप्ति की तैयारियों में सहायता करना है। गुजरात के प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा न केवल दोनों राज्यों के शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगी, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी होगी।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने बीमारियों की कराई निःशुल्क जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में आंख रोग के अतिरिक्त स्त्री रोग, हड्डी रोग आदि की जांच भी हुई तथा सम्बंधित ब्लड एवं अन्य जांच भी की गई। मौके पर अध्यक्ष बंसल ने कहा कि आंख जांच शिविर में आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण ने 43 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 10 मरीज का मोतियाबिंद बढ़ा हुआ पाया गया जिसका निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। सभी प्रभावित मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई। गोयल ने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी द्वारा करीब 50 से अधिक महिलाओं मरीजों की जांच की गई जिसमें 38 मरीजों में विभिन्न बीमारी पाई गई। इसके अतिरिक्त हड्डी रोग की जांच प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार द्वारा 35 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें सलाह एवं दवा दी गई। मरीजों के खून एवं अन्य जांच सोसायटी के लैब में डॉ सलोनी द्वारा किया गया। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि शनिवार 13 सितंबर को संध्या साढ़े पांच बजे से मुम्बई लीलावती अस्पताल की एचओडी प्रसिद्ध लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ विभा वर्मा निःशुल्क मरीजों की जांच करेंगी।

# बिहार के किसानों की आय बढ़ा रहा पशुपालन, ग्रामीण क्षेत्रों में आई समृद्धि

## राज्य में पशुपालन से बढ़ रहा है स्वरोजगार, महिलाएं हो रही सशक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पशुपालन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब बिहार के लोग पशुपालन जीवन-निर्वहन के लिए नहीं बल्कि स्वरोजगार पाने के लिए कर रहे हैं। इसमें बिहार सरकार का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग उनका सहयोग कर रहा है। विगत पांच वर्षों में पशुपालन के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से करीब 250 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है जिसका लाभ अब ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है। पशुपालन के जरिए खासकर महिलाएं स्वरोजगार पाकर सशक्त हो रही है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग गाय और भैंस पालन से संबंधित कई योजनाओं का संचालन कर रहा है जिसमें राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों और किसानों को डेयरी को स्थापित करने के लिए डेयरी की लागत का 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। समग्र गव्य विकास योजना और देशी गौ पालन योजना के तहत लाभुक को 50 से 75 फीसदी तक अनुदान दिया जाता है। पिछले पांच वर्ष में इस योजना के तहत 178.03 करोड़ रूपये बतौर अनुदान दिया गया है। वहीं, समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना में 50 से 60 फीसदी अनुदान दिया जाता है। इस योजना के तहत विगत 5 वर्षों में 19.15 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। समेकित मुर्गी विकास योजना प्रति योजना के तहत 30 से 40 फीसदी सब्सिडी दी जाती है जिसमें विगत 5 वर्षों में 41.67 करोड़ रुपये बतौर अनुदान दिया गया है। बिहार सरकार की इस पहल से राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार दिलाने में बड़ी मदद मिली है।

# भूदान आंदोलन के प्रणेता संत विनोबा भावे की जयंती आयोजित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि के तत्वावधान में भूदान आंदोलन के प्रणेता संत विनोबा भावे की 130वीं जयंती बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि कदम कुआं पटना के सभा कक्ष प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें माखन लाल दास, डॉ मोख्तारूल हक, अरुण प्रसाद, शिबबालक प्रसाद, उमेश मंडल सहित बिहार की खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं व स्वंयसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लेकर भूदान तथा खादी ग्रामोद्योग की समस्याओं पर विस्तार से विचार व्यक्त किये। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल सह बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि ने सरकार से मांग की खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं की बकाया रिबेट की रकम का भुगतान सरकार अविलंब करें ताकि कत्तिन, बुनकर व अन्य कामगारों को रोजगार मिल सके।

### बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा को कदाचार मुक्त कराने को प्रभारी डीएम ने की ब्रीफिंग

# जिले के 31 परीक्षा केन्द्रों पर 16848 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 71 वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा 13 सितंबर यानि शनिवार को एक पाली में 12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक होनी है। परीक्षा के लिए रोहतास जिले में कुल 31 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में 16848 परीक्षार्थी शामिल होने वाले हैं। गुरुवार को प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा ब्रीफिंग की गयी। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी व केंद्राधीक्षकों बीपीएससी की परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त संचालन कराना है। पूर्ण सख्ती के साथ आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के अंदर परीक्षार्थियों को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक चला जाना है। किसी भी परिस्थिति में 11.00 बजे पूर्वाह्न के बाद परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी को अपनी पहचान के लिए एडमिट कार्ड में दर्ज पहचान पत्र साथ लेकर उपस्थित होना है। साथ ही अभ्यर्थियों को एक अतिरिक्त एडमिट कार्ड लेकर उपस्थित होना है जिसे परीक्षा के अवधि में वीक्षक को हस्ताक्षरित करते हुए समर्पित करना है। बताया कि जिले के सासाराम अनुमंडल में 20 एवं डिहरी अनुमंडल में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। कहा कि परीक्षा केंद्रों पर जैमर अधिष्ठापन की व्यवस्था ससमय कर ली जाय। उन्होंने केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि मोबाइल जैमर की अधिष्ठापन के लिए समुचित विद्युत व्यवस्था प्रत्येक परीक्षा कक्ष व हॉल में की जाय। कहा कि परीक्षा को हर हाल में स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त कराना है। किसी भी प्रकार की चूक नहीं होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग के लिए अलग जगह व्यवस्था की जाय तथा महिला या महिला पुलिस अधिकारी द्वारा महिला परीक्षार्थी की फ्रिस्किंग करायी जाय। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की समुचित व्यवस्था की जाय। बैठने की व्यवस्था, परीक्षा केन्द्रों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पीने का स्वच्छ जल, उपस्कर, जेनरेटर, रौशनी आदि की समुचित व्यवस्था ससमय कर ली जाय। डीएम ने कहा कि परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रोनिक पेन, पेजर आदि जैसी इलेक्ट्रोनिक सामग्री तथा व्हाइट्नर, इरेजर एवं ब्लेड जैसी सामग्री भी ले जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। उम्मीदवार को इसके लिए सचेत किया जायेगा कि उक्त सामग्रियों के उनके पास पाये जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। डीटीओ, एसडीएम, एसडीपीओ, यातायात प्रभारी, मोटर यान निरीक्षक एवं सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा के दिन सुबह 6.00 बजे से बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं यथासंभव सभी परीक्षा केंद्रों के निकटतम स्थान तक यातायात की सुविधा को सुगम बनाये रखने के लिए बसों, मिनी बसों, ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा का परिचालन सामान्य बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी स्थान पर जाम नहीं लगने पाए एवं परीक्षार्थी सुगमतापूर्वक परीक्षा केंद्रों तक पहुंच सके। साथ ही सुगम यातायात संचालन के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सुनील कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को सहायक संयोजक के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए मदन राय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास को नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है।

# जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं के धरना को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रखंड स्थित शिवमन्दिर के प्रांगण में गुरुवार को जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तथा संचालन राकेश पटेल ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित रहे जहां अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर विशेष चर्चा किया। इस दौरान कई विक्रेताओं ने अपनी समस्याओं को रखा। साथ ही 8 अगस्त से पश्चिमी चंपारण की धरती से अंबिका यादव द्वारा डीलरों के आठ सूत्री मांगों को लेकर 20 अगस्त को पटना गांधी मैदान में धरना प्रदर्श किया गया था जिसमें सरकार द्वारा दो मांगों को पूरा किया गया। बाकी 6 सूत्री मांगों को लेकर अंबिका यादव आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं जिनके समर्थन में 15 सितंबर को सभी जन वितरण प्रणाली दुकान के विक्रेता उनके समर्थन में पटना जाने की तैयारी में जुट गए हैं। विक्रेताओं ने 15 सितंबर को 4 बजे सुबह में बस के माध्यम से पटना पहुंचने की बात कही। प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है जबकि सबसे निचले स्तर पर दुकानदार ही कार्य करते हैं। फिंगरप्रिंट मशीन से कराए जा रहे कार्य से दुकानदारों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उपभोक्ता और दुकानदार के बीच बराबर नोंक-झोंक की स्थिति बन रही है। चूंकि मशीन काफी पुराना हो चुका है न नेटवर्क रहता है न बैट्री चलती है आठ माह से कमीशन बाकी है अभी तक नहीं मिला उन्होंने सरकार से इस पर गंभीर विचार करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों के संदर्भ में दुकानदारों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी और आगे की लड़ाई जारी रखने की बात कही। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र पासवान, कर्पूरी ठाकुर, निर्मल कुमार, जसवंत सिंह, कमलेश दुबे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सोन नदी में डूबे 68 वर्षीय वृद्ध की चौथे दिन भी खोजबीन जारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के बडीहा सोन नदी में डूबे 68 वर्षीय वृद्ध नंद कुमार पांडे का चौथे दिन भी खोजबीन जारी है। ज्ञात हो कि पितृपक्ष में पितरों की याद में जल देने हेतु सोन नदी में स्नान करने गए थे कि पानी का तेज बहाव होने की वजह से उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गए। शिवगंज डिहरी के पांच अनुभवी गोताखोर राजेश चौधरी, छोटू चौधरी, मुन्ना चौधरी, सोनू चौधरी एवं बबलू पासवान बृहस्पतिवार को पानी में डूबकी लगाकर खोजने का काफी प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी तक शव नहीं मिल पाया है। एस डी आर एफ की टीम भी दो दिनों तक नासरीगंज तक काफी खोजबीन कर मंगलवार को ही वापस आरा लौट गई। उनके इकलौते पुत्र टूटू पांडे का रो-रो कर बुरा हाल है मां का भी तीन वर्ष पूर्व ही देहांत हो गया है। घर में सन्नाटा छाया हुआ है। रोहतास जिला भाजपा कोषाध्यक्ष व 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे ने सारी जानकारी इंद्रपुरी थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी को दी है। इसके अलावा भाजपा नेता श्री पांडे ने डिहरी अंचल अधिकारी से बडीहा बालू घाट के रास्ते सोन नदी तट के किनारे बैरिकेटिंग करने की मांग की है।

# दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ें शिक्षक : बीईओ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में शिक्षक अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उक्त बातें स्थानीय बीआरसी भवन सभागार में गुरुवार को बिहार सरकार शिक्षा परियोजना द्वारा करायी जा रही तीन दिवसीय गैर आवासीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण के दूसरे बैच का उद्घाटन करते हुए बीईओ अरविन्द कुमार ने कही। कहा कि सामान्य बालकों के साथ हीं दिव्यांग बच्चों को भी अपने सामान्य जीवन जीने का हक है। कहा कि इस प्रशिक्षण में प्राथमिक, मध्य व उच्च विद्यालय के शिक्षक शामिल हैं। साधनसेवी संदीप कुमार सिंह एवं सत्यव्रत चतुर्वेदी ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षा के साथ-साथ पुनर्वास के तरीकों एवं सरकार द्वारा सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि यह प्रशिक्षण आठ सितंबर से प्रथम बैच शुरू हुआ था जो 23 सितंबर तक चलेगी जिसमें तीन बैच शिक्षकों को और दो बैच अभिभावकों को प्रशिक्षण दी जाएगी। मौके पर एकाउंटेंट केके उपाध्याय, प्रधान शिक्षक मनोज कुमार, शिक्षक इंदु कुमारी, आनंद कुमार पाण्डेय, एम के पाण्डेय, कुमारी संजू, संजय सिंह, चंदा कुमारी, कंचन मिश्रा, पूजा कुमारी समेत अन्य शामिल थे।

# रेलवे स्टेशन से कुख्यात चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने गुरुवार को गश्ती के दौरान एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक कुख्यात चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विमलेश राम उम्र 26 वर्ष, पिपराडीह गांव थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास के रूप की गई। गिरफ्तार चोर के पास से यात्रियों का एक बैग, 3 मोबाइल फोन, सोने-चांदी के गहने, नगद और कई अन्य समान बरामद हुए। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 1 लाख रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी के विरुद्ध पहले से पॉक्सो एक्ट और चोरी के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# बाइक की डिक्की से 10 लाख के सोने चांदी के जेवर की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी-नासरीगंज मुख्य पथ पर बुधवार की देर शाम दरिहट बाजार में एक स्वर्ण व्यवसाई के सोने चांदी से भरे झोले बाइक के डिक्की से निकाल कर चोर फरार हो गया। इसकी शिकायत स्वर्ण व्यवसाई सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोर पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने लिखित आवेदन में बताया कि बुधवार की शाम दुकान बंद कर दुकान के महज चंद दूरी पर मछली के दुकान के पास गाड़ी खड़ी कर मछली ले रहा था। कुछ देर बाद जब गाड़ी की तरफ देखा तो बाइक की डिक्की खुली मिली। वहीं डिक्की से सोने चांदी से भरे झोले नहीं थे। झोला खोजने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ भी सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि 9 लाख का सोने तथा 1 लाख का चांदी का आभूषण कुल 10 लाख रुपए का था। चोर लेकर फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया कि दरिहट बाजार में एक स्वर्ण व्यवसाय के सोने चांदी से भरे गहने की चोरी होने की सूचना प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज किया गया है। विदित हो कि 2022 में भी सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता के 3 लाख 80 हजार की सोने चांदी के गहने की चोरी हुई थी। उस वक्त भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसकी कांड सं 64/22 है।

# एक दिवसीय महिला फुटबॉल मैच का विजेता बना यूपी सिवान : राजा पासवान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** रोहतास जिले का ऐतिहासिक खेल मैदान एक बार फिर रोमांच और उत्साह का गवाह बना। यहां हर महीने आयोजित होने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट की कड़ी में इस बार युवा समाजसेवी एवं उभरते नेता राजा पासवान (जिला महासचिव, युवा लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास) के पहल पर यूपी बनाम बिहार महिला फुटबॉल मैच का एक दिवसीय आयोजन किया गया। मैदान में दर्शकों का जोश देखने लायक था। करीब दस हजार से अधिक महिला, युवतियां और पुरुष दर्शकों ने उपस्थिति दर्ज कर खेल को ऐतिहासिक बना दिया। दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया, लेकिन कड़े मुकाबले में यूपी सिवान बिहार टीम ने 1 गोल से जीत दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान राजा पासवान ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं खिलाड़ियों को मोमेंटो, मेडल और अंगवस्त्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। मंच संचालन पत्रकार उदय तिवारी और शिक्षक अरुण कुमार ने किया। यह आयोजन न केवल खेल भावना का उदाहरण बना बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा को भी नई पहचान दी।

# टिकट नहीं मिलने पर केन्द्रीय नेतृत्व पर मनगढ़ंत आरोप लगाया : विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** बहुजन समाज पार्टी के बढ़ते लोकप्रियता से विपक्षी दलों ने घबराकर छूटभैये नेताओं से केन्द्रीय नेतृत्व पर सवाल खड़े कर रहे हैं जबकि बसपा मिशनरी पार्टी है। उक्त बातें बसपा प्रदेश महासचिव विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने प्रेसवार्ता में कहा। उन्होंने कहा बहुजन समाज पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व पर रुपए देकर टिकट देने का आरोप लगाया जा रहा है यह आरोप बेबुनियाद है एवं मनगढ़ंत बातें हैं। उन्होंने कहा कि चैनपुर विधानसभा एवं भभुआ विधानसभा क्षेत्र में एक से बढ़कर एक करोड़पति हैं। रुपए यहां से मिल सकते हैं, लेकिन लगभग दस वर्षों से पार्टी में काम करने का अनुभव प्राप्त हुआ है हमलोगों के साथ ऐसा नहीं हुआ है। वहीं लोग आरोप प्रत्यारोप लगा रहे केवल बसपा से टिकट लेकर चुनाव लड़ना चाहते हैं। सर्वजन हिताय जागरुक जनसभा के मुख्य अतिथि बसपा राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के आगमन पर किसी भी केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तर के नेताओं को सम्बोधित करने का मौका नहीं मिला। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कई दिग्गज करोड़ों रुपए लेकर बसपा से टिकट लेने के लिए लालायित रहते हैं, लेकिन बसपा ने सतीश सिंह उर्फ पिंटू यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी समुदायों के लोग उनके स्थिति से अवगत हैं पार्टी ने खुद अपने रुपए देकर चुनाव लड़ाया फिर दुबारा प्रत्याशी घोषित किया है। उसी प्रकार मोहनियां विधानसभा क्षेत्र से मिशनरी गायक ओम प्रकाश दीवाना को प्रत्याशी बनाया है सभी समुदायों के लोग जानते हैं कि ओमप्रकाश दिवाना बचपन से ही बसपा मुमेंट है। भभुआ विधानसभा एवं चैनपुर विधानसभा क्षेत्र समीकरण के अनुसार सीटें मिलने की सम्भावना है। केंद्रीय कार्डिनेटर रामजी गौतम, डॉ लालजी मेधाकर, केन्द्रीय बिहार प्रभारी अनिल कुमार पटेल, प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद महतो के मार्गदर्शन में बसपा बिहार में मजबूत हुई है। इन नेताओं द्वारा कमजोर प्रत्याशियों को अपने निजी खर्च देकर चुनाव लड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बसपा के लोकप्रियता के कारण पार्टी टिकट पाने के लिए पार्टी में शामिल होते हैं जब टिकट नहीं मिलने पर केन्द्रीय नेतृत्व पर रुपए लेकर टिकट देने का आरोप लगाते है ऐसे लोगों से बसपा मिशनरी सतर्क रहें।

# रोहतास जिले में पहली बार गतका खेल संगठन, खेलो इंडिया में मेडल लाना लक्ष्य





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी/ तिलौथू।** जिले में पहली बार पारंपरिक व लोकप्रिय खेल गतका का संगठन बनाया गया है। यह खेल एसजीएफआई से मान्यता प्राप्त है और खेलो इंडिया के तहत खेला जाता है। गतका से अब तक खेलो इंडिया में 9 मेडल आ चुके हैं। जिले में संगठन के अध्यक्ष शाकिर अहमद (सरैया) सचिव शालू सिंह (सासाराम) और कोषाध्यक्ष कम स्टेट कोच सुधाकर कुमार उर्फ रितेश मिश्रा (कोडर तिलौथू) बनाए गए हैं। सचिव शालू सिंह न केवल एक अच्छी खिलाड़ी हैं बल्कि एक कुशल कोच भी हैं। संगठन का उद्देश्य है कि गतका खेल को हर गांव और हर स्कूल तक पहुंचाना, बच्चों को इसके प्रति जागरूक करना और उन्हें बेहतर कोचिंग प्रदान करना। स्टेट कोच सुधाकर कुमार का कहना है कि- गतका सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि आत्मरक्षा का बेहतरीन माध्यम भी है। यह हमारे पारंपरिक खेलों में से एक है जो बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। हमारा लक्ष्य है कि रोहतास जिले के खिलाड़ी खेलो इंडिया में मेडल हासिल करे।

# चार अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल पुलिस की संयुक्त टीम ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 4 चोरी के मोबाइल फोन, ब्लेड और नगद 4000 बरामद हुए हैं जिसकी कुल कीमत लगभग 40,000 है। ये सभी पितृपक्ष मेला के कारण गया जंक्शन पर उमड़ रही भीड़ में यात्रियों के सामान चोरी करने के इरादे से आए थे जो बुधवार को ही पकड़े गए थे। इस टीम का नेतृत्व आरपीएफ के उपनिरीक्षक जावेद इकबाल कर रहे थे।साथ में सीआईबी की भी टीम शामिल थी।इन सभी से पूछताछ चल ही रही थी कि एक दो यात्री रेल थाना में आए थे जो अपने मोबाइल चोरी हो जाने की रपट लिखवाना चाहते थे जिसमें एक महिला का मोबाइल कानपुर स्टेशन के आसपास पर्स सहित चोरी हो गई थी जबकि एक युवक का मोबाइल गया जंक्शन पर पटना-गया ट्रेन से उतरने के वक्त चोरी हो गई थी।

# जीबीएम कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला के दूसरे दिन विचार गोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज गया में मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के तहत आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन गुरुवार को क्रियेटिंग होप थ्रू ऐक्शन विषय पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ सीमा पटेल, डॉ मीनाक्षी, डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ जया चौधरी, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ प्यारे मांझी, प्रीति शेखर, डॉ शुचि सिन्हा, डॉ प्रमिला कुमारी एवं डॉ सीता ने कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं ने किया।छात्रा प्रियंका, वैष्णवी, हर्षिता, लक्ष्मी, काजल, श्वेता एवं खुशी ने स्वागत गीत की सुमधुर प्रस्तुति के उपरांत लघु नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति द्वारा आत्महत्या न करने का दिया संदेश दिया।कार्यक्रम को संबोधित करती हुई प्रधानाचार्य डॉ सीमा पटेल ने कहा कि हमें विपरीत परिस्थितियों एवं जीवन की चुनौतियों का सामना हिम्मत के साथ करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को उलझन की स्थिति में टीचर्स से भी परामर्श तथा सहायता लेने की बात कही।छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघुनाटिका की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी को शुभकामनाएं दीं। वहीं एमयू से आमंत्रित वक्ता डॉ मीनाक्षी ने विषय पर बिंदुवार अपने विचार रखते हुए कॉलेज की छात्राओं द्वारा लघुनाटिका की प्रस्तुति को सराहनीय बताया।प्रश्नोत्तरी सत्र में उन्होंने छात्राओं के उलझनों का समाधान बताया।धन्यवाद ज्ञापन डॉ शुचि सिन्हा ने किया।कार्यक्रम में डॉ सहदेब बाउरी, डॉ अफशां सुरैया, डॉ पूजा, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ बनीता कुमारी, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ आशुतोश कुमार पांडेय, डॉ नुद्रतुन निसां, डॉ अफशां नाहिद, डॉ शबाना परवीन हुसैन, डॉ फातिमा, डॉ विजेता लाल, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ फातिमा, डॉ दीपिका आदि की भी उपस्थिति रही।

# पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से होकर चर्लपल्ली और सासाराम के बीच स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** दशहरा, दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने हेतु विशेष रेलगाड़ी संख्या 07021/07022 चर्लपल्ली-सासाराम-चर्लपल्ली त्योहार विशेष एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी सप्ताह में एक बार चलेगी। 11 सितंबर से 07021 हर गुरुवार को चर्लपल्ली से सासाराम के लिए और 12 सितंबर से 07022 हर शुक्रवार को सासाराम से चर्लपल्ली के लिए चलाई जाएगी। यह सेवा 11 सितम्बर 2025 से 21 नवम्बर 2025 तक कुल 11-11 ट्रिप्स के लिए उपलब्ध रहेगी।

ट्रेन संख्या 07021 चर्लपल्ली से सुबह 08:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर दोपहर 13:50 बजे पहुंचेगी जहां से यह 14:00 बजे रवाना होगी। इसके बाद यह भभुआ रोड पर 15:00/15:02 बजे पहुंचेगी और सासाराम पर शाम 16:00 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 07022 सासाराम से शाम 18:00 बजे प्रस्थान करेगी और भभुआ रोड पर 18:30/18:32, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर 20:00/20:10 तथा प्रयागराज छिवकी पर 21:40/21:45 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन तीसरे दिन सुबह 03:30 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 02 सामान्य, 12 स्लीपर क्लास , 04 एसी थर्ड टियर, 03 एसी सेकंड टियर तथा 01 एसी फर्स्ट क्लास कोच शामिल होंगे। अन्य प्रमुख स्टेशनों में जंगाओं, काजीपेट, पेद्दापल्ली, रामगुंडम, सिरपुर कागजनगर, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर तथा प्रयागराज छिवकी शामिल होंगे। वापसी में भी यही मार्ग रहेगा।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद**

**अति अल्पकालिन पुर्नः निविदा आमंत्रण सूचना संख्या E-ReTender–01/2025/ZPABAD**
**( e-tendering on website – eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांकः– 10.09.2025
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांकः–17.9.2025 से 21.09.2025 के 05. PM तक
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 22.09.2025 के 03.00 PM तक ( on website- eproc2.bihar.gov.in )
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 23.09.2025 के 10.00 AM के बाद ( on website- eproc2.bihar.gov.in )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड के निर्णय उपरान्त ( on website- eproc2.bihar.gov.in )
7. सभी शपथ पत्र एवं Existing commitment (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि/ समय एवं स्थान : दिनांक– एकरारनामा के पूर्व स्थान–(क) जिला परिषद कार्यालय, औरंगाबाद। कार्य का विवरण

**कार्य का विवरण**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य बीड प्रोसेसिंग की अप्रत्यर्पणीय (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online Payment) अप्रत्यर्पणीय | कार्य समाप्ति की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6th Finance | | | | | | | |
| 1 | कुटुम्बा प्रखण्ड के दुमुहान (सडसा) में भास्कर नगर में विवाह भवन निर्माण। | 9862968.00 | 197300.00 | 10000.00 | As per beltron | 09 month | |
| 2 | नबीनगर निरीक्षण गृह के अहाते में विवाह भवन निर्माण। | 9867518.00 | 197400.00 | 10000.00 | As per beltron | 09 month | |
| 3 | देव निरीक्षण गृह के अहाते में विवाह भवन निर्माण। | 9862968.00 | 197300.00 | 10000.00 | As per beltron | 09 month | |
| 4 | जिला अभियन्ता कक्ष के उपर जिला अभियन्ता कार्यालय भवन उपर नीचे बरामदा सहित एवं सिढी निर्माण कार्य। | 4749800.00 | 95000.00 | 5000.00 | As per beltron | 06 month | |
| 5 | देव प्रखण्ड अन्तर्गत जिला परिषद डाकबंगला भूमि पर विवाह भवन में किचेन एंव शौचालय निर्माण। | 2966000.00 | 59400.00 | 5000.00 | As per beltron | 04 month | |
| HSC (प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र) | | | | | | | |
| 6 | कुटुम्बा प्रखण्ड के ग्राम डिबर (पिपर) में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण। | 6655800.00 | 133200.00 | 10000.00 | As per Beltron | 09 months | |
| 7 | ओबरा प्रखण्ड के ग्राम महुआंव में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण। | 6559300.00 | 131200.00 | 10000.00 | As per Beltron | 09 months | |
| 8 | ओबरा प्रखण्ड के ग्राम तारा में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण। | 6539500.00 | 131000.00 | 10000.00 | As per Beltron | 09 months | |

1. विशेष जानकारी के लिए विभागीय वेवसाईट **eproc2.bihar.gov.in** अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देख जा सकता हैं। तथा मो0 1800 572 6571 एवं **eproc2.support@bihar.gov.in** पर सुबह 8.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता हैं।

**PR- 014399 ( B & C ) 2025-26**

**जिला अभियन्ता,**
**जिला परिषद, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## एक नजर

### शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के महुलियाटांड़ गांव में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक टेम्पू से लगभग 47 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह महुलियाटांड़ गांव के पास वाहन जांच के दौरान एएसआइ अशोक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने एक टेम्पू पर लदे 350 एमएल की 116 बोतल तथा 180 एमएल की 37 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। हालांकि इस दरम्यान धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने शराब समेत टेम्पू को जब्त कर कौआकोल थाना ले आई है। थानाध्यक्ष के अनुसार जब्त वाहन एवं शराब की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।

### 29 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 10 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 4, हत्या के प्रयास में 5, पोक्सो में 1, एडीपीएस में 01 एवं अन्य गिरफ्तारी 18 कुल 29 गिरफ्तारियां हुईं। शराब की बरामदगी अंतर्गत 1020 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-28 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 200 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि एक हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक अपहृता बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### पूर्व राज्यमंत्री की मनाई गई पुण्यतिथि

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के युगल गायत्री इंटर विद्यालय डोहड़ा के प्रांगण में गुरुवार को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार की अध्यक्षता में स्व० युगल किशोर सिंह यादव पूर्व राज्यमंत्री बिहार सरकार की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में अपनी यादों को साझा किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार, जवाहरलाल गुप्ता,दीपक कुमार, मुकेश कुमार, रवि रंजन कुमार, रमेश कुमार,निरज कुमार सिंह, प्रेमचन्द,मो. उस्मान, सूर्यप्रकाश, इन्दुजीत कुमार, गौरव कुमार, चंदन कुमार चंचल,उदय कुमार, जितेन्द्र कुमार, शिक्षिका-रागिनी कुमारी, प्रीतिका के साथ-साथ विद्यालय के सभी छात्रा छात्राएं शामिल हुए।

### समारोह आयोजित कर थानाध्यक्ष को दी गई विदाई

**पकरीबरावां।** धमौल थाना के थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू का स्थानांतरण गयाजी जिले में हो गया है। गुरुवार को थाना परिसर में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच इंदुजीत कुमार सिन्हा, ढोढ़ा मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, युवा सामाजिक कार्यकर्ता कौशल कुमार सिंह, बीरेंद्र गुप्ता, जयराम यादव, एसआई दिनेश पासवान, एएसआई सुनील भगत समेत कई लोग उपस्थित थे। सभी ने हिमांशु पप्पू के डेढ़ वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि वे कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार पुलिस अधिकारी रहे हैं। उनका कार्यकाल पूरी तरह बेदाग रहा। थाना के कर्मियों और आमजन से उनका व्यवहार सराहनीय रहा। आम जनता से समन्वय स्थापित कर उन्होंने बेहतर पुलिसिंग की मिसाल पेश की। थानाध्यक्ष को फूलमाला, अंगवस्त्र, डायरी, पेन आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि उनके जाने से लोगों को उनकी कमी खलेगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि धमौल क्षेत्रवासियों का उन्हें भरपूर सहयोग मिला। थाना के अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने भी हर कदम पर समर्थन किया। उन्होंने धमौल की जनता के प्यार और सम्मान के लिए आभार जताया। अपर थानाध्यक्ष इंद्रमल मांझी, एसआई बीरबल चौधरी, मुखिया रामरूप यादव, बेलखुंडा सरपंच यहिया अंसारी, सरपंच धर्मेंद्र यादव, मुंशी नीरज कुमार, चौकीदार जितेंद्र पासवान, अमित रजक, चंदन चलवाई आदि ने भी थानाध्यक्ष के कार्यक्रम की सराहना की।

### राष्ट्रीय लोक अदालत : लंबित वादों के शीघ्र निपटारे का सुनहरा अवसर

**नवादा।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा सुश्री शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में 13.09.2025 (शनिवार) को प्रातः 10:00 बजे से व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में निम्न प्रकार के सुलहनीय वादों जैसे– आपराधिक वाद, मनी रिकवरी वाद, दीवानी वाद, बैंक ऋण वाद, बीमा वाद, बिजली व जल वाद, विवाह संबंधी वाद, राजस्व वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भूमि अधिग्रहण, भरण-पोषण, टेलीफोन एवं श्रम वाद तथा अन्य दीवानी मुकदमे (जैसे किराया, सुखाधिकार) का निपटारा आपसी सुलह के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, को-ऑपरेटिव बैंक, यूनियन बैंक, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक, सहित बंधन बैंक, उत्कर्ष बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, आईडीबीआई तथा अन्य बैंकों से जुड़े ऋण वादों का भी निष्पादन किया जाएगा।अतः सभी वादकारियों एवं नागरिकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएँ और अपने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें।

### भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक

**नारदीगंज,नवादा।** नारदीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष सूरज पासवान ने की। वहीं दूसरी ओर भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ बबलू सिंह की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। वक्ताओं ने कहा 12 सितम्बर यानी आज शुक्रवार को गांधी इंटर विद्यालय नवादा के मैदान में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को भाग लेना है। वहां जाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है। 22 सितम्बर को प्रत्येक बूथ से वाहन खुलेगी। आप सभी बूथ पर पहुंचें, और इसी वाहन से नवादा में आयोजित सम्मेलन में शामिल होकर सफल बनाने में भूमिका निभाना है। सरकार के महत्वाकांक्षी योजना को आम लोगों तक पहुंचाने का दायित्व आप सभी के कंधों पर है। इसका भी ख्याल रखना है। पीएम नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस 17 सितम्बर को है। उनके जन्म दिन पर भी तैयारी शुरु कर दी गई है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े भी मानना है। इस पखवाड़े में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण, रक्तदान शिविर समेत अन्य गतिविधियों को आयोजित की जाएगी। मौके पर भाजपा के प्रखंड महामंत्री पूर्वी राजीव कुमार, अभय कुमार,जयमंगल चौहान, राकेश कुमार, दिलीप कुमार, गोविंद मांझी समेत अन्य शामिल रहे।

### इंटर विद्यालय में स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण शुरू

**पकरीबरावां।** बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव राम अकबाल शर्मा के निर्देशन में प्रखंड पकरीबरावां के इंटर विद्यालय पकरीबरावां में प्रवेश / प्रथम सोपान का छह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस दौरान जिला प्रशिक्षक राजीव कुमार ने बताया कि बच्चों की 10 टोली वैष्णवी, अनीशा, लवकुश, आयुष, मयंक, अश्वगना, काजल, पूजा बनाकर मानसिक, बौद्धिक चारित्रिक विकास के अलावा मार्च पास्ट, पिरामिड निर्माण, प्राथमिक सहायता नियम, प्रथम सोपान के गाठे आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवकुमार प्रसाद ने चेतना सत्र के समय विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, स्वावलंबन, समाज सेवा, देशभक्ति आदि सीखने को मिलेगा। कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त सभी गुण बच्चों को जीवन में सहायक होगा। इस बीच विद्यार्थियों ने एकल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने की शपथ ली। कहा गया कि हम हमलोग जब भी बाजार जाएंगे, अपने घर से कपड़े का थैला साथ में रखेंगे ताकि खरीदारी की हुई सामानों को घर लाने में सुविधा हो। प्रशिक्षण बुधवार को समाप्त की जाएगी। प्रशिक्षण का देख रेख राजेश पांडेय एवं नवीन कुमार कर रहे है। इस अवसर पर स्काउट प्रशिक्षक अरविंद कुमार, राजीव कुमार, विद्यालय के सुमंत कु सुमन, मो. सलामत अंसारी, मुनचुन कुमार, शारीरिक शिक्षिका मधुबाला, स्मिता भारती, सुगंधी कुमारी, बंटी प्रसाद, कुसुम कुमारी, अरविंद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार : नित्यानंद राय





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा/रजौली।** सप्तऋषियों की पावन भूमि इंटर विद्यालय रजौली में गुरुवार को एनडीए का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में जदयू-भाजपा के अलावे सभी सहयोगी दलों के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता और मंच संचालन का कार्य भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने उपस्थित जनसमूह से बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनाने का आह्वान किया साथ ही देश और बिहार के विकास में चलाए जा रहे केंद्र और राज्य सरकार की कई उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि आप लोगों को अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत है और कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार ने सुशासन, सुरक्षा के साथ बिहार के विकास के लिए संकल्पित है और लगातार बिहार विकास की ओर अग्रसर है। कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि वे गांव-गांव जाकर केंद्र और बिहार सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। साथ ही किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी का मुकाबला करें। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि देश का विकास एनडीए और बिहार के विकास के लिए भी एनडीए की सरकार जरूरी है। क्योंकि बिहार और बिहारियों की चिंता एनडीए की सरकार ही कर सकती है और एनडीए सरकार ने बिहार के गरीब गुरबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाकर बिहार को संवारने का कार्य किया है। आज बिहार के वृद्धजनों और दिव्यांगजनो को सम्मान देकर पेंशन की राशि को बढ़ाया है। इस लिए आप सभी लोगों से आग्रह है कि बिहार के विकास के लिए तत्पर एनडीए की सरकार को पुनः बनायें। ताकि बिहार के विकास का पहिया दुगुने रफ्तार से जारी रहे। वहीं नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं से नीतीश सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया और कहा कि बिहार की एनडीए की सरकार ने हमेशा समाज को एकजुट कर बिहार के विकास के नए गाथा लिखा है। इस दौरान विधानपार्षद अशोक यादव, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, हम जिलाध्यक्ष अशोक मांझी, आरएलएम जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी, मेसकौर मंडल प्रभारी अवधेश कुशवाहा, जिला प्रवक्ता रंजन कुमार बब्लू, अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, मंडल अध्यक्ष संतोष वर्मा, राजेश शर्मा, रामविलास वर्मा,पूनम कुमारी, अजय गुप्ता,अभिषेक कुमार,मंडल महामंत्री सुनील कुमार, मंच प्रभारी मनोज बरहपुरिया आदि मौजूद थे।

## नवादा में 475 ग्रामीण सड़कों व पुलों का होगा शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार को बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी का आगमन नवादा में हो रहा है। इस शुभागमन पर ग्रामीण कार्य मंत्री द्वारा नवादा जिला में करीब साढ़े पांच सौ करोड़ की लागत से लगभग 475 ग्रामीण सड़कों व पुलों का शिलान्यास और कार्यारंभ किया जाएगा। इसके निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों पर आवागमन सुगम हो जायेगा। विवेक ठाकुर ने ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण हेतु इतनी बड़ी सौगात के लिए समस्त नवादा वासियों के तरफ से मंत्री अशोक चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा यह अवसर हम समी के लिये विकास और सकारात्मक बदलाव की एक नई शुरूआत है। नवादा जिले में सड़कों और पुलों के बदलाव की एक नई शुरूआत है। यह कार्य सिर्फ निर्माण नहीं है, बल्कि एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्शर नवादा की नींव रख रहा है।

## हथियारबंद बदमाशों ने एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र से लूटे 2.60 लाख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिलसा (नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में गुरुवार को दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से 2 लाख 60 हजार रुपये लूट लिए। इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे तीन बदमाश एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे। उनमें से दो नकाबपोश बदमाश केंद्र के अंदर घुस गए, जबकि तीसरा बाहर बाइक पर ही खड़ा रहा। अंदर घुसे बदमाशों ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक संदीप पटेल को हथियार के बल पर धमकाया और दराज में रखे नकदी पर हाथ साफ कर लिया। घटना के बाद भागते समय बदमाशों ने केंद्र का शटर बाहर से बंद कर दिया और आराम से बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी तब हुई जब संचालक संदीप पटेल ने शटर खोलकर शोर मचाया, लेकिन तब तक अपराधी काफी दूर निकल चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही नगरनौसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना अध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस टीम गठित कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी गई है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 27 परीक्षा केन्द्रों पर 12,168 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर नवादा जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी कर ली है। परीक्षा के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए गुरुवार को डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें सभी केन्द्राधीक्षक, सुपर जोनल-सह-उड़नदस्ता दल, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा 13 सितंबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एकल पाली में होगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9:30 से 11 बजे तक ही प्रवेश मिलेगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा के दौरान निष्पक्षता और अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने-अपने केन्द्र का निरीक्षण कर घड़ी, बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

**सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद**

पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर पारदर्शी फ्रिस्किंग की व्यवस्था होगी। सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, वाई-फाई, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक पेन आदि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा में 27 केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 25 केन्द्र जिला मुख्यालय पर तथा 2 केन्द्र हिसुआ में स्थित हैं। कुल 12,168 परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। सुरक्षा प्रबंध के लिए प्रत्येक केन्द्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा 14 जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दल और 5 सुपर जोनल-सह-उड़नदस्ता दल (सशस्त्र बल के साथ) भी तैनात किए जाएंगे।

**निगरानी और नियंत्रण व्यवस्था**

परीक्षा संचालन के लिए समाहरणालय नवादा में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है (दूरभाष संख्या-06324-212261)। इसका वरीय प्रभार निरूपमा शंकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) को सौंपा गया है जबकि प्रभारी पदाधिकारी सुजीत कुमार त्रिपाठी (पु.अ.नि.) होंगे। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि केवल प्रवेश पत्रधारी परीक्षार्थी ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश करेंगे। परीक्षा शुरू होने के बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा और समाप्ति से पूर्व कोई परीक्षार्थी बाहर नहीं जा सकेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीसीएलआर नवादा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और केन्द्राधीक्षक उपस्थित थे।

## जनसंघ काल से राष्ट्रनिर्माण में जुटे लोगों से नित्यानंद राय ने लिया आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** नवादा पहुंचने पर केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जनसंघ काल से राष्ट्र निर्माण और जनसेवा में योगदान देने वाले बद्री नारायण गुप्ता, डॉ शत्रुघ्न प्रसाद, श्याम देव, सावित्री शर्मा से नवादा स्थित उनके आवास पर सप्रेम भेंट कर आशीर्वाद लिया। नित्यानंद राय ने कहा कि जनसंघ से जुड़े कार्यकर्त्ता से मिलना एक सुखद और प्रेरणा देने वाला अनुभव है। ये मेरे लिए एक भावुक पल है। आज भी संगठन विस्तार में इन लोगों का मार्गदर्शन एवं सक्रियता अति महत्वपूर्ण है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, विधानपार्षद अशोक यादव, जिला महामंत्री नन्दकिशोर चौरसिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, नवीन केसरी, संजय कुमार मुन्ना, रंजीत यादव, अजित यादव, रवि गुप्ता आदि उपस्थित थे। इससे पहले केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय जन संघ के विधायक रहे गौरी शंकर केसरी के आवास पर पहुंचकर पुराने साथी नवीन केसरी से मुलाकात की और उनके साथ नाश्ता किया। उन्होंने कहा कि यह घर हमारे पुराने समय से है। संघर्ष के दिनों से है इसलिए मैं इस घर को नहीं भूल सकता। यहां की मिट्टी से मैं हमेशा से जुड़ा रहा हूं।

## शक्ति केंद्र पर गृह राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ नवादा में की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा विधानसभा के नवादा नगर दक्षिणी मंडल के स्व. पं. दीनदयाल उपाध्याय शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 361, 362 व 363 की बैठक में गुरुवार को मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह,जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, निर्वतमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह, वरिष्ठ नेता नविन केशरी उपस्थित हुए। नित्यानंद रॉय ने बैठक में मुख्य रूप से शक्ति केंद्र विस्तार और पन्ना प्रमुख बनाने पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री के जनहित में चलाए जा रहे योजनाओं की समीक्षा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर पहुंचाने के लिए हर जगह समान विचारधारा के लोगों की सक्रियता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आवश्यक बताया।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के कपसियावां गांव में गुरुवार को 19 वर्षीया महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान मानपुर थाना क्षेत्र के तिउरू गांव निवासी देवराज पंडित की पत्नी निभा कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दो वर्ष पूर्व कपसियावां निवासी स्व. प्रमोद पंडित की पुत्री निभा की शादी हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार देवराज पंडित से हुई थी। विवाह के समय नगद व गहनों सहित लाखों का दहेज दिया गया था। शादी के बाद निभा ने एक पुत्र को जन्म दिया, जो वर्तमान में नौ माह का है। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। रकम पूरी न करने पर निभा को लगातार प्रताड़ित और मारपीट किया जाता था। बीते 20 अगस्त को भी उसे बुरी तरह पीटा गया, जिसके बाद वह बेहोशी की हालत में मिली। परिजन उसे तत्काल मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ ले गए, जहां से स्थिति गंभीर होने पर पटना रेफर कर दिया गया था। कुछ दिनों इलाज के बाद सुधार होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई और मायके वाले निभा को अपने गांव कपसियावां ले आए, जहां उसका इलाज चल रहा था। इसी दौरान गुरुवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मृतका के मायके वालों की शिकायत पर पूर्व में मानपुर थाना में मारपीट का मामला दर्ज है। अब नए सिरे से जांच शुरू की गई है और दहेज हत्या की आशंका को लेकर पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

## ब्रिलिएंट कान्वेंट में शिक्षकों एवं अभिभावकों के सम्मान में कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ब्रिलिएंट कान्वेंट विद्यालय के सभागार में गुरुवार को शिक्षकों एवं अभिभावकों के सम्मान में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य था कि नई पीढ़ी कैसे अपने गुरुजनों और बड़ों का सम्मान करते हुए उनसे प्रेरणा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़े। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। इसमें संगीत, नृत्य, नाटक और हास्य-व्यंग्य से भरपूर प्रस्तुतियों ने बच्चों और अभिभावकों को खूब मनोरंजन किया। आमतौर पर ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चे मंच पर प्रतिभा दिखाते हैं, लेकिन इस बार शिक्षकों ने मंच संभाला। शिक्षकों का यह अनोखा रूप देखकर बच्चे उत्साहित हो उठे और पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशि भूषण कुमार ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों के लिए सबसे बड़ा उपहार यही है कि वे अच्छे संस्कार ग्रहण करें, पढ़ाई में निपुण बनें और अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा बड़ों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि बच्चे खुश रहकर दूसरों को खुश रखें, यही सबसे बड़ी खुशी शिक्षकों और अभिभावकों के लिए है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक धनंजय कुमार और प्राचार्या पुष्पलता विद्यार्थी ने शिक्षकों को सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र और उपहार प्रदान किए। डॉ. शशि भूषण ने घोषणा की कि आने वाले दिसंबर माह में विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चे अपने विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें रंजय सिंह, पवन कुमार, विजय कुमार, किशोर पांडे, सतीश कुमार पांडे, अभिषेक कुमार, राजकुमार सिंह, राजकिशोर सिंह, अमित कुमार, आनंद कुमार, गांगुली, मिथिलेश कुमार, नाजिया खान, मिलन रानी, स्वाती, सीमा, रौनक, दुरक्षा, चंपा, हिना, सृष्टि एवं दीपू मैम प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

## राजद नेत्री डॉ. आयशा फातिमा ने विकास को बताया प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में राजद नेत्री डॉ. आयशा फातिमा ने गुरुवार को बिहारशरीफ के मोगलकुआं बॉलीपर वार्ड संख्या 18 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। डॉ. फातिमा ने कहा कि बिहारशरीफ की धरती शिक्षा, व्यापार और संस्कृति की पहचान रही है, लेकिन यहां की जनता अब भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो वे क्षेत्र में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को अपनी प्राथमिकता बनाएंगी। जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए और बदलाव की जरूरत पर जोर दिया। समाजसेवी यासिर इमाम ने कहा कि तेजस्वी यादव के विजन के अनुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अपील की कि जनता तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत कर नया बिहार बनाने में सहयोग करे। इस मौके पर वार्ड पार्षद पप्पु खान, स्थानीय नेता कुणाल तांती, चुन्नू कुमार, सोनू कुमार, सनी कुमार, मोहम्मद सदीक अजहर, रवि कुमार, बंटी गोप, चंगेज खान, रोहित कुमार, माया कुमारी, एलिश कुमारी, सूरज कुमार, भत्तु कुमार, फेकन कुमार और शिशुपाल तांती सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## राजस्व महाअभियान को लेकर 20 सितम्बर को कौआकोल अंचल मुख्यालय में लगेगा विशेष शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** कौआकोल अंचल मुख्यालय में राजस्व महाभियान के तहत 20 सितम्बर को अतिरिक्त विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। कौआकोल सीओ मनीष कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कौआकोल अंचल अंतर्गत सभी पंचायतों में तिथि घोषित कर शिविर आयोजित किया जा रहा है। परंतु कई पंचायतों में कुछ रैयतों द्वारा आवेदन निर्धारित तिथि को शिविर में जमा नहीं किया जा सका है। इसके लिए उपरोक्त पंचायत के भूस्वामियों के लिए पूर्व से निर्धारित तिथि में घोषित शिविर के अतिरिक्त 20 सितम्बर को कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कौआकोल अंचल के सभी आवेदकों का आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। सीओ ने बताया कि शिविर से संबंधित पूर्व के सभी आदेश यथावत रहेंगे। उन्होंने बताया कि राजस्व महाअभियान की अंतिम तिथि 20 सितंबर है। पंचायत में लगने वाले विशेष राजस्व शिविर में आम रैयत जमाबंदी में अपना नाम, खाता, खेसरा, रकवा एवं लगान की अशुद्धियों की सुधार के लिए प्रपत्र भरकर शिविर में जमा कर सकते है। उन्होंने कहा कि जमाबंदी रैयत की मृत्यु के उपरांत उत्तराधिकारियों के नाम से वंशावली के आधार पर जमाबंदी के सृजन हेतु भी शिविर में प्रपत्र लिया जा रहा है। संयुक्त जमाबंदी के आपसी सहमति या रजिस्टर्ड या कोर्ट द्वारा बंटवारे के आधार पर हिस्सेदारों के नाम से अलग-अलग जमाबंदी हेतु भी प्रपत्र शिविर में जमा किया जा सकता है।

### प्रखंड की कई पंचायतो में लगाया गया शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** बृहस्पतिवार के दिन राजस्व महा-अभियान के तहत जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के कई पंचायतो में शिविर लगाया गया और लोगो से आवेदन ली गई। बता दें कि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा जमीन के रिकॉर्ड में अशुद्धियों के सुधार में तेजी लाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसे राजस्व महा-अभियान का नाम दिया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर भूमि के दस्तावेजों में अशुद्धियों को दुरुस्त करने का दस्तावेज अंचल के कर्मियों द्वारा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार के दिन मखदुमपुर प्रखंड के कई गांव में राजस्व महा-अभियान का शिविर लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत मखदुमपुर में सिविल लगाया गया जहां 637 फॉर्म लिए गए, मकरपुर पंचायत में लगाए गए शिविर में 307 फॉर्म प्राप्त किए गए, सुगाँव पंचायत में 260, तथा मलाठी पंचायत में 282 फार्म लिए गए। मौके पर राजस्व कर्मचारी,सीएससी के ऑपरेटर, स्थानीय मुखिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिग./2025/19, दानापुर, दि. 08.09.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:–

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल अंतर्गत ARA यार्ड में डीसी ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) का प्रावधान।, **2. अनुमानित लागत :** रूपये 35232953.10, **3. बयाना राशि :** रुपये 326200.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 01.10.2025 को 15.00 बजे तक।, **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 01.10.2025 को 15.00 बजे।, **6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in** **7.** कार्यालय का पता, जहाँ से निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।, **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

**म.सं. एवं दूर सं. अभियंता,**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/0921/डीएनआर/एसएण्डटी/टी/25–26/36

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं0– टीआरएस–जी–टी–ओपीएन–03–आरएसपी–25–26, दिनांक– 08–09–2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित, अनुभवी ठेकेदारों/ प्रतिष्ठानों जो इस प्रकार के कार्य का अनुभव रखते हों, से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा सं० एवं कार्य का विवरण, स्थान सहित :** ओवरहॉलिंग/ रिवाइंडिंग ऑफ औक्सिलियरी मोटर ऑफ कांवेंसनल लोकोमोटिव्स। फर्म की कार्यशाला। **2. अनुमानित लागत :** रु. 1,52,84,731.74, **3. धरोहर राशि : रु.** 2,26,400.00, **4.** निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.10.2025 समय 13:00 बजे तक, दिनांक– 06.10.2025 समय 15:00 बजे, **5.** वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरणका जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। : वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी०/ कचस्टा विद्युत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

**कृते मंडल रेल प्रबंधक/कचस्टा**
**पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/0924/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/25–26/36

### डीएम पहुंचे प्रेतशिला, 776 सीढ़ियां चढ़कर सुविधाओं का लिया जायजा

# पहाड़ की चोटी पर व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से प्रारंभ है। हर दिन लाखों लाख की संख्या में तीर्थयात्री अपने पूर्वजों की तर्पण गयाजी के विभिन्न वेदी स्थलों पर कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रेतशिला वेदी स्थल पर अत्यधिक भीड़ होने की सूचना प्राप्त होते ही डीएम शशांक शुभंकर स्वयं पहुंचकर भीड़ प्रबंधन का जायजा लेने लगे। प्रेतशिला के ऊपर जाने वाली सीढ़ियों पर भीड़ यात्रियों की देखी गयी। डीएम स्वयं 776 सीढ़ियों को चढ़ते हुए तीर्थयात्रियों को कतार में लगाने लगे, ताकि सीढ़ी चढ़ने वाले यात्री और सीढ़ी से उतरने वाली यात्रियों को किसी प्रकार का कोई समस्या नहीं हो सके। चूंकि प्रेतशिला में 776 सीढ़ी है, सभी सीढियां पूरी तरह खड़ी रूप में हैं।

डीएम ने प्रेतशिला के ऊपरी चोटी पर पहुंच कर यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को देखा और निर्देश दिया कि सीढ़ियां की संख्या काफी ज्यादा है बावजूद लोग पिंडदान करने ऊपर चोटी पर आते हैं, उनकी व्यवस्था में कोई कमी नहीं रखे, पानी टॉयलेट की पूरी व्यवस्था रखें। पानी सप्लाई बंद बिल्कुल नहीं हो, टॉयलेट की सफाई लगातार हो, इसे सुनिश्चित करें। साथ ही पहाड़ के चोटी पर एक नोडल पदाधिकारी लगाया गया है, जो पूरी व्यवस्था को निगरानी कर रहे हैं। साथ ही प्रेतशिला के नीचे सीढ़ी पर नगर बीडीओ को लगाया गया है, जो केवल भीड़ प्रबंधन को देख रहे हैं। इसके अलावा प्रेतशिला वेदी के सम्पूर्ण प्रभार में जोनल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लगातार भीड़ पर नजर रखे। भीड़ कही भी स्थिर नहीं हो, भीड़ लगातार मूवमेंट करते रहे, इसे देखते रहें। डीएम ने पहाड़ की चोटी पर लगाए गए यात्रियों की सुविधा के लिए नल का टैप में पानी का प्रवाह, टॉयलेट में पानी का प्रवाह, टॉयलेट की सफाई, यात्रियों के लिए पीने योग्य पानी की व्यवस्था, बिजली पंखा कूलर, शेड इत्यादि का घूम-घूम कर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निर्देश दिया है कि पहाड़ के चोटी पर व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे। सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए। इसके पूर्व सुबह से ही डीएम द्वारा अनेको पिंड वेदियों में यात्रियों के भीड़ प्रबंधन का भी निरीक्षण किया गया जिसमें मुख्य रूप से देवघाट, शमशान घाट, गया जी डैम, सीता कुंड, विष्णुपद मंदिर प्रांगण, सोलह वेदी स्थल, ब्रह्म सरोवर, रामशिला वेदी स्थल का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शेड, पंखा, टॉयलेट सफाई आदि का निरीक्षण किया गया।

## बिजली चोरी मामले में मुकदमा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो लोगों पर कार्रवाई करते हुए उन पर मुकदमा दर्ज कर जुर्माना लगाया है। थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि बिजली विभाग की टीम के सहयोग से जांच अभियान चलाया गया जिसमें बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। जानकारी के अनुसार कदवा गांव निवासी कृष्णा पासवान को बिजली चोरी का दोषी पाए जाने पर विभाग ने 21,110 रुपये का फाइन लगाया है। वहीं, बहेलिया बीघा के निवासी फुलकेश्वर यादव पर 7,202 रुपये का फाइन ठोका गया है।

# स्वच्छता से बड़ा कोई धर्म नहीं : डॉ एस पी शाही

### मगध विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत स्टूडेंट इनफॉरमेशन सेंटर पार्क में हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति डॉ एस पी शाही ने झाड़ू लगाकर श्रमदान के साथ किया। इसका आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और आईक्यूएसी मगध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रोफेसर बृजराज कुमार सिन्हा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर बृजेश कुमार राय, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर मुकेश कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सिद्धनाथ प्रसाद दीन, प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार रंजन, डॉ. परम प्रकाश राय, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. ममता मेहरा, डॉ. कविता कुमारी समेत कई शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए। सभी ने परिसर की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि स्वच्छता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर आम नागरिक तक इस अभियान में योगदान दे रहे हैं ताकि भारत को विश्व गुरु बनाया जा सके। छात्र कल्याण अधिष्ठाता ने अपने संबोधन में पार्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। एनएसएस समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार ने बताया कि यह अभियान लगातार 15 दिनों तक विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न पार्कों में चलाया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से इसमें भाग लेने की अपील की और कहा कि मिलकर ल्लस्वच्छ कैंपस -सुंदर कैंपस बनाया जा सकता है। श्रमदान में विद्यार्थियों संतोष कुमार सोनू, गुलशन कुमार, प्रकाश कुमार, सुजीत कुमार, राकेश कुमार, प्रेम प्रकाश सहित अन्य छात्रों ने सक्रिय योगदान दिया।

## दौलतपुर विद्यालय में तालाबंदी के बाद बीईओ ने मांगा प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के केर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर उतरी में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन ने विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक नवीन कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की है। पत्र में कई बिंदुओं पर जवाब देने को कहा गया है जिसमें विगत चार वर्षों में शिक्षा समिति की बैठक नहीं बुलाना, मध्यान्ह भोजन में मौसमी फल व अंडा का वितरण नहीं करना, विद्यालय में अनाधिकृत व्यक्ति को रखना और नव पदस्थापित शिक्षिका मेनका कुमारी को आदेश के बावजूद प्रभार नहीं सौंपना शामिल है। गौरतलब है कि बुधवार को ग्रामीणों ने विद्यालय में कथित अनियमितताओं और धीरेन्द्र कुमार नामक व्यक्ति को अवैध रूप से शिक्षक पद देने के आरोप में विद्यालय का मुख्य द्वार बंद कर तालाबंदी कर दी थी। मौके पर पहुंचे मुखिया शशि कुमार ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस घटनाक्रम के बाद बीईओ ने प्रधानाध्यापक से लिखित रूप में जवाब तलब किया है।

## एमयू दर्शनशास्त्र विभाग में विनोबा भावे की जयंती पर कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक विनोबा भावे की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 'विनोबा भावे के दर्शन के प्रकाश में संस्कृति और धर्म' विषय पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापिका डॉ. प्रियंका तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि जी.बी.एम. कॉलेज, गया की सहायक प्राचार्य डॉ. पूजा राय ने विनोबा भावे के सामाजिक और दार्शनिक योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विनोबा जी ने भारतीय संस्कृति और धर्म की गहरी व्याख्या प्रस्तुत की जिससे समाज में नैतिकता, अहिंसा और आत्मानुशासन का प्रसार हुआ। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण के लिए मार्गदर्शक हैं। अध्यक्षीय संबोधन में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद अंजुम ने विनोबा भावे के दर्शन पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उनका दर्शन आज के समाज को नैतिक और आध्यात्मिक दिशा देता है। धन्यवाद ज्ञापन सहायक अध्यापक डॉ. राम नारायण मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश राय, पाली विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सहित शोधार्थी और विद्यार्थी कुमार सौरभ, मो. तफसीर आलम, सूरज कुमार, नंदनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, भीम महाराज, अनूज कुमार और रवि रंजन उपस्थित रहे।

## बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार को मिला आर्थिक सहयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** बीते 9 सितंबर को कोंच प्रखंड के पड़रावां मठियापर गांव निवासी रामबली यादव के 25 वर्षीय पुत्र ललेश यादव की मौत खेत में फसल देखने के दौरान बिजली तार की चपेट में आने से हो गई। अहले सुबह खेत गए ललेश को तत्काल कोई सहायता नहीं मिल सकी जिसके कारण घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करने निकले, तब खेत में शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पीछे दो छोटे-छोटे बच्चे रह गए हैं। परिजनों की बदहाली देख ग्रामीण भावुक हो उठे। बुधवार की शाम टेकारी विधानसभा के संभावित कांग्रेस प्रत्याशी सह समाजसेवी अजय यादव ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया और बच्चों की पढ़ाई में यथासंभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान समाजसेवी मंटू यादव, रवि बाबू, संजय महतो, गिरिजी, रंजीत, रजनीश, अखिलेश दास, सुमित चंद्रवंशी, अमन चंद्रवंशी, विकास समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## ऑटो चालकों ने ढाई घंटे तक रखा सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** ऑटो चालकों के साथ मारपीट व गाली गलौज को लेकर कुछ ऑटो चालकों ने गुरूवार को बड़ही बिगहा से लेकर तरवां निकट कई जगह सड़क को बाधित कर जाम कर दिया। वे एक ऑटो चालक से मारपीट को लेकर आक्रोशित थे तथा पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे थे।ऑटो चालकों ने सड़क को लगभग ढाई घंटे तक जाम रखा, जिससे लम्बी दूरी तक गाड़ियां खड़ी रही तथा यात्री हलकान रहे। थानाध्यक्ष ने काफी मशक्कत के बाद ऑटो चालकों को त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देकर सड़क से हटाया, जिसके बाद आवागमन को सामान्य किया जा सका।

## एक नजर

### दुकान में सेंधमारी कर कीमती उपकरण की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला गोपालपुर के पास का है जहां शेरघाटी चट्टी पर निवासी मनोज विश्वकर्मा की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने दुकान का दीवार तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां रखे तांबे के तार, मोटर समेत अन्य महंगे उपकरणों को चोरी कर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने शेरघाटी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले जांच में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की पड़ताल की जा रही है। ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। आए दिन घरों और दुकानों को निशाना बनाया जा रहा है जिससे लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की है। पीड़ित मनोज विश्वकर्मा ने कहा कि चोरी से उनका भारी नुकसान हुआ है।

### जीविका योजना में भेदभाव, महिलाएं सड़क पर प्रदर्शन को तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी ग्रामीण।** प्रखंड के ढाब चिड़ैया पंचायत में कुसली गांव की महिलाओं ने अपनी आवाज बुलंद की है। स्थानीय महिलाओं का आरोप है कि जीविका समूह से उनके नाम जानबूझकर हटाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि सीएम द्वारा संचालित यह योजना गरीब महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए है, लेकिन यहां भेदभाव की वजह से असल लाभार्थी वंचित हो रहे हैं। कुशी गांव के सुषमा देवी, विना देवी, चिंता देवी, सुशील देवी और ललिता देवी समेत दर्जनों महिलाओं ने गुरुवार को दोपहर दो बजे प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ से शिकायत की, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द उनके नाम सूची में नहीं जोड़े गए तो वे प्रखंड मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेंगी।

### विदाई समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा के तबादला पर गुरुवार को थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। थाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिसकर्मियों के साथ साथ क्षेत्र के सामाजिक लोगों ने थानाध्यक्ष श्री शर्मा को सम्मानित किया। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासकीय नियम की यह बाध्यता है कि अच्छे पुलिस पदाधिकारी हम सबों से दूर रहे। क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग का जिम्मा श्री शर्मा ने बखूबी निभाया। वहीं संडा पंचायत के मुखिया रामजी शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण करने में श्री शर्मा का अहम योगदान रहा है। श्री शर्मा पुलिसिंग के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सदैव बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते रहे हैं। अपनी एक अलग पहचान बनाने में श्री शर्मा सफल साबित हुए। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी श्री शर्मा के कार्यकाल की सराहना की।

### कार-टोटो में टक्कर, चार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी पंचानपुर मुख्य पथ पर सिंघापुर के समीप विश्वकर्मा मंदिर के पास तेज गति कार ने टोटो में टक्कर मार दी। घटना गुरुवार की देर शाम घटित हुई। घटना में टोटो पर सवार चार लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पंचानपुर से टिकारी की तरफ आ रही टोटो को पीछे की तरफ से तेज गति से आ रही वैगन आर (जीजे06डीबी5239) ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से चारपहिया वाहन सड़क किनारे पलटी खा गई जहां खड़े पोल से टकरा गई। पोल टूट कर वाहन के ऊपर गिर गया। वहीं टोटो सवार लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को गया अस्पताल भेजा गया। वहीं कार पर सवार युवक-युवती वाहन से उतर फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी ली। वाहन सवार की पहचान की जा रही है।

### इलेक्ट्रिक दुकान से चोरों ने एक लाख का सामान उड़ाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रेंगना गांव में संचालित मंटू इलेक्ट्रिक दुकान में बीते बुधवार की देर रात चोरी हो गई जब गुरूवार की सुबह दुकानदार ने आकर दुकान खोला तो चोरी की बात पता चली। पीड़ित दुकानदार मंटू ने बताया कि दुकान के पीछे सीढ़ी लगाकर खिड़की में लगा ईंट चोरों ने निकाल लिया और दुकान में रखे नये मोटर, पंखा, तार आदि सामान चुरा लिये गये हैं। लगभग एक लाख सेअधिक का सामान चोरी हुआ है। पीड़ित ने बताया कि गुरूवार की संध्या पहर चोरी किया गया पांच बंडल तार ईंट भट्ठा के निकट झाड़ी में फेंका हुआ मिला है।

## संत बिनोवा भावे की जयंती मनाई गई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** खादी ग्रामोद्योग समिति के प्रधान कार्यालय गया में गुरुवार को संत बिनोवा भावे की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मगध प्रमंडल के सभी प्रखंड स्तर के खादी भंडार के समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा बिनोवा भावे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। समारोह की अध्यक्षता संस्था के अंकेक्षक परामर्शी अखिलेश कुमार ने किया। इस मौके पर संस्था के मंत्री सुनील कुमार ने बिनोवा भावे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर उन्होंने बिनोवा भावे द्वारा किए गए मानव सेवा सामाजिक रचनात्मक कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा किया। कहा कि उनकी शिक्षा व दर्शन हम सभी को मार्ग दिखाते रहेंगे। मंत्री ने कहा कि इस वर्ष संत बिनोवा भावे जयंती के अवसर पर मगध प्रमंडल के सभी खादी भंडारों में खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत डिस्काउंट मिलना शुरू हो गया है। बताया कि यह छूट सभी प्रकार के खादी वस्त्रों, सूती, रेशमी, ऊनी एवं पोली वस्त्रों पर दिया जा रहा है। इस मौके पर व्यवस्थापक उदय शंकर शर्मा, सुरेश सिंह, हरि सिंह, रत्नाकर प्रसाद सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, सुनीता देवी सहित मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की जानकारी को लेकर निकाला गया जागरुकता प्रचार वाहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए जीविका महिला ग्राम संगठनों के माध्यम से आवेदन लिया गया जा रहा है। इसका आवेदन निःशुल्क है। आवेदन प्राप्ति एवं जांच के उपरांत मनचाहे रोजगार हेतु महिलाओं को उनके खाते में सीधे दस हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा। आगे इस रोजगार के आकलन के पश्चात आवश्यकता अनुसार दो लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता का प्रबधान किया गया है। राज्य सरकार द्वारा से 7 सितंबर को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया है। जीविका डीपीएम आचार्य मम्मट ने जनाकारी दी कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को रोजगार के लिए आर्थिक लाभ दिया जाएगा। योजना की जानकारी एवं आवेदन के लिए प्रत्येक ग्राम संगठन की विशेष बैठक आयोजित की जा रही है। जागरूकता वाहन के माध्यम से गया जिले के गयारह प्रखंडों में योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसमें (क्रमशः आमस, बोधगया, डोभी, बाराचट्टी, डुमरिया, फतेहपुर, गया टाउन, गुरारू, खिजरसराय, कोच एवं वजीरगंज) में जागरूकता वाहन संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही सभी ग्राम संगठनों में आवेदन भरने के लिए प्रपत्र उपलब्ध कराया गया है जो महिला पहले से जीविका समूह से नहीं जुड़ी हैं, उन्हें समूह से जोड़ कर इस योजना का लाभ दिया जाएगा। जीविका स्वयं समूह में जुड़ने के लिए भी जीविका के द्वारा प्रपत्र उपलब्ध कराया गया है। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा जीविका के माध्यम से इस योजना का कार्य किया जा है।

## लॉकेट खरीदने की बात कह लाखों के जेवर लेकर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** थाना क्षेत्र स्थित जेवर दुकान में चोरों ने लॉकेट खरीदने की बात कह लाखों रुपये के जेवर लेकर फरार हो गये। घटना फत्तू मस्जिद के समीप स्थित जेवर ज्वेलर्स दुकान में घटित हुई। स्वर्ण व्यवसायी राजकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि गुरुवार को दो व्यक्ति ग्राहक बन दुकान पर आये व सोने की लॉकेट खरीदने की बात कही। तिजोरी से लॉकेट निकाल ही रहा था इसी क्रम में दोनों व्यक्ति काउंटर के समीप रखा जेवर का डब्बा रख लिये। ग्राहक बन कर आये दोनों चोर लॉकेट बिना खरीदे लौट गये। इस दौरान व्यवसायी को जेवर का डब्बा चोरी हो जाने की भनक तक न लगी।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि विभाग)**
**कार्यालय :- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**
**पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राज्य में Digital Crop Survey (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) कराया जा रहा है, जिसके लिए सर्वेक्षणकर्ता आपके प्लॉट पर जा कर Online Longitude Latitude के अनुसार आपके प्लॉट का सर्वे/सर्वेक्षण करेंगे। अनुरोध है कि आप सभी लोग सर्वेयर के कार्यों में सहयोग कर इस कार्य को सफल बनायेंगे।

सभी जनप्रतिनिधियों से निवेदन है कि अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराकर किसानों को जागरूक करने एवं इस कार्य को सफल बनाने में महती कृपा करेंगे।

अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 361617 Agriculture(25-26).D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(चोरी की गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–294/25 दिनांक–01.07.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JH03AN2828 एवं इंजन नं0–HA11E8RHA57574 एवं चेचिस नं0– MBLHAW228RHA90260 का दिनांक–27.06.2025 को चोरी हो जाने के संबंध में कांड दर्ज किया गया है। उक्त चोरी की गई मोटरसाईकिल का काफी खोजबीन किया गया परन्तु उक्त वाहन की बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 361678 Police(25-26).D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, रांची**
**कार्यालय – जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**

**गढ़वा जिला के किसान भाईयों/बहनों के लिए आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिला के सभी किसान भाईयों/बहनों को सूचित करना है कि श्री अन्न (मिलेट फसल) योजना को बढ़ावा देने हेतु राज्य में झारखण्ड मिलेट मिशन योजना कार्यन्वित किया जा रहा है। योजना के तहत् जिले में मिलेट फसलों की खेती करने वाले सभी किसानों को प्रति एकड़ 3000 रू0 (एक किसान को अधिकतम 5 एकड़ तक) की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक किसान अपने नजदीकी **प्रज्ञा केन्द्र** पर जा कर अपना पंजीकरण करवा सकते है।

**किसानों के लिए पात्रता मानदंड :–**

- वैसे किसान जो अपने खेत में मिलेट की खेती कर रहे हो।
- जो किसान पटटे की भूमि पर मिलेट की खेती कर रहे हो।
- किसान झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हो।
- किसान के पास वैद्य आधार नम्बर हो।
- किसान के पास वैद्य मोबाईल नम्बर हों
- किसान के पास वैद्य बैंक पासबुक हो।
- न्यूनतम 10 डिसमिल से 5 एकड़ भूमि में मिलेट की खेती करने वाले किसान।

**किसानों पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज :–**

1. भूमि दस्तावेज।
2. मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली।
3. आधार कार्ड।
4. बैंक का पासबुक।
5. बटाईदार के मामले में भूमि मालिक का अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र पर जाकर 30 सितम्बर 2025 से पहले योजना के पोर्टल https://jhmm.jharkhand.gov.in पर आवेदन कर सकते है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 361620 Agriculture(25-26)#D

संपादकीय

# अब यूरोप के जरिए दबाने की चाल

भारी टैरिफ आयद कर भारत को झुकाने में नाकाम रहा अमेरिका अब यूरोपीय देशो के जरिए भारत को दबाने की फिराक में है। यूरोपीय देश इसे कितना मानते हैं, यह देखने की बात है। अमेरिका की कोशिश है कि भारत की गर्दन दबोचने के लिए यूरोपियन यूनियन को साथ लिया जाए और भारत की मुश्किलें बढ़ाई जाएं। अमेरिका की इन कोशिशों को वहां के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के बयान के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। जिसमें स्कॉट ने कहा है कि रूस से तेल ख़रीदने वाले देशों के खिलाफ़ और सख़्ती की की जरूरत है। बेसेंट ने कहा कि अगर ईयू भी रूस से तेल ख़रीदने वाले देशों के ख़िलाफ़ अतिरिक्त पाबंदी लगाता है तो रूस की अर्थव्यवस्था तबाह हो जाएगी। उन्होंने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लीयेन से रूस के ख़िलाफ़ और दबाव बनाने पर काफ़ी महत्वपूर्ण बात की है। गौरतलब है कि रूस से तेल ख़रीदने वालों में भारत भी अहम देश है और अमेरिका ने इसी का हवाला देकर अतिरिक्त 25 फ़ीसदी टैरिफ़ लगाया है। यानी भारत पर अमेरिका पहले ही कुल 50 फ़ीसदी टैरिफ़ लगा चुका है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका रूस पर और दबाव बनाने के लिए तैयार है लेकिन यूरोप के देशों को भी साथ आना चाहिए। अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा कि यूक्रेन की सेना कितने दिनों तक डटी रहती है और रूस की अर्थव्यवस्था कितने दिनों तक टिकी रहती है के बीच रेस है। अगर अमेरिका और ईयू साथ आते हैं तो रूस से तेल ख़रीदने वाले देशों के ख़िलाफ़ पाबंदी और सख़्त की जा सकती हैं और अतिरिक्त टैरिफ़ भी लगाया जा सकता है। इससे रूसी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो जाएगी और राष्ट्रपति पुतिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत की टेबल पर आने के लिए मजबूर होंगे। उधर पिछले हफ्ते शुक्रवार को यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा ने कहा था कि यूरोपियन यूनियन वॉशिंगटन में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है, जो रूस के ख़िलाफ़ और कड़े प्रतिबंधों पर बात करेगा। ईयू अमेरिका और अन्य साझेदारों के साथ रूस के ख़िलाफ़ सख़्त प्रतिबंध को लेकर बात कर रहा है। इसके पहले ट्रंप ने भी कहा था कि भारत जितनी मात्रा में रूस से तेल ख़रीद रहा है, उससे वह बहुत निराश हैं। ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी भारत को लगातार निशाने पर ले रहे हैं। इनमें अमेरिका के वित्त मंत्री, वाणिज्य मंत्री से लेकर ट्रंप के ट्रेड सलाहकार तक शामिल हैं। भारत का कहना है कि अमेरिका का टैरिफ़ बेवजह और अनुचित है। रूस से तेल आयात का बचाव करते हुए कहा है कि यह उसके हित में है। भारत ने यह भी कहा है कि रूस से एलएनजी ख़रीद में अब भी ईयू पहले नंबर पर है। एक तथ्य यह भी है कि चीन भारत की तुलना में रूस से ज़्यादा तेल ख़रीद रहा है लेकिन ट्रंप ने चीन पर भारत जितना टैरिफ़ नहीं लगाया है। अब सवाल यह है कि भारत के खिलाफ यूरोप के इस्तेमाल की ट्रंप की कोशिशों का हम पर क्या असर पडेगा? यदि यूरोपीय देश ट्रंप के भारत विरोध में शामिल हो गए तो इससे भारत का तो नुकसान होगा, उससे भी ज्यादा यूरोपीय देशों का होगा। वो पहले अमेरिका एहसान तले दबे हैं। ट्रंप उन्हें ब्लैकमेल कर सकते हैं। भारत की मुश्किलें ज्यादा इसलिए बढ़ेंगीं, क्योंकि भारत अमेरिका के साथ व्यापार में होने वाले नुकसान की कुछ भरपाई यूरोपीय देशों के साथ कारोबार बढ़ाकर करने की कोशिश में हैं। उधर यूरोपीय देशों को भी झटका लगना तय है।

# अपराध और राजनीति के बीच खोती नैतिकता

**राजनीति का अर्थ केवल सत्ता प्राप्ति या कुर्सी की होड़ नहीं है, बल्कि वह समाज की सेवा और जनकल्याण का सबसे बड़ा माध्यम है। लोकतंत्र में राजनीति को वह साधन माना गया है जिसके द्वारा जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए, समाज में समानता, शांति और सौहार्द स्थापित किया जाए तथा विकास की राह प्रशस्त हो। किंतु आज जब हम चारों ओर दृष्टि डालते हैं तो राजनीति की यह आदर्श छवि कहीं धूमिल सी प्रतीत होती है। जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों पर अपराधों के गंभीर आरोप न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को चोट पहुँचाते हैं, बल्कि जनता के विश्वास को भी डिगा देते हैं। यही कारण है कि आज सियासी शुचिता यानी राजनीतिक पवित्रता का प्रश्न हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ा है।**

नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'



आदर्श जननेता वही होता है जो ईमानदार, जिम्मेदार और जनहितैषी हो। उसकी निष्ठा केवल सत्ता या दल के प्रति नहीं, बल्कि जनता के प्रति होती है। वह जनता के दुख-दर्द को समझे और उनके समाधान को प्राथमिकता दे। किंतु आज की राजनीति में यह आदर्श बहुत पीछे छूट गया है। सत्ता की राजनीति में अक्सर धनबल और बाहुबल का प्रयोग होता है, और परिणामस्वरूप ऐसे लोग भी विधायिका तक पहुँच जाते हैं जिनका दामन अपराधों से दागदार होता है। भारत चुनाव आयोग और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्टें इस स्थिति की गवाही देती हैं। एक हालिया अध्ययन में सामने आया कि देशभर में विभिन्न राज्यों की सरकारों में करीब आधे मंत्री ऐसे हैं जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, अपहरण, दंगे और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर मामले भी शामिल हैं।

यह स्थिति किसी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए बेहद चिंताजनक है। लोकतंत्र का मूल आधार जनता का विश्वास है और यदि वही डगमगाने लगे तो व्यवस्था की जड़ें खोखली होने लगती हैं। जनता अपने प्रतिनिधियों से आदर्श आचरण की अपेक्षा करती है, लेकिन जब वही प्रतिनिधि अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं तो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े हो जाते हैं। लोकतंत्र केवल कानून से नहीं चलता, उसकी आत्मा नैतिकता और शुचिता में बसती है। यदि राजनीति से नैतिकता ही विलुप्त हो जाए तो लोकतंत्र एक खोखला ढांचा बनकर रह जाएगा।

अब प्रश्न यह है कि यह स्थिति उत्पन्न क्यों होती है। एक कारण तो यह है कि राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में उम्मीदवारों के चरित्र और पृष्ठभूमि की अनदेखी कर देते हैं। उन्हें केवल जीतने की संभावना दिखती है, चाहे वह व्यक्ति अपराधों में संलिप्त क्यों न हो। परिणामस्वरूप, ऐसे लोग राजनीति में प्रवेश पा जाते हैं और धीरे-धीरे राजनीति का अपराधीकरण गहराता चला जाता है। दूसरा कारण यह है कि कानून और न्याय की प्रक्रिया अत्यंत धीमी है। वर्षों तक मुकदमे अदालतों में लंबित रहते हैं और आरोपी बेधड़क राजनीति करते रहते हैं। चुनाव आयोग और न्यायपालिका के पास अधिकार तो हैं, किंतु उनकी सीमाएँ भी स्पष्ट हैं। जब तक राजनीतिक दल स्वयं अपने स्तर पर शुचिता की गारंटी नहीं देते, तब तक इस समस्या का समाधान कठिन है।

इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के अनेक निर्णय उल्लेखनीय हैं। अदालत ने बार-बार कहा है कि राजनीतिक दल उन उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी जनता को दें और उम्मीदवार भी स्वयं इसे सार्वजनिक करें। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मतदाता यह जान सकें कि जिस व्यक्ति को वे चुनने जा रहे हैं, उसका अतीत कैसा है। किंतु व्यवहार में अक्सर इन निर्देशों की अनदेखी की जाती है। पार्टियाँ औपचारिक घोषणा तो कर देती हैं, लेकिन उम्मीदवारों को टिकट देते समय अपराधी छवि पर ध्यान नहीं देतीं। इसका अर्थ यही है कि नैतिक जिम्मेदारी से बचा जा रहा है। सवाल यह भी है कि जनता की भूमिका इसमें क्या होनी चाहिए। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक है। यदि मतदाता अपराधियों को वोट देना बंद कर दें तो राजनीतिक दल स्वयं ऐसे लोगों को टिकट देने से बचेंगे। किंतु दुर्भाग्यवश अक्सर जातीय समीकरण, धार्मिक ध्रुवीकरण और तात्कालिक लाभ के आधार पर लोग मतदान करते हैं और उम्मीदवार के चरित्र की अनदेखी कर देते हैं। यह प्रवृत्ति भी राजनीति के अपराधीकरण को बढ़ावा देती है। अतः केवल राजनीतिक दलों पर ही नहीं, बल्कि जनता पर भी यह जिम्मेदारी है कि वे सजग होकर मतदान करें और केवल उन उम्मीदवारों को चुनें जो ईमानदार, निष्ठावान और जनहितैषी हों।

सियासी शुचिता केवल कानूनी सवाल नहीं है, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक सवाल भी है। जब तक राजनीति नैतिकता से ओत-प्रोत नहीं होगी, तब तक लोकतंत्र का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। जनता और सरकार के बीच विश्वास का रिश्ता तभी मजबूत होगा जब नेता अपने आचरण से पारदर्शिता और ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। लोकतंत्र की सफलता केवल संविधान की धाराओं पर नहीं, बल्कि शासकों के नैतिक आचरण पर भी निर्भर करती है। यहाँ यह भी स्मरणीय है कि राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि यह समाज का दर्पण है। यदि राजनीति में अपराधीकरण होगा तो समाज का चरित्र भी उससे प्रभावित होगा। राजनीति समाज को दिशा देती है, और यदि दिशा ही दूषित हो जाए तो सामाजिक जीवन में भी भ्रष्टाचार और अराजकता बढ़ेगी। इसीलिए राजनीति की शुचिता को सुनिश्चित करना केवल एक वर्ग की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की आवश्यकता है।

अब आवश्यकता इस बात की है कि राजनीति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। सबसे पहले, राजनीतिक दलों को बाध्य किया जाना चाहिए कि वे किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में फँसे व्यक्ति को टिकट न दें। चुनाव आयोग को कठोर रुख अपनाते हुए ऐसे उम्मीदवारों को चुनाव मैदान से बाहर करना चाहिए। साथ ही, न्यायपालिका को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक मामलों से जुड़े मुकदमे त्वरित गति से निपटाए जाएँ। यदि दोष सिद्ध हो तो तत्काल अयोग्यता घोषित हो और दोषी व्यक्ति को राजनीति से दूर रखा जाए। इसके साथ ही, जनता को जागरूक करना सबसे बड़ा कार्य है। शिक्षा और जनचेतना के माध्यम से ही मतदाता समझ पाएगा कि सच्चे नेता का चयन करना क्यों आवश्यक है।

जब तक राजनीति में ईमानदारी और पारदर्शिता नहीं आएगी, तब तक लोकतंत्र अधूरा रहेगा। आज हमें यह स्वीकार करना होगा कि राजनीति सेवा का माध्यम है, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्ध करने का साधन। जिस दिन जनप्रतिनिधि इसे हृदय से मान लेंगे, उस दिन से राजनीति का स्वरूप बदल जाएगा। जनता का विश्वास पुनः स्थापित होगा और लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। सियासी शुचिता की मांग केवल एक आदर्श की बातें नहीं हैं, बल्कि यह हमारी लोकतांत्रिक जीवन-रेखा है। हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो अपनी नीतियों और निर्णयों से नहीं, बल्कि अपने आचरण और चरित्र से जनता के दिलों को जीतें। जब राजनीति से अपराध और भ्रष्टाचार का अंधकार हटेगा तभी राष्ट्र विकास और प्रगति की ओर अग्रसर होगा। लोकतंत्र का असली सौंदर्य तभी खिलेगा जब सत्ता के गलियारों में ईमानदारी और नैतिकता की सुगंध फैलेगी। यही सच्चे अर्थों में सियासी शुचिता है, और यही हमारे भविष्य का मार्गदर्शन कर सकती है।

अध्यात्म

## हमारी लालसाएँ और वृत्तियाँ नहीं बदलती



एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। कभी-कभी दोनों को दो अलग-अलग शिकार भी मिल जाते थे।

बहुत दिन से उनका यही क्रम चल रहा था। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक साँप मिला और दूसरे को एक चूहा।

अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे और एक-दूसरे की शिकार कथा सुनने के लिए एक डाल पर पास-पास बैठ गए। दोनों ने अभी तुरंत ही झपट्टा मार कर अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा-दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। पेड़ पर बैठकर बाजों ने जब उनकी पकड़ ढीली की तो सांप ने चूहे की ओर देखा और चूहे ने सांप को।

सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। यह दृश्य देखकर एक बाज गंभीर हो गया और विचारमग्न सा दिखने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए?

पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएँ और वृत्तियाँ ही बदलती हैं।

# संगठित होना फिर कब सीखेगी काँग्रेस?

**कांग्रेस में अंर्तकलह है कि खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। बावजूद इसके राहुल गांधी संगठन के लिए रात-दिन एक किए हुए हैं। इससे राहुल की छवि यकीनन बदली है। उन्हें गंभीरता से लिया जाना बताता है कि कांग्रेस के बुरे दिन जरूर हैं लेकिन पार्टी में नया जोश भरने में वो पीछे नहीं है। लेकिन, क्या संगठन में मौजूद तमाम वरिष्ठ और जिम्मेदार भी यह समझेंगे? राहुल पार्टी का सम्मानजनक आधार बनाने और समर्थक दलों से एकजुटता खातिर रात-दिन एक कर रहे हैं। उनकी तमाम यात्राएं या अभी बिहार में सक्रियता सामने है। लेकिन संगठन और कार्यकर्ता इसे क्यों नहीं समझ पा रहे?**

ऋतुपर्ण दवे

अभी मध्यप्रदेश में पांच बरस पहले सत्ता से बेदखल हुई कांग्रेस में संगठन की हुई नई-नई सर्जरी बाद जो घमासान मचा, वह नया नहीं था, अलबत्ता टाइमिंग गलत रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 71 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की। 21 को फिर जिम्मेदारी और 50 नए चेहरे लिए। 3 पूर्व मंत्री, 6 मौजूदा और 11 पूर्व विधायक सहित 4 महिलाओं, 12 ओबीसी, 10 एसटी, 8 एससी और तीन अल्पसंख्यकों को जिलों की कमान सौंपी गई। इस पर तर्क-वितर्क, विरोध भी शुरू हो गया। पटवारी ने मान-मनव्वल किया। सोशल मीडिया पर लिखा कि सबके सर्वश्रेष्ठ योगदान से ही सशक्त संगठन मप्र कांग्रेस की पहचान बनेगा। वंचित रहे साथियों को जल्द नई जिम्मेदारी मिलेगी। वहीं बिना देरी सभी नव नियुक्त गुरुमंत्र देने के नाम पर दिल्ली तलब किए गए। कैडर प्रबंधन के टिप्स 9-ए, कोटला रोड स्थित नए कांग्रेस दफ्तर में दिए गए। राहुल लगभग एक घण्टा बोले और साफ कर दिया कि अगले 6 महीनों तक तक कोई नहीं बदलेगा। सबका काम देखेंगे। नव नियुक्त दिल्ली से लौटे नहीं कि मध्यप्रदेश के दो दिग्गजों की सोशल मीडिया जंग ने नया रंग ले लिया। पुराने जख्म कुरेदे जाने लगे। मार्च-2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में जाने से मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार गिरी थी। जबकि 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल की हर रैली के दाएं-बाएं कमलनाथ और सिंधिया ही दिखते थे। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि सिंधिया को लगता था कि सरकार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं। इसी नाराजगी से कांग्रेसी विधायकों को तोड़ सरकार गिरा दी गई। वहीं दिग्विजय सिंह, कमलनाथ-सिंधिया के बीच ग्वालियर-चंबल मुद्दों पर सहमति न बन पाना सरकार गिरने की वजह बताते हैं। सच जो भी हो वही जानें। लेकिन संदेश अच्छा नहीं गया। उधर 2020 और उसके बाद कांग्रेस सरकार गिरने के बाद हुए कई स्थानीय निकायों या ऐसे दूसरे चुनावों में साफ बहुमत के बावजूद कांग्रेस को जगह-जगह क्यों शिकस्त मिली? इसका जवाब न तो किसी कांग्रेसी के था न ही वो फॉर्मूला जिसने जीतकर भी बैकफुट पर पहुंचाये। समझकर, जानकर भी ऐसे जनप्रतिनिधि ढ़ोना मजबूरी बनीं। हालाकि कई मौका देखते ही पार्टी से दगा कर गए। आलाकमान की इस पर चिंता जरूर समझ आती है।इंदिरा जी के कार्यकाल में और उनके बाद भी बगावत दिखती थी। लेकिन हर बार पार्टी बिखरती, उबरती, टूटती और फिर जुटती-जुड़ती रही। लेकिन ये क्या, 2014 के बाद संगठन में बिखराव और दिग्गजों का जो रूठना-टूटना शुरू हुआ, रुक नहीं रहा है।

लगता नहीं कि संगठन में अनुशासन की पाठशाला के जो शिक्षक हैं वो या तो ट्रेन्ड नहीं है या वक्त बिता रहे हैं? सोचिए भला उस प्रदेश में जिसके लिए चंद घण्टे पहले अनुशासन की इबारत और संगठन की लंबी क्लास चली, वहीं पलक झपकते दिग्गज ही सब कुछ भुला दें? एक ही पार्टी के दो पूर्व मुख्यमंत्री बाहें चढ़ा मैदान में वाकयुध्द की तलवार भांजते नजर आएं! हिमाचल और कर्नाटक में भी जो खींचतान और तल्खी दिखती है वह जगजाहिर है। अन्य प्रदेशों में भी संगठन का कमोवेश यही हाल है।



पार्टी शुध्दिकरण की नीयत से राहुल का वो बयान काबिल-ए-तारीफ है जिसमें उन्होंने रेस के घोड़ों को बारात में और बारात के घोड़ों को रेस में दौड़ाने जैसी बात कहकर संगठन पर ही उंगली उठा बड़े बदलाव का संकेत दिया था। संगठन के शुध्दिकरण खातिर संदिग्धों की बर्खास्तगी की चेतावनी के भी मायने गहरे हैं। इस बीच कई राज्यों से ऐसे उदाहरण आए जहां स्थानीय निकायों में कांग्रेस ने बहुत बेहतर किया। ज्यादा पार्षद जीते फिर भी अध्यक्ष या मेयर बनाने में कांग्रेस गच्चा खा गई। कांग्रेस के चिन्ह पर चुनाव जीतकर भाजपा में शामिल होने वाले मौकापरस्तों की फेहरिस्त भी बढ़ती चली गई। दलबदल का ट्रेन्ड और भाजपा के खुले दरवाजे की चोट सबसे ज्यादा कांग्रेस को मिली है। राहुल ने शायद यही सब देखा, समझा और कहना चाहा हो?

लेकिन, जिस तरह राहुल चुनावी राज्यों में भाजपा पर आक्रामक दिखते हैं, अपनी बात कहते हैं उससे माहौल बनता तो दिखता है। लेकिन जब नतीजे आते हैं तो कांग्रेस पहले से भी बुरी स्थिति में पहुंच जाती है। शायद राहुल भितरघातियों की करतूतें समझते हों? महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली विधानसभा के नतीजों के बाद जबरदस्त बैकफुट पर होने के बावजूद पहले गुजरात दौरा और अब बिहार में पसीना बहाना बताता है कि वो पार्टी की मजबूती खातिर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। राहुल की सक्रियता से तमाम तुरुपों, दिग्गजों की बेचैनी भी झलकती है। चाहे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का समय हो या हालिया कुंभ स्नान या फिर थोड़ा पहले अनुच्छेद 370 को हटाने को लेकर कई कांग्रेसियों के अलग-अलग और तर्क-वितर्क से भरे बयानों ने संगठन खातिर कैसा काम किया, सबके सामने है।

जहां भाजपा खुलकर सनातन की बात कर खुद को दिनों दिन मजबूत करती जा रही है वहीं कांग्रेस में सनातन और धर्म पर विवादास्पद बयानबाजी करते नेता खुद ही संगठन के लिए घातक सिद्ध हो रहे हैं। अभी मध्यप्रदेश में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का बयान पूरे देश में चर्चाओं में है जिसमें वो कहते हैं 'गर्व से कहो हम आदिवासी हैं, हिंदू नहीं,...वो शबरी आदिवासी ही थी जिसने भगवान राम को जूठे बेर खिलाए।' जबकि मध्यप्रदेश क्या देश में तमाम ऐसे तीज-त्योहार हैं जो आदिवासियों के चलते ही विशेष पहचान रखते हैं। दशहरा, होली(फगुआ) जैसे कई त्योहार इसकी मिशाल हैं। हां, परंपरा के नाम पर हर जातियों की अपनी अलग पूजा पध्दति तो पुरातन से है लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि वो गैर हिन्दू हैं?वास्तव में एक मजबूत विपक्ष, सशक्त देश की जरूरत है। भले ही विपक्ष, सत्ता में जल्द आए, न आए कम से कम खुद तो एक जुट रहे और सहयोगियों से भी यही उम्मीद करे। क्या कांग्रेस अपने पुराने दौर और ठौर में पहुंच पाएगी या फिर राहुल की बेबाकी और भारी पड़ेगी? फिलाहाल देखना होगा कि दशकों से उन्हीं घोड़ों को जोत रेस में दौड़ती कांग्रेस नए घोड़ों से अदला-बदली कर हॉर्स पॉवर का सही मैनेजमेण्ट कर सकेगी? बड़बोले नेताओं के बेतुके जुबानी तीर कब तक निकलते रहेंगे। क्या अवसरवादियों, भितरघातियों को बाहर का रास्ता कभी दिखाएगा जाएगा या फिर वही काम निकालो और निकल लो की तर्ज पर भितरघातिए मनमानी करते रहेंगे?

जो है, जैसा है कब तक चलता रहेगा? शायद बरसों-बरस से एक ही चेहरा देख रहे लोग कांग्रेस से मुंह मोड़ रहे हैं, नए लोग खासकर युवा पीढ़ी इसीलिए नहीं जुड़ पा रही है। कांग्रेस के तमाम सह-संगठन भी कागजी होकर रह गए हैं। काश, कांग्रेस और कांग्रेसी भी समूचे देश के संदर्भ में समझ पाते कि समय-समय में होत है, समय-समय की बात, एक समय में दिन बड़ा एक समय में रात।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य सम्बन्धों में खुशहाली रहेगी। मन में नये कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। लेकिन एक साथ अनेक कार्य करने का प्रयास न करें।

**वृषभ**
नये कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की सम्भावना है।

**मिथुन**
उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है।

**कर्क**
आज आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं। आलस्य करने से बचें।

**सिंह**
आपके मन में अनेक सवाल एक साथ चलते रहेंगे। इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा। व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला**
परिवार के लोग आपके निर्णयों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। दिन थोड़ा उलझा हुआ हो सकता है। सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक**
घर में अचानक बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोक-झोंक हो सकती है। आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है।

**धनु**
घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे।

**मकर**
नयी सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी नकारात्मक आदतों पर नियन्त्रण रखें। गरिष्ठ और तला-भुना भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है।

**कुंभ**
यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर कार्य पूर्ण करें। जीवनसाथी का सहयोग अपने कार्य को लेकर ऊर्जा प्रदान करेगा।

**मीन**
आपकी राय लोगों के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण हो सकती है। बहुमूल्य वस्तुओं को सम्भालकर रखें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है।

# दो पुलिस पदाधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का निर्देश

## डीआईजी ने साइबर थाना का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** डीआईजी आशीष भारती ने गुरुवार को साइबर थाना खगड़िया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने लंबित कांडो की समीक्षा की एवं कांड के अनुसंधान में लापरवाही बरतने के आरोप मे पुलिस निरीक्षक श्वेता भारती एवं पुलिस निरीक्षक समरेंद्र कुमार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। श्री भारती ने अनुसंधानकर्ताओं को अभियुक्तों का सत्यापन करने, अभियुक्तों की



गिरफ्तारी करने, पीड़ित का फ्राड किये गये पैसा वापस कराने तथा तीव्र गति से कांडों का अनुसंधान पूर्ण कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी निशांत कुमार को भी अपने कार्यो में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी मामलों में त्वरित गति से प्राथमिकी दर्ज करने, पीड़ित को हर संभव विधिसम्मत मदद त्वरित गति से करने, प्रत्येक माह महत्वपूर्ण कांडों का अनुसंधान भार ग्रह्ण करने तथा कांडों का अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक खगड़िया भी उपस्थित थे। जिन्हें साइबर थाना के पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की निरंतर समीक्षा तथा अनुश्रवण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# स्वच्छताकर्मियों की हड़ताल पांचवे दिन भी जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन तथा बिहार ग्रामीण लोहिया स्वच्छता अभियान से जुड़े स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा स्वच्छता कर्मी अपनी आठ सूत्रीय मांगों के समर्थन में हड़ताल पांचवे दिन भी जारी रहा। इनके हड़ताल पर जाने से स्वच्छता कार्य बिल्कुल ठप्प है। जगह-जगह गंद्गी का अंबार लग लग गया है। बरसात में कचरा का उठाव नहीं होने से उससे दुर्गंध आना शुरू हो गया है। मक्खी तथा मच्छर भिनभिना रहे हैं। इससे महामारी होने की आशंका ग्रामीणों को सताने लगी है। प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के आसपास कचरो का अंबार लगा हुआ है जिससे दुर्गंध आना शुरूहो गया। बरसात के दिन मक्खी, मच्छर का डर सा लगा हुआ है। स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, अशोक ठाकुर ने बताया कि पूर्व में संघ द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में हुए समझौते को लागू नहीं किया गया। इसलिए बाध्य होकर पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाना पड़ा। इनकी प्रमुख मागों में स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता मित्र को पूर्ण कालिक कर्मी घोषित करने, ग्रामीण विकास विभाग के पत्राक 1353664 के तहत संविदा लागू करने, स्वच्छता पर्यवेक्षक का मानदेय 20 हजार रुपए, स्वच्छता मित्र का मानदेय 10 हजार रुपए प्रति माह करने, सेवा काल 60 वर्ष करने, सभी बकाया मानदेय का भुगतान करने, कार्य अवधि में आकस्मिक मृत्यु होने पर आकस्मिक लाभ देने, अनुकम्पा पर परिवार के एक सदस्य बने काम देने आदि शामिल हैं। मौके पर नवीन कुमार, फूलेन सहनी, बीरबल कुमार, मुकुंद कुमार, इंदु कुमारी, रेखा कुमारी, रुपेश कुमार, स्वच्छता कर्मी बिरजू मल्लिक, कारी मल्लिक, सूरज महतो सहित 157 कर्मी शामिल थे।

## एक नजर

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने नावकोठी से एक वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी नावकोठी का राम बिलास चौधरी का पुत्र नरेश चौधरी है। उस पर थाना कांड संख्या 171.20 के तहत मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कांड अंकित था। उसके घर से पुलिस ने 15 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया था। लंबे अंतराल से वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। लंबी अवधि से गैर हाजिर रहने से न्यायालय ने उसके विरुद्ध लाल वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में एसआई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### स्कूल में संचालित अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी प्राइमरी स्कूल तथा मिडिल स्कूल में संचालित अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन में 12,826 छात्र-छात्रा शरीक हुए। अपग्रेडेड मिडिल स्कूल सैदपुर विष्णुपुर, चक्का सहित कई स्कूल में प्रथम पाली में हिंदी अहिंदी भाषी बच्चों के लिए तथा द्वितीय पाली में गणित की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। तृतीय कक्षा के 1825 बच्चें, चतुर्थ कक्षा के 2043 बच्चें, पंचम कक्षा के 2024 बच्चें, षष्टम कक्षा के 2236 बच्चें, सप्तम कक्षा के 2523 बच्चें, अष्टम कक्षा के 2175 बच्चें शामिल हुए। मौके पर हेडमास्टर शंभू महतो, संजीत कुमार महतो, इंदु कुमारी, योगेन्द्र चौधरी, राजेश कुमार सहायक शिक्षक कन्हैया कुमार, सिकंदर सहनी, देवकांत राय, शिक्षा स्वयं सेवक जमील अहमद, मुसर्रत खातुन, सलमा खातुन, आफताब आलम आदि मुस्तैद थे।

### राष्ट्रीय कृमिमुक्त दिवस का होगा आयोजन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान ने 16 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमिमुक्त दिवस एवं 19 सितम्बर को मप-अप दिवस आयोजित करने के संबंध में निदेश जारी किया है।1 से 19 आयुवर्ग तक के सभी बच्चों को कृमिमुक्त करने हेतु 16 सितंबर को कृमिमुक्त दिवस आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम अन्तर्गत कृमिनाशक दवा अल्बेडाजोल (400 एमजी) की गोली उम्र के अनुसार निर्धारित खुराक में खिलायी जायेगी। यदि बच्चे किसी कारणवश उपरोक्त दिवस पर कृमिनाशक की दवा खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 19 सितम्बर को मप अप दिवस को कृमि नाशक की दवा खिलायी जायेगी। इस संबंध में बीईओ भगवानपुर नीतीश कुमार ने प्रखण्डान्तर्गत्त सभी विद्यालय सरकारी एवं निजी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सूचित करते हुए 16 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमिमुक्त दिवस एवं 19 सितम्बर को मप-अप दिवस आयोजित कराने का निदेश दिया है।

### महाराज बेनी बाबा पूजा समारोह का आयोजन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के हरिचक गाँव में सम्राट महापद्मनंद न्यायी सेवा संघ भारत के बैनर तले बाबा धर्मदास महाराज बेनी बाबा पूजा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी नितीश कुमार उर्फ जय ठाकुर एवम अतिथि श्यामा कांत ठाकुर, रवि ठाकुर प्रेम, लेखक साहित्यकार जंगबहादुर ने सामूहिक रूप से किया। पूजा उपरांत संस्ृति बचाओ, समाज बचाओ विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विषय पर बात रखते हुए राष्ट्रीय प्रभारी नितीश कुमार उर्फ जय ठाकुर ने कहा संस्कृति हमारी जड़ है और समाज पेड़। जड़ें जितनी मजबूत होगी, पेड़ भी उतना ही मजबूत होगा। समाज परस्पर जुड़े हुए व्यक्तियों का एक समूह है। जो एक समान क्षेत्र में रहते हैं। और एक दूसरे के साथ बातचीत करते हैं। साहित्यिकार जंगबहादुर ठाकुर ने कहा संस्ृति किसी समूह के ज्ञान, विश्वासों, रीति-रिवाजों, परंपराओं, मूल्यों और प्रथाओं का सामूहिक रूप है। स्वागत भाषण जिला प्रभारी मनीष ठाकुर ने दिया। मौके पर चंद्रदेव ठाकुर, सुरेश ठाकुर, रवि कुमार प्रेम, शिक्षक अरविंद ठाकुर, रामविनय ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर, शंकर ठाकुर, भगत जनार्दन ठाकुर, मनोज ठाकुर, श्रवण ठाकुर, शिवजी ठाकुर, अनिल ठाकुर, अमर ठाकुर, गौतम ठाकुर आदि उपस्थित थे। मंच संचालन रंगकर्मी शशिकान्त कुमार ने किया।

### नवसृजित स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजीनगर प्रखंड के रानीपरती पंचायत में रविवार को नवसृजित स्वास्थ्य केंद्र रानीपरती का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया जी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे उद्घाटन समारोह के दौरान मुखिया जी ने कहा कि लंबे समय से इस क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार और नियमित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य जांच, प्रसव पूर्व परामर्श, बच्चों का टीकाकरण, परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं एवं सामान्य बीमारियों का इलाज उपलब्ध रहेगा। धीरे-धीरे स्वास्थ्य केंद्र को और आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की योजना है स्थानीय ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण और उद्घाटन पर खुशी जताई और कहा कि इससे समय पर इलाज मिलने में सुविधा होगी तथा आपात स्थिति में मरीजों की जान बचाना आसान होगा इस मौके पर पीएससी प्रभारी अमित कुमार हेल्थ मैनेजर अमानुल्लाह एवं पंचायत प्रतिनिधि, और स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वास्थ्य केंद्र के सुचारू संचालन और जनहित में बेहतर सेवा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# श्रुति सानिया, चक्रधर व मो. अमानुल्लाह ने एमएलएसएम कॉलेज परिवार को किया गौरवान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2025 के लिए दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिले के विभिन्न कॉलेजों से विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रतियोगिता का विगत दिनों आयोजन हुआ था जिसमें महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा के तीन छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा की श्रुति सानिया आठवां स्थान प्राप्त किया।



वहीं छात्र वर्ग में महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा के चक्रधर कुमार झा आठवां व मो. अमानुल्लाह ने दसवां स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि संबंधित महाविद्यालय में तथा एनसीसी, 8 बटालियन में परेड में जल्द प्रशिक्षण आयोजित होगी। इनमें बेहतरीन परेड करने वाले छात्र-छात्रा आगामी 13 सितंबर को मगध महिला कॉलेज, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। तत्पश्चात वहां से चयनित स्वयंसेवक सेंट्रल जोन प्रतियोगिता हेतु मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 10 दिनों के लिए पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेंगे। अंतिम रूप से चयनित स्वयंसेवक 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 के बीच दिल्ली में रहकर गणतंत्र दिवस परेड शिविर में कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन करेंगे।

# आयुर्वेद कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद जन-जन के लिए एवं पृथ्वी कल्याण के लिए विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के रेटिंग बोर्ड के अध्यक्ष डा. सुश्रुत कनौजिया, देहरादून पंचकर्म विशेषज्ञ डा. जे एन नौटियाल, अर्थ आयुर्वेद, गुरूग्राम के डक्टर डा. परमेश्वर अरोड़ा, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के डा. राकेश कुमार जायसवाल एवं डा. पंकज कुमार भारती भाग लेंगे। डा. श्रीनिवास त्रिपाठी आयोजन समिति के अध्यक्ष, डा. संतोष कुमार सिंह आयोजक सचिव, डा. प्रमोद कुमार संयोजक एवं डा. अनिल कुमार सहसंयोजक बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष के रूप में डा. गार्गी प्रसाद शुक्ला एवं सचिव के रूप में डा. मुन्ना कुमार का चयन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी एवं आयोजक सचिव डा. संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के निर्देश पर आयुर्वेद दिवस की शुरुआत 17 सितंबर से ही विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से की जाएगी। प्राचार्य डा. त्रिपाठी ने बताया विभिन्न कार्यक्रमों के लिए डा. अखिलेश प्रसाद सिंह, डक्टर सुशांत कुमार, डा. अमलेश कुमार, डा. लाल कौशल कुमार, डा. राजीव शर्मा, डा. संतोष कुमार सिंह, डा. वीजेंद्र कुमार, डा. प्रमोद कुमार, डा. सुल्ताना परवीन, डा गार्गी प्रसाद शुक्ला, डा. नंद कुमार साहनी डक्टर अनिल कुमार ,डक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह एवं डा. रामनंदन साहनी को भर दिया गया है। इसके अलावा विभिन्न कमेटी में डा. रमण रंजन, डक्टर सुशांत कुमार डा. आनंद मिश्रा, डा. प्रदीप कुमार वर्मा, डा. संदीप कुमार गुप्ता रखे गए हैं।

# सांसद और विधायक ने जन संवाद कार्यक्रम में लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रजौड़ रामभद्रपुर पंचायत के राम भद्रपुर गांव में सांसद एवं विधायक के द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में सांसद शांभवी चौधरी और विधायक वीरेंद्र कुमार को पाग, चादर, माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सांसद शांभवी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा एनडीए की डबल इंजन की सरकार बिहार में रहने से यहां सभी क्षेत्रों में विकास संभव हो पाया है। एनडीए की सरकार में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इन्हें आरक्षण की प्रतिशत में भी बढ़ोतरी की है। विकसित बिहार बनाने के लिए युवाओं को भी अधिक से अधिक नौकरी एवं रोजगार दिए जाने के लिए एनडीए




सरकार की अथक प्रयास चल रही है और अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी मिली है और आगे भी मिलेगी। उन्होंने कहा हमारे संसदीय क्षेत्र में शिवाजीनगर में शंकरपुर करेह नदी पुल की स्वीकृति मिला काम चल रहा है और भी सड़क एवं फुल पुलिया की जितने भी योजनाओं का शिलान्यास किया गया है वह शीघ्र ही पूरा होगा। उन्होंने कहा रोसड़ा स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की ठहराव के लिए युवाओं की मांग थी इसकी स्वीकृति रेल मंत्री से हो चुका है। अमृत भारत रेल गाड़ी की ठहराव से अब इस क्षेत्र के लोगों को मुंबई तक की सफर में काफी सहूलियत होगी। लोग आसानी से ईस्ट रेल गाड़ी से मुंबई का सफर कर सकेंगे। उन्होंने कहा विकास की गति को कम नहीं किया जाए इसके लिए एनडीए की सरकार बनाना आवश्यक है। उन्होंने विधायक वीरेंद्र कुमार को आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए उन्हें माला पहना दी। अंत में उन्होंने कहा इस क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगी और क्षेत्र के लोगों से सीधा जनसंवाद का कार्य कम करती रहूंगी। उन्होंने कहा मोदी है तो मुमकिन संभावित है तो संभव है। विधायक वीरेंद्र कुमार ने कहा क्षेत्र में पुल पुलिया सड़क का शिलान्यास हुआ है वह शीघ्र ही बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा जीवका दिदियो को रोजगार के लिए उसे अभी दस 10 हजार रूपए खाते में दिए गए हैं और आगे भी रोजगार को बढ़ाने के लिए दो-दो लाख तक दिए जाएंगे। उन्होंने कहा किसानो की आय बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में मखाना की खेती करना काफी उपयुक्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू के निर्दोष कुमार सिंह ने की, और मंच संचालन राम स्वार्थ सिंह ने की। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि सदस्य पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, भाजपा के घनश्याम राय, आदि ने संबोधित किया। मौके पर मनोज सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजीव सिंह, राम नारायण सिंह, विष्णु देव सहनी, लाल देव महतो, मोहम्मद शकील अंसारी, सुनील कुमार सुमन, नंदकुमार सिंह, नीतू देवी, वीरेंद्र कुमार बिरजू, अरुण कुमार राय, मणि शंकर कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार सिंह, श्रवन कुमार सिंह, अनीश राज, राजेश कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## आशा कार्यकर्ताओं को दी गई ट्रेनिंग

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी नावकोठी में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने की। जिला ट्रेनर जयंत चौधरी ने कहा कि ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य एम आशा एप के उपयोग के बारे में दक्ष बनाना है। आशा कार्यकर्ताओं को अपना कार्य इसी एप के माध्यम से संपादित करना है। यह एप उन्हें अपने कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित से संबंधित डेटा को आसानी से दर्ज करने और उसका विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के अस्थायी साधन माला, छाया, अंतरा, कंडोम आदि का इंट्री इसी एप पर ही करना होगा। इनकी आवश्यकता की पूर्ति करने में आसानी होगी। बीसीएम उषा कुमारी ने सर्वे तथा ड्यू लिस्ट को अद्यतन करने पर बल दिया। संपूर्ण टीकाकरण हेतु शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करने में मददगार साबित होगा। परिवार कल्याण पखवाड़ा में इच्छुक लाभुकों को मोटिवेट कर शिविर में भेजने पर बल दिया। एम आशा एप पर किये गए कार्य को अपलोड करने के तरीके को बताया। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, आशा फेसिलिटेटर संगीता कुमारी, आशा कार्यकर्ता रेणु कुमारी, रीणा कुमारी, वंदना कुमारी आदि थे।

## अस्मिता खेलो इंडिया भारोत्तोलन लीग मैच का होगा आयोजन

**जहानाबाद (नबिटा संवाददाता)।** जहानाबाद जिले में अस्मिता खेलो इंडिया भारोत्तोलन लीग मैच का आयोजन 13 सितम्बर को जिला खेल भवन सह व्यायामशाला में किया जाएगा। यह आयोजन जहानाबाद जिला भारोत्तोलन संघ के तत्वावधान में होगा। इस प्रतियोगिता में जहानाबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों की बालिका प्रतिभागी भाग लेंगी। साथ ही, राजगीर खेल अकादमी की महिला प्रशिक्षु भी इसमें शामिल होंगी। प्रतियोगिता में जिला की कोई भी महिला वेटलिफ्टर भाग ले सकती है।

# सी.एम. कॉलेज दरभंगा में चार वर्षीय बी.एड पाठ्यक्रम को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** दरभंगा और इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए यह खुशी और गर्व की बात है कि दरभंगा शहर का ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान, सी एम कॉलेज, दरभंगा (1938 में स्थापित), अगले वर्ष से चार वर्षीय बीए बीएड, बीकॉम बीएड पाठ्यक्रम शुरू करेगा, जिससे न केवल मिथिलांचल बल्कि उत्तर बिहार के छात्रों को आईटीईपी यानी इटीग्रेटेट टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के तहत इंटरमीडिएट के बाद एक साथ स्नातक और बीएड की डिग्री प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मुश्ताक अहमद ने दी। प्रोफ़ेसर अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई), नई दिल्ली द्वारा हाल ही में कॉलेज को 9 सितंबर 2025 को स्वीकृति पत्र के माध्यम से ऑनलाइन मंजूरी दी है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ही नहीं बल्कि उत्तर बिहार का पहला कॉलेज है जहां कला और वाणिज्य में कुल 150 छात्र-छात्राओं को अब एक साथ बी.ए.बी.एड और बी.कॉम.बी.एड की चार वर्षीय स्नातक की डिग्री प्रदान की जाएगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके प्रति आभार व्यक्त किया कि उनके सहयोग से सीएम कॉलेज दरभंगा ने हाल ही में गइइए में बी++ ग्रेड हासिल किया है और अब बी.एड की पढ़ाई का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रो. चौधरी ने कॉलेज प्रशासन को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई दी और प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इसी तरह का प्रयास अन्य कॉलेजों को भी करना होगा ताकि मिथिला के छात्र-छात्राओं को ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर मयंक श्रीवास्तव, प्रोफ़ेसर अबसार आलम, प्रोफ़ेसर खालिद अंजुम उस्मानी, प्रोफ़ेसर अखिलेश कुमार राठौड़, प्रोफ़ेसर आशीष कुमार वरियार, डॉ. एकता, डा. विवेश कुमार चतुर्वेदी, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. आलोक रंजन, शमशाद अली कमर एवं अन्य लोगों ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कुलपति को बधाई दी।

# संत बिनोवा भावे की धूमधाम से मनाई गई जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** खादी ग्रामोद्योग समिति के प्रधान कार्यालय गया में गुरुवार को संत बिनोवा भावे की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मगध प्रमंडल के सभी प्रखंड स्तर के खादी भंडार के समिति के कार्यकर्ताओं द्बारा बिनोवा भावे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। समारोह की अध्यक्षता संस्था के अंकेक्षक परामर्शी अखिलेश कु मार ने किया। इस मौके पर संस्था के मंत्री सुनील कुमार ने बिनोवा भावे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर उन्होंने बिनोवा भावे द्बारा किए गए मानव सेवा सामाजिक रचनात्मक कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा किया। कहा कि उनकी शिक्षा व दर्शन हम सभी को मार्ग दिखाते रहेंगे। मंत्री ने कहा कि इस वर्ष संत बिनोवा भावे जयंती के अवसर पर मगध प्रमंडल के सभी खादी भंडारों में खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत डिस्काउंड मिलना शुरू हो गया है। बताया कि यह छूट सभी प्रकार के खादी वस्त्रों, सूती, रेशमी, ऊनी एवं पोली वस्त्रों पर दिया जा रहा है। इस मौके पर व्यवस्थापक उदय शंकर शर्मा, सुरेश सिंह, हरि सिंह, र'ाकर प्रसाद सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, सुनीता देवी सहित मौजूद रहे।

# महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं : सजल झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** राज्य महिला आयोग की सदस्या सजल झा द्वारा नारी सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सर्किट हाउस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित समीक्षा बैठक में सभी थाना, वन स्टॉप सेंटर दरभंगा से प्राप्त महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा सामाजिक असमानता से जुड़े मामलों पर गंभीरता से विचार किया और संबंधित विभागों व प्रशासन को ठोस कार्रवाई का निर्देश दिए। आयोग की अध्यक्षा ने प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हर महिला को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्र जीवन का अधिकार है। आयोग का उद्देश्य केवल शिकायतों का निवारण करना नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना और




रोकथाम की ठोस व्यवस्था करना भी है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर महिला हेल्प डेस्क की सक्रियता आयोग ने डीएसपी ट्रैफिक,सभी थाना प्रभारी, को यह निर्देश दिया है कि महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सशक्त बनाया जाए। सभी थानों में महिला सहायता प्रकोष्ठ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। महाविद्यालयों में सेमिनार तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी जा रही है। राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेंटर दरभंगा कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया क्र निरीक्षण में उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली एवं सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखी। बैठक में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, केंद्र प्रशासक, इत्यादि मौजूद रहे।


## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/33, दिनांक** 10.09.2025, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ मंजिल, हावड़ा स्टेशन के पास यात्री निवास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:

**कैटलॉग सं.:पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-33**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.:एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ईवीसी-5-23-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-ईवी चार्जिंग स्टेशन), विवरण:** हावड़ा स्टेशन में ईवी पार्किंग सुविधा के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एमवाईएम-एमईडीएसटीएन-34-25-1 (स्टेशन में एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-चिकित्सा सुविधाएं), विवरण:** हावड़ा मंडल के मेमारी स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमईडीएसटीएन-35-25-1 (स्टेशन में एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-चिकित्सा सुविधाएं), विवरण:** हावड़ा मंडल के पाकुड़ स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.:एबी/3, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एमईडीएसटीएन-40-25-1 (स्टेशन में एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-चिकित्सा सुविधाएं), विवरण:** हावड़ा रेलवे स्टेशन में फार्मेसी के साथ आपातकालीन मेडिकल रूम की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/4, लॉट सं.:एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-एमईडीएसटीएन-41-25-1 (स्टेशन में एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-चिकित्सा सुविधाएं), विवरण:** बोलपुर रेलवे स्टेशन में फार्मेसी के साथ आपातकालीन मेडिकल रूम की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/5, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमईडीएसटीएन-42-25-1 (स्टेशन में एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-चिकित्सा सुविधाएं), विवरण:** रामपुरहाट रेलवे स्टेशन में फार्मेसी के साथ आपातकालीन मेडिकल रूम की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 24.09.2025 को 12.00 बजे।

HWH-288/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### खाद तस्करों के खिलाफ सीमा क्षेत्र में बढ़ी तैनाती

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खाद माफियाओं के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए एस एस बी के जवानों ने सीमा क्षेत्र में तैनाती बढ़ा दी है हालांकि इस खबर को नवबिहार टाइम्स प्राथमिकता के साथ खबर को छापा था,खबर छपने के बीते दिन एस एस बी बेलदरवा कैम्प हरकत में आ गई और सीमा क्षेत्र के लाला छपरा गांव के लोगों से मिलकर खाद नेपाल न ले जाने की पेशकश की , लोगों से असिस्टेंट कमांडेंट आकाश कुमार ने कहा कि अनावश्यक रूप से खाद पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी, सीमा क्षेत्र के कयी चौकियों का निरीक्षण करते हुए जवानों को निर्देश दिया कि नेपाल में किसी भी हालत में खाद नहीं जानी चाहिए,इनके साथ इन्स्पेक्टर कुलदीप कुमार सहित अन्य जवान भी मौजूद थे इनके द्वारा रोक लगाये जाने के बाद खाद तस्करों में दहशत कायम है।

### महिलाओं को गैस सरंक्षण के प्रति किया जागरूक

अब्बे गैस सर्विस के तत्वाधान में किया गया जागरूक

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** घरेलू गैस का इस्तेमाल करते हुए जरूरी सावधानियां रखने से सिलेंडर में आग लगने जैसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है।गैस सिलेंडर से होने वाली घटनाओं गैस संरक्षण के बारे में महिलाओं तथा अन्य लोगों को जागरूक करने के निमित अब्बे गैस सर्विस घोड़ासहन के तत्वाधान में जागरूकता कैंप का आयोजन प्रखंड के श्रीपुर पंचायत में किया गया।कैंप में उपस्थित मुख्य रूप से विक्रय अधिकारी बी.पी.सी.एल.राजेश कुमार यादव ने एलपीजी उपयोग के



सावधानी को विस्तार से बताया.मौके पर संचालक उज्ज्वल कुमार,मुखिया प्रतिनिधि उदय जायसवाल समेत सैकड़ों की संख्या में जीविका समूह की महिलाओं समेत काफी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहीं।

### आज एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का होगा आयोजन

राजीव कुमार/नवबिहार ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)** मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र का एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को 10:30 बजे सुबह से महात्मा गांधी प्रेक्षागृह, राजा बाजार आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री बिहार सरकार मंगल पांडेय, सांसद पूर्वी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, जदयू के झंझारपुर के सांसद रामप्रीत महतो, हम की विधायक दीपा सुमन, विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, लोजपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह, रालोमो के पूर्व विधान पार्षद रामेश्वर महतो सहित एनडीए के अन्य नेतागण और घटक दलों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा के मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जिला में सेवा दे रहे 21 कार्यक्रम पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता के स्थानांतरण के अवसर पर आज समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का



आयोजन किया गया। इस समारोह में स्थानांतरित पूर्वी चंपारण जिला के 21 प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) एवं कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे। समारोह में डीआरडीए निदेशक डॉ कुंदन कुमार एवं जयराम चौरसिया सहित डीआरडीए के सभी कर्मी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्थानांतरित कार्यक्रम पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता ने अपने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि मोतिहारी में कार्य करने का सुखद अनुभव सदैव ही याद रहेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त एवं निदेशक द्वय द्वारा सभी स्थानांतरित पदाधिकारी को पुष्प गुच्छ एवं शॉल से सम्मानित किया गया एवं सभी पदाधिकारियों को अगले कार्यस्थल पर और बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी गई।

### एसडीएम ने किया सिधाव आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसडीएम गौरव कुमार ने गुरुवार को बगहा दो प्रखंड के भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय सिंधाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय के छात्रावास, रसोईघर, कंप्यूटर प्रयोगशाला और सभी कक्षाओं का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, स्कूल छात्रों की उपस्थिति, अनुशासन और कक्षाओं में पढ़ाई की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही कंप्यूटर प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली और उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी ली।एसडीएम ने छात्रावास का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान उन्होंने रसोईघर की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता और समय पर छात्रों को भोजन उपलब्ध कराने को लेकर प्रबंधन को निर्देशित किया।एसडीएम ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और विद्यालय परिसर व छात्रावास में साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर एसडीएम के साथ भवन प्रमंडल बगहा के कनीय अभियंता और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### उच्च विद्यालय पटखौली की प्रबंध समिति की बैठक

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को नगर के प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटखौली में प्रबंध समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बगहा विधायक राम सिंह एवं संचालन प्राचार्य नागेंद्र प्रसाद ने की। बैठक में विद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए साइकिल स्टैंड निर्माण कराने पर सहमति बनी। ताकि छात्राओं को साइकिल पार्किंग की सुविधा मिल सके। बैठक के दौरान विद्यालय में नाइट गार्ड के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई।सदस्यों ने सर्वसम्मति से गोविंद ठाकुर को नाइट गार्ड नियुक्त किया। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने तथा विद्यालय परिसर के विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत से चर्चा की गई। इस अवसर पर बगहा विधायक राम सिंह,अचिंत्य लला, प्राचार्य नागेंद्र प्रसाद, समिति सदस्य धनश्याम शर्मा, हरेंद यादव सहित शिक्षक एवं अभिभावक आदि मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त ने किया रात्रि सफाई का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी बुधवार की रात नगर में रात्रि सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक देख आयुक्त ने संतोष जताया। रात में अचानक नगर आयुक्त सफाई का जायजा लेने पहुंच गए। बता दे कि हाल ही में व्यावसायिक क्षेत्र में रात्रि सफाई की शुरूआत की गई है। सफाई के लिए दो रूट बनाया गया है। हरिवाटिका चौक से समाहरणालय चौक, मोहर्रम चौक, जनता सिनेमा चौक, तीन लालटेन चौक, लाल बाजार होते हुए चिल्ड्रन पार्क तक जबकि दूसरे रूट में डीएम आवास से कविवर नेपाली चौक, ट्रैफिक चौक, मीना बाजार, अस्पताल रोड होते हुए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल तक रात्रि सफाई की शुरूआत हुई है। व्यावसायिक क्षेत्र होने के कारण दिन में भीड़ की वजह से दिन के सफाई के अलावा रात्रि सफाई का निर्णय लिया गया था।

### एचएम के निलंबन में देरी पर पंचायत सचिव से जवाब तलब

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड की राजपुर तुमकड़िया पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर उर्दू की प्रभारी एचएम नीपु कुमारी को निलंबित नहीं करने के मामले में बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने पंचायत सचिव मोहम्मद जलालुद्दीन से जवाब तलब किया है। बीडीओ श्री सिंह ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों ने एक शिकायत पत्र में सूचित किया है कि इस मामले में अभी तक पंचायत सचिव द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बीडीओ ने स्पष्टीकरण पत्र में ये भी बताया है कि पंचायत सचिव की निष्क्रियता के कारण पिछले पांच दिनों से गांव में विधि-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका व्यक्त की गई है। उन्होंने पंचायत सचिव के इस कृत्य को वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना और अपने कर्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता बताया है। बीडीओ ने पंचायत सचिव को निर्देश दिया है कि पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर इस संबंध में अपना जवाब कार्यालय को देना सुनिश्चित करे।

# कांग्रेस शासनकाल में बिहारियों के साथ हुआ खिलवाड़: विजय सिन्हा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस-राजद के शासन काल में बिहारियों के मान-सम्मान से खिलवाड़ हुआ है। बिहारी होना गाली था। लालू-राबड़ी ने बिहार को मजाक बनाकर रख दिया था। उस समय हत्या-लूट,बलत्कार, व अपरहण उद्योग चला। समाज के हर वर्ग के नौजवान को हथियार देकर अपराधी बनाया था। गुरुवार को योगापट्टी प्रखंड के नरसिंह नारायण स्टेडियम मच्छरगांवा में एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कही। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष कांग्रेस देश में व 15 वर्ष राजद ने राज्य में शासन किया। दोनों युवराज अब लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। गुंडाराज स्थापित करना चाहते हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि इनके डीएनए में वोट चोरी है। उस समय बूथ से जीन निकलता था। लोग वोट नहीं दे पा रहे थे। जब 2005 में जनता की आशिर्वाद से जब एनडीए सता में आई तो जीन को बोतल में बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नया बिहार बनाना है। जाति-धर्म से उठकर अब जमात की राजनीति करनी है। मां जानकी धरती बिहार है। अयोध्या में राम को लाये हैं व अब राम राज्य स्थापित कर उन्हें भी लाएंगे। मंत्री ने कहा कि लालटेन युग में बच्चे पढने व रोजगार के लिए दूसरे राज्य में जाते थे। आज राज्य के सभी जिले में तकनीकी संस्थान खुल गया है। नौकरी से लेकर रोजगार काम हुआ है। सरकार का खजाना खुला है,तो गरीबों के लिए खुला है। कमीशनखोरी खत्म हुई है। डिप्टी सीएम ने पीएम मोदी देश व सीएम नीतीश को राज्य के लिए विकास का डॉक्टर बोला।पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने कहा



कि 2005 से पहले विकास क्या था। वह सबके सामने था। शाम ढलते ही घर का दरवाजा बंद हो जाता था। लोग घरों में घुस जाते थे। बेटा शाम 7 बजे घर नहीं आये तो चिंता हो जाती थी। अब बदला बिहार है। सुशासन का राज्य है। 12 बजे रात तक बेटी घर नहीं आये,तब भी चिंता नहीं होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले दशहरा है। पहले असत्य पर सत्य का विजय होगा। उसके बाद गोधन पर दरिद्र को खेदकर फिर एनडीए का शासन लाना है। पलायन लालू-राबड़ी राज्य में हुआ है। साढे 12 लाख नौकरी व 50 लाख लोगों को रोजगार मिला है। मंत्री ने तेजस्वी को लालबाबू कहते हुए कहा कि बाबू-माई तो चारा खाये,अलकतरा पी गये। जब लालू जेल गये तो पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिये। उन्होंने राहुल को पप्पू कहा। आये, झलक दिखाया व मलेसिया चले गये।वोटर अधिकार के नाम पर सबको ठगा। लौरिया विधायक विनय बिहारी ने कहा राजद,जनसुराज पर तंज कसा। कहा बरसाती मेंढक के तरह आये हैं। कहा कि जो सरकार में नहीं है,वह आश्वासन दे रहा है। वह क्या देंगे। उन्होंने ने कहा कि जो विकास कर रहा है। जो सारी सुविधाएं दे रहा है। उसे ही चुनिये व गुनिये। अपने किये गये विकास के लिए बनिहारी भी मांगी।उन्होंने ने पीएम मोदी को संत कहा। जदयू के पूर्व सांसद दुलारचंद्र गोस्वामी ने कहा कि वर्ष 2010 में राजद व कांग्रेस का जनता बुरा हाल कर दी थी। कांग्रेस को 4 व राजद को22 सीट मिली थी। उस समय कांग्रेस से ज्यादा विधायक निर्दलीय थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबका साथ दिया है। हर स्तर पर विकास किया है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। लौरिया विधायक ने डिप्टी सीएम को प्रतिक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन भाजपा के जिलाध्यक्ष रुपक श्रीवास्तव ने किया। अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुध्न प्रसाद कुशवाहा ने की। मौके लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव कैप्टन नंद कुमार, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा,रालोसपा के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार कुशवाहा, हम के जिलाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, वार्ड पार्षद धनंजय सिंह, जदयू के सुमित कुमार सिंह उर्फ बबलू,बीजेपी के लौरिया विधानसभा के प्रभारी आनंद सिंह, कौशलकिशोर पांडेय,विजय पांडेय, चिंटू सिंह, आनंद सिंह,दीपक सिंह राजपूत, दीपू सिंह, राजीव कुमार सिंह,जदयू के शंभू कुशवाहा,भोलू कुमार आदि भी मौजूद रहे।

## तीन दर्जन पर्यटकों को सुरक्षित लाया गया निकटवर्ती भारतीय शहर रक्सौल

**आदापुर ( पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी का सिलसिला जारी है। बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के सहयोग से अब तक करीब तीन दर्जन से अधिक भारतीय नागरिकों को निकटवर्ती



भारतीय शहर रक्सौल तक सकुशल पहुंचाया गया है।सुरक्षित वतन वापसी पर नागरिकों ने भारतीय दूतावास और भारतीय प्रशासन को धन्यवाद दिया। गौर तलब है कि नेपाल में जारी राजनीतिक संकट और भारी उथल-पुथल के बीच भारतीय नागरिकों को सुरक्षित देश वापस लाने का काम तेज कर दिया गया है। बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास और भारतीय प्रशासन के संयुक्त प्रयास से अब तक 38 भारतीय नागरिकों को नेपाल से सकुशल बाहर लाकर बिहार की सीमा रक्सौल पहुंचाया गया है। इनमें 22 लोग आंध्र प्रदेश के और 16 कर्नाटक के निवासी हैं।जानकारी के अनुसार, नेपाल के विभिन्न हिस्सों में फंसे भारतीय नागरिक दूतावास से लगातार संपर्क में थे। राजनीतिक स्थिति बिगड़ने के कारण उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थान पर लाने की प्रक्रिया शुरू की गई।भारतीय दूतावास ने स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से इन सभी नागरिकों को पहले बीरगंज तक पहुंचाया और वहां से उन्हें रक्सौल सीमा पार कर भारत में प्रवेश दिलाया।

## नेपाल जेल से फरार बांग्लादेशी नागरिक रक्सौल बॉर्डर पर गिरफ्तार

### कोलकाता जाने की फिराक में था मोहम्मद अब्दुल हसन

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल में जेल ब्रेक के बाद काठमांडू केंद्रीय जेल से फरार हुए बांग्लादेशी नागरिक को सशस्त्र सीमा बल (रसइ) ने बिहार के बीरगंज-रक्सौल बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। एसएसबी की 47 वीं बटालियन ने बुधवार को रक्सौल-बीरगंज अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक की पहचान मोहम्मद अब्दुल हसन ढाली के नाम से की गयी है। वह नेपाल में सोना की तस्करी मामले में पिछले पांच वर्षों से काठमांडू के केंद्रीय जेल में बंद था। नेपाल में चल रहे 'जेनरेशन जेड' आंदोलन के दौरान हुए जेल ब्रेक में अब्दुल काठमांडू केंद्रीय जेल से भाग



निकला था। जेल ब्रेक के तीसरे दिन बुधवार की दोपहर में अब्दुल नेपाल की राजधानी काठमांडू से तमाम सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर भारत-नेपाल के अंतराष्ट्रीय बॉर्डर तक पहुंचा। वह भारतीय सीमा चौकी संख्या 378/15 के समीप सीमा पार करने का प्रयास कर रहा था जब एसएसबी की टीम ने उसे गिरफ्तार किया। एसएसबी के उप समादेष्टा नीरज कुमार ने बताया कि 'अब्दुल ने स्वीकार किया है कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और सोने की तस्करी में लिप्त रहा है। इसी सिलसिले मे वह काठमांडू सेंट्रल जेल में बंद था।काठमांडू केंद्रीय जेल ब्रेक के बाद वह,वहां से भागकर यहां पहुंचा है। उसने भारतीय सीमा में अवैध रूप प्रवेश किया है और बांग्लादेश जाने के लिए वह कोलकाता जाने वाला था।'एसएसबी ने वैधानिक कार्रवाई के लिए गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक अब्दुल को पूर्वी चंपारण की पुलिस को सौंप दिया है। इस गिरफ्तारी ने 'जेन जेड' आंदोलन से पैदा हुई चुनौतियों को रेखांकित किया है। यह भी स्पष्ट हुआ है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूर्ण सतर्क मुद्रा में हैं और ऐसी चुनौतियों से निपटने को तैयार हैं।

## पिकअप पर लदी तस्करी के 41 कार्टन शराब जब्त

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मध निषेध पुलिस ने बुधवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर धनहा रतवल मार्ग से पिकप वैन में छुपाकर लाई जा रही 41 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया है।वही पुलिस ने मौके से एक तस्कर को धार दबोचा है। थानाध्यक्ष सह निरीक्षक मध निषेध बगहा प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मद्य निषेध को लेकर पुलिस जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य सड़क समेत शाखा सड़कों में पैनी नजर बनाई हुई है। ताकि शराबी व शराब तस्करों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि यूपी से भारी मात्रा में शराब का खेप बिहार सीमा में लाई जा रही है। जिसको देखते हुए पुलिस ने चौकसी बरतते हुए धनहा व रतवल पथ में पैनी नजर रखी थी। तभी धनहा की ओर से एक पिकअप आती हुई दिखाई दी। पुलिस को देख चालक वाहन को तेजी से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस को इस पर शक हुई और पिकअप वैन को रोककर जब तलाशी ली गई तो वाहन में छुपा कर रखें 41 पेटी यानि 1965 पीस विदेशी शराब बरामद किया गया। वहीं पुलिस ने मौके से शराब तस्कर को धर दबोचा। वही थानाध्यक्ष सह निरीक्षक बगहा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान यूपी के पिपराइच थाना के पिपराइच गांव निवासी सुग्रीव यादव के रूप में की गई है ।

## वोटर अधिकार यात्रा के सफल समापन पर कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस कमिटी कार्यालय गांधी आश्रम में गुरुवार को एक भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन कर कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने की। जननायक श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में संचालित वोटर अधिकार




यात्रा के सफल समापन के उपरांत, जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा सभी पदाधिकारीगण एवं प्रखंड अध्यक्षगणों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की एकजुटता और जनता की आवाज को सशक्त बनाने की दिशा में उनके अथक परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा ने पूरे जिले में एक नया जोश और उत्साह पैदा किया है। यह यात्रा न केवल जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। बल्कि कांग्रेस संगठन को भी और अधिक मजबूत बना रही है। कांग्रेस पार्टी जिले के बारहों विधानसभा क्षेत्रों में पूरी मजबूती के साथ तैयार है और हम सब मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव जनता की ताकत और अधिकार की आवाज रही है और रहेगी। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव, पंचायत-पंचायत तक जाकर जनता की समस्याओं और मुद्दों को सामने लाएगा और उसके समाधान के लिए संघर्ष करेगा। इस सम्मान समारोह में प्रो० विजय शंकर पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुनमुन जयसवाल, किरण कुशवाहा ,पप्पू रंजन मिश्रा, डॉ जियाउल हक, जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुखिया ने सीओ से पंचायत में मौजावार सरकारी भूमि का मांगा ब्यौरा

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत शेरहवा पंचायत के मुखिया अनुपधर दुबे उर्फ पिंटू दुबे ने पंचायत में विकास कार्यो के क्रियान्वयन को लेकर सीओ को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने सीओ के एनओसी वाले पत्र का हवाला देते हुए पंचायत में मौजावार उपलब्ध सरकारी भूमि का ब्योरा मांगा है। मुखिया ने सीओ के अलावा बीडीओ, डीडीसी समेत राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी पत्र भेजा है। पत्र में मुखिया ने मांग किया है कि पंचायत के प्रत्येक मौजा में सरकारी भूमि का खाता, खेसरा और रकबा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही पंचायत में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाय। ताकि पंचायत में विकास कार्यो को सुगमता से किया जा सके। मुखिया ने यह भी कहा है कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से पहले केवल पंचायत और नगर परिषद को हीं अंचल प्रशासन से एनओसी लेना है अथवा जिला परिषद, विधायक और सांसद को भी इसका एक पत्र भेजा गया है। मुखिया ने बताया कि अंचल प्रशासन एनओसी के लिए पत्र तो जारी करता है, लेकिन जब अंचल से एनओसी मांगा जाता है तो नहीं जाता है। उन्होंने बताया कि पंचायत में खेल मैदान जो कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसे 31 मार्च तक पूर्ण कर लेने का लक्ष्य निर्धारित था।

## सभी संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी दो दिनों के अन्दर लंबित ट्रांजेक्शन को समाप्त करें : उप विकास आयुक्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में उप विकास आयुक्त, मोतिहारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक की गई जिसमें निदेशक, एन०ई०पी०, निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कार्यपालक अभियंता



(मनरेगा), सभी कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), सभी कनीय अभियंता एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे। समीक्षा में पीएमएवाई (जी) कन्वर्जेन्स में कुल 23838 मस्टर रॉल निर्गत करना है, जिसमें कम लक्ष्य प्राप्त करने वाले कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड - चकिया 23.18%, पकड़ीदयाल 27.62%, पताही 27.77%, केसरिया 31.24 %, चिरैया 34.56 % एवं तुरकौलिया 39.56 % मात्र मस्टर रॉल निर्गत किया गया । संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित प्रगति प्राप्त कर लिया जाएगा। जिला अन्तर्गत कुल 9,50400 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें मात्र 3,96300 पौधारोपण किया गया है, जिसमें कम लक्ष्य प्राप्त करने वाले कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड-बंजरिया 15.28 %, सुगौली 41.67%, मेहसी 52.56%, रामगढ़वा 53.13 %, एवं छौड़ादानों 57.78% पौधारोपण का कार्य किया गया है। सभी तकनीकी कर्मी को विभागीय निदेर्शानुसार 15 सितम्बर तक शत-प्रतिशत पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया।

## प्रभारी जिला जज ने प्रचार रथ को किया रवाना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी दिनांक 13 सितंबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत की सफलता को लेकर आम जनों के बीच प्रचार प्रसार को ले प्रभारी



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार यादव ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रचार रथ का मुख्य उद्देश्य आम जनों के बीच छोटे-छोटे वादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत में कराए जाने को ले जागरूक करना है। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत की सफलता को लेकर व्यवहार न्यायालय बेतिया में कुल 22 बेंच बनाए गए हैं तथा अनुमंडल विधिक सेवा समिति बगहा में कुल 9 बेंच का गठन किया गया है ताकि पक्षकारों को अपने वादों को निपटारा करने में कोई दिक्कत नहीं हो।

## मुखिया संघ की बैठक में पंचायत के विकास कार्यो पर चर्चा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुखिया संघ की एक बैठक बुधवार की देर शाम अध्यक्ष सह पुरैनिया हरसरी के मुखिया अजीत कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे की अध्यक्षता में भभटा मुखिया नवीन प्रसाद के आवास पर संपन्न हुई। इस बैठक में पंचायतों के विकास कार्यों में आ रही बाधा व समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सभी मुखियों ने अपने पंचायतों के विकास में आने वाली समस्याओं को प्रमुखता से अध्यक्ष के समक्ष रखा। इसके साथ योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी एवं फंड का अभाव, के साथ प्रसाशनिक असहयोग आदि की बात भी बैठक में प्रमुखता उठायी गयी। सभी समस्यायों को सुनने के बाद संघ की ओर से यह निर्णय लिया गया कि इस संबंध सभी मुखिया बीडीओ से मिलकर एक ज्ञापन देंगे। वहीं प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अजित कुमार दुबे ने सभी मुखियों को आश्वस्त कराया कि पंचायतों की विकास में आने वाली समस्याओं का समाधान एकजुटता से होगा। उन्होंने कहा कि संघ सभी मुखियों के साथ खड़ा है। बैठक के उपरांत अध्यक्ष श्री दुबे एवं उपाध्यक्ष अभिजीत कुमार उर्फ सन्नी दुबे ने कहा कि कुछ मुखिया व उनके प्रतिनिधियों द्वारा विते दिनों संघ के भंग होने की झूठी बात फैलाई गयी थी। इस पर बैठक में उपस्थित सभी मुखियों ने इसकी निंदा की और कहा कि पूर्व में गठित संघ और उसके सभी पदाधिकारी संघ में अपने अपने पद पर बने हुए हैं।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा के दूसरे दिन आठवीं तक बच्चों की हिंदी व गणित की परीक्षा हुई

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना के तत्वावधान में आयोजित कक्षा एक से आठ तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा दूसरे दिन गुरुवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में वर्ग एक से आठ तक तथा पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालयों में वर्ग छह से आठ तक के अध्ययनरत छात्र - छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। 10 से शुरू हुई परीक्षा 18 सितंबर को सम्पन्न होगी। इस संबंध में बीईओ सरोज कुमार सिंह ने बताया कि सभी स्कूलों में प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। मैट्रिक परीक्षा की तर्ज पर शिक्षक अपने विद्यालय को छोड़कर दूसरे विद्यालय में वीक्षण कार्य कर रहे है।

## अब बिहारी कहलाना गर्व की बातः राजीव रंजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन सिंहा ने कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आधुनिक बिहार के विश्वकर्मा है। उन्होंने राज्य का नया स्वरुप प्रदान किया है। आज बिहारी कहलाना गर्व की बात बन गयी है। वे गुरूवार को स्थानीय परिसदन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार राज्य की जनता एवं कर्मियों के लिए नये योजनाओं की घोषणा के साथ हीं उसे मूर्त रुप दे रहे है तो विपक्षी दलो के लोग इसे कॉपी करना बता रहे है। जबकि नीतीश कुमार क्या किसी की कॉपी करेंगे जब आरोप लगानेवाले हीं दसवीं पास नही कर पाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य का कायाकल्प कर दिया है। 51 लाख रोजगार के वादा में 12 लाख को नौकरी एवं 39 लाख लोगो



को अभी तक रोजगार मुहैया कराने का इस सरकार ने काम किया है। वहीं 2030 तक एक करोड़ रोजगार उत्पन्न करने के वादे को भी पुरा करने का काम किया जायेगा। राज्य की 2.99 करोड़ महिलाओं को दस दस हजार रोजगार के लिए प्रदान करने की योजना की शुरूआत कर दी गयी है। और उनके परफार्मेंस पर दो लाख अतिरिक्त राशि देने का वादा किया गया है। अब महिलाएं भी दूसरे को रोजगार देगी। राज्य में निवेशको को आमंत्रित किया जा रहा है। इस सरकार में शानदार फैसले किये गये है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए अपने 225 के लक्ष्य को हर हाल में पुरा करेगी। मौके पर पूर्व सांसद दुलालचंद गोस्वामी ने कहा कि जिलास्तरीय एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद अब विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का काम चल रहा है। सम्मेलन के माध्यम से कार्यकताओं में नया जोश भरने का काम किया जा रहा है।

# अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद में अलग-अलग मामलें में दो की मौत हो गई है। पहली घटना शहर के दौलतपुर के समीप की है। जहां देर रात नदी में डूबने से मिथिलेश चौधरी नामक युवक की मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुनते ही पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक मिथिलेश चौधरी ऑटो चालक था और अपने परिवार का भरण-पोषण ऑटो रिक्शा चलाकर करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिथिलेश चौधरी प्रत्येक दिन की तरह शुक्रवार को भी शाम करीब 7:30 बजे घर लौटा था। ऑटो रिक्शा घर के पास खड़ा करने के बाद वह शौच के लिए नदी किनारे गया था। परिजनों ने बताया कि इसी दौरान शायद वह फिसल गया होगा और गहरे पानी में चलाया गया। देर रात तक जब वे घर वापस नहीं आए, तो परिजनों को आशंका हुई। उन्होंने रातभर नदी किनारे और आसपास के इलाके में उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह होते ही स्थानीय मल्लाहों को खोजबीन के लिए बुलाया गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद अंततः रेलवे पुल के समीप से मिथिलेश चौधरी का शव बरामद हुआ। शव मिलते ही परिजनों और मोहल्ले के लोगों में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मोहल्ले में मातमी सन्नाटा छा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की आधिकारिक पुष्टि की जाएगी। **दूसरी घटना** स्थानीय सदर अस्पताल परिसर की है जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान अरवल जिला निवासी प्रमोद चौधरी के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी लापरवाही और मारपीट के कारण ही प्रमोद की जान गई है।





प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रमोद चौधरी को पुलिस ने एक दिन पहले शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया था और बाद में उसे जेल भेज दिया गया था। रात में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर पुलिस उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। परिजनों का सवाल है कि जब सब कुछ सामान्य था तो अचानक मौत कैसे हो गई? मौत की खबर सुनते ही प्रमोद के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में न तो डॉक्टर मौजूद थे और न ही पुलिसकर्मी। इससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। मृतक की साली गुड़िया कुमारी ने आरोप लगाया कि पुलिस हिरासत में मारपीट और इलाज में लापरवाही के कारण ही प्रमोद की जान गई। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रमोद चौधरी की मौत की घटना को लेकर अब तक न तो पुलिस और न ही प्रशासन की ओर से कोई बयान सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस हिरासत में कैदियों के साथ मारपीट की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। यदि किसी आरोपित की तबीयत बिगड़ती है तो उसका समय पर और सही इलाज होना जरूरी है। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## डायट गयाजी में कक्षा-2 के शिक्षकों के लिए निपुण लक्ष्य उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गयाजी में निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के तहत अभ्यास विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा वर्ग- 2 के नामित शिक्षकों का एक दिवसीय गैर आवासीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में डायट से जुड़े लगभग 27 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा वर्ग-2 के नामित शिक्षकों को इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने का अवसर प्राप्त हुआ। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरीय व्याख्याता डॉ. गणेश प्रसाद साव ने कहा कि यह कार्यक्रम निश्चित रूप से कक्षा- 2 में पढ़ने वाले बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में निपुण बनाने में सफल साबित होगी। जैसा कि ज्ञात हो यह कार्यक्रम एससीईआरटी, पटना के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। उस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन निपुण को सफल बनाना है। इस महत्वपूर्ण मिशन का लक्ष्य है कि कक्षा तीन तक के सभी बच्चे भाषा व गणित में आधारभूत दक्षता प्राप्त कर सकें। इस दौरान भाषा विषय के व्याख्याता वरुण कुमार तथा गणित विषय के व्याख्याता संजीत कुमार मुख्य साधन सेवी के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। वरुण कुमार ने बताया कि डायट गयाजी को एफएलएन की पूर्ण सफलता के लिए रिसोर्स सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि अभ्यास में शामिल स्कूलों के साथ-साथ पूरे गयाजी जिले के स्कूलों को इस कार्यक्रम से आच्छादित किया जा सके। उन्मुखीकरण के दौरान बताया गया कि निपुण विद्यालय ऐसे विद्यालय को माना जाएगा जहां प्रत्येक बच्चा कक्षा स्तर के अनुसार पढ़ने, लिखने और गणना करने में दक्ष हों। इसके लिए शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण, भाषा खेल, प्रश्नोत्तरी, संख्यात्मक खेल, कहानियां एवं कविताओं के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को रोचक और सहज बनाने पर जोर दिया गया। अंत में प्रतिभागी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए अपने विद्यालयों में बच्चों के लिए सीखने का माहौल बनाने पर जोर दिया गया जिससे कि बच्चे सरल, सहज और आनंदपूर्वक शिक्षा ग्रहण कर सके और अपनी प्रतिभा को एक नया आयाम दे सकें। इस अवसर पर साधन सेवी के रूप में हर्षित अवस्थी, शुभा पांडे, वर्षा कुमारी,डॉक्टर अमित रत्न द्विवेदी ने सहभागिता किया।



## धूमधाम से मनाई गई विनोबा भावे की 130वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोह (औरंगाबाद)।** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और आध्यात्मिक नेता विनोबा भावे की 130वीं जयंती गुरुवार को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित खादी ग्रामोद्योग समिति परिसर में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रबंधक काशीनाथ सिंह ने की। इस अवसर पर प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी शर्मा, पूर्व व्यवस्थापक राधे कृष्ण, अयोध्या चंद्रवंशी, सत्येंद्र सिंह, शेराज अंसारी, गोरख सिंह, संधीर कुमार, विजय चंद्रवंशी और रौशन कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने विनोबा भावे के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विनोबा भावे का संपूर्ण जीवन गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने सामाजिक समानता और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए समाज को नई दिशा दी। महात्मा गांधी के अनुयायी भावे जी ने भूदान आंदोलन चलाकर किसानों और भूमिहीनों के बीच भूमि वितरण का संदेश दिया।

## 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा 13 सितंबर 2025 को आयोजित की जाने वाली एकीकृत 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर आज समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स में जिला स्तर की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिंह, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चन्द्र चौधरी और सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षक उपस्थित थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बैठक में आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। इसमें परीक्षार्थियों के प्रवेश का समय, प्रश्नपत्र की समय पर पहुंच, परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाएं और अन्य आवश्यक निर्देश शामिल थे। उन्होंने बताया कि जहानाबाद जिले में कुल 17 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने सभी केंद्राधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सभी नियमों का पूर्णतः पालन किया जाए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पूर्व सुनिश्चित किया जाए ताकि परीक्षा सफल, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त रूप से संपन्न हो।

## जहानाबाद मॉडल रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य में सुस्ती पर डीआरएम ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अमृत भारत योजना के तहत जहानाबाद रेलवे स्टेशन को हाईटेक बनाने के काम में सुस्ती पर डीआरएम ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को लगाई फटकार। निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान डीआरएम विनोद कुमार ने गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए निर्माण एजेंसी को इसके लिए फटकार लगाया। इस दौरान रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए डीआरएम ने गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को समय से पूरा करने का निर्देश भी निर्माण एजेंसी को दिया। बता दें कि अमृत भारत योजना के तहत जहानाबाद रेलवे स्टेशन का उन्नयन और विकास करते हुए इसे मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 23 करोड रुपए की लागत से रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं समय से निर्माण कार्य नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। इसी को लेकर निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने नाराजगी जताई और निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिया। मिशन गति शक्ति के तहत स्टेशन के नए भवन के साथ यात्री सुविधाओं के विस्तार का कार्य जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर किया जा रहा है। निर्माण कार्यों को हालांकि कई महीने पहले ही पूरा कर लेना था लेकिन निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार होने के कारण अब तक सिर्फ निर्माण के बुनियादी ढांचे का निर्माण कार्य ही संभव हो सका है, जिसमें भवन के पहले तल के ढांचा सिर्फ बनाए गए हैं। ऐसे में यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्टेशन परिसर के साथ-साथ प्लेटफार्म संख्या एक और तीन का भी जायजा लिया, जहां पर साफ- सफाई तथा यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को गौर से अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में डीआरएम ने प्लेटफार्म संख्या तीन के पश्चिमी इलाके में चाहरदीवारी नहीं रहने को लेकर चारदीवारी निर्माण करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया।

## दाउदनगर कॉलेज में विनोबा भावे की जयंती पर सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर कॉलेज, दाउदनगर में आज विनोबा भावे की जयंती के अवसर पर विनोबा भावे के सामाजिक एवं राजनीतिक विचारों की प्रासंगिकता विषय पर एक सेमिनार का आयोजन दर्शनशास्त्र विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक एवं मुख्य वक्ता डॉ. बरुण कुमार चौबे ने कहा कि विनोबा भावे के सामाजिक एवं राजनीतिक विचार आज भी प्रासंगिक हैं एवं कालातीत हैं और वे महात्मा गांधी से प्रभावित थे। भूदान आंदोलन, सर्व धर्म समभाव एवं नैतिक राजनीति की बात जो उन्होंने की है वह आज भी प्रासंगिक है। मुख्य वक्ता डॉ. रोज़ी कान्त ने कहा कि उनका विचार अध्यात्म से ओतप्रोत था, वे बुद्ध के करुणा एवं गांधी के नैतिक विचारों को लेकर समाज सुधार का कार्य किये। डॉ.ज्योतिष कुमार ने कहा विनोबा भावे के गुरु महात्मा गाँधी थे और वे उन्हीं से प्रेरणा लेकर सामाजिक सुधार का कार्य किये। उन्होंने नारी को ससक्त बनाने एवं शिक्षा का उद्देश्य समाज का कल्याण एवं सेवा भाव हो जैसी बात कही है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र–छात्राएं मौजूद थे।




## जीटी रोड के किनारे बसे ओरा गांव के समीप प्रत्येक वर्ष होती है बड़ी दुर्घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जीटी रोड ओरा गांव के समीप प्रत्येक वर्ष बड़ी सड़क हादसे हो रहे हैं और यात्री अपनी जान से हाथ धो दे रहे हैं। बता दें कि जीटी रोड किनारे ही यह गांव बसा हुआ है। गांव के आसपास की हजारों की आबादी सड़क के एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए जीटी रोड का इस्तेमाल करती है। इस क्रम में दर्जनों लोगों की मौत पिछले कुछ वर्षों में हो गई है। स्थिति यह है कि यहां रहने वाले ज्यादातर परिवारों का कोई न कोई सदस्य सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ है और उनकी जान गई है। पूर्व में यहां अंडरपास का निर्माण की मांग की गई थी जो अब पूरा हो गई है और अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है। बता दें कि ओरा पंचायत के अंतर्गत आने वाले इस गांव में कुल पांच वार्ड हैं। वर्ष 2000 के बाद से 24 वर्षों में अब 75 से अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हो गई है। ओरा गांव जीटी रोड के बाएं तरफ बसा हुआ है। दूसरी तरफ गांव के लोगों की जमीन है। विभिन्न कार्यों के लिए लोग सुबह से ही सड़क पार कर दूसरी तरफ जाने लगते थे। इस क्रम में कई बार सड़क हादसे भी हुए है। साथ ही कई बार बड़ी वाहनों से यहां के लोगों को कुचल दिया है जिससे उनकी मौत हो गई। बता दें कि पूर्व में यहां छह लेन सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद यहां अंडरपास की मांग की गई थी परंतु शुरुआत में उसे खारिज कर दिया गया था। बाद में प्रशासनिक पहल और जनप्रतिनिधियों की मांग पर यहां भी अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। अंडरपास का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यहां अंडरपास के निर्माण होने के बाद सड़क दुर्घटनओं में काफी हद तक थम जाएगा।




## पानी से भरे गड्ढे में फिसलकर एएसआइ और चौकीदार घायल

### आवागमन में लोगों को हो रही भारी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क पर बह रहे पानी की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। थाना के पुसअनि उपेंद्र महतो और बाइक चला रहे चौकीदार कामदेव पासवान सड़क पर बने पानी से भरे गड्ढे में गिरकर घायल हो गए। दोनों को पुलिसकर्मियों की मदद से नजदीकी निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घटना उस समय हुई जब एएसआई उपेंद्र महतो और चौकीदार पासवान मोटरसाइकिल से औरंगाबाद न्यायालय चार्जशीट जमा करने एवं अन्य कार्य के लिए जा रहे थे। कासमा बाजार के पास सड़क पर पानी भरे गड्ढे में अचानक बाइक असंतुलित हो गई और दोनों गिर पड़े। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब एक महीने से इस सड़क पर लगातार पानी बह रहा है, जो दुगुल पहाड़ से निकलकर धावा नदी की ओर जाता है। लेकिन बहाव का रास्ता अवरुद्ध हो जाने से पानी सीधे सड़क पर फैल गया है। इसके कारण सड़क कई जगह टूटकर गड्ढों में बदल गई है, जिससे रोजाना लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग रफीगंज, मदनपुर, आमस सहित कई सुदूर इलाकों को जोड़ता है। पानी का बहाव कासमा थाना गेट से होकर भी गुजरता है, जिससे पुलिसकर्मियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।



## जिला परिवहन कार्यालय द्वारा स्कूली वाहनों के लिए चलाया गया सघन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जिले में संचालित स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक तथा सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक सक्रिय रूप से शामिल रहे। जांच का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं संचालित वाहनों में आवश्यक मानकों का पालन करवाना शामिल था। अभियान के दौरान जिले के कुल 185 विद्यालयों के 437 वाहनों की गहन जांच की गई। इस प्रक्रिया में विभिन्न विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों में पाई गई खामियों और नियम उल्लंघन के मामलों में कुल 2,05,000/- का जुर्माना वसूल किया गया। जिन वाहनों में तकनीकी या सुरक्षा संबंधी कमियां पाई गई, उन्हें एक सप्ताह के भीतर ठीक कराने का निर्देश विद्यालय संचालकों को दिया गया है, अन्यथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस जांच अभियान के बाद जिला प्रशासन द्वारा यह भी अपील की गई है कि सभी अभिभावक समय-समय पर अपने बच्चों द्वारा उपयोग किए जा रहे स्कूली वाहनों की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा अवश्य करें, ताकि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। यह अभियान बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन का एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कई ऐसे विद्यालय संचालित हो रहे हैं जहां खुले ऑटो रिक्शा या कबाड़ा गाड़ियों में ठूंसकर विद्यालय लाय जाता है।

## पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने युवाओं और नए मतदाताओं के बीच बांटा अभिनंदन पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने युवाओं और नए मतदाताओं को साधने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी हसपुरा उत्तरी मंडल की ओर से ग्राम रघुनाथपुर, पिरु, गवसपुर, पुरहारा, बिरहारा और बंधु बिगहा सहित विभिन्न गांवों के बूथ संख्या 6 से 18 तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने प्रस्तावित अभिनंदन पत्र युवाओं और नए मतदाताओं के बीच वितरित किया। पत्र के माध्यम से उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और कहा कि पहला मतदान सिर्फ अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। उन्होंने अपील की कि नया और युवा मतदाता मतदान कर अपनी ताकत का परिचय दे तथा गोह विधानसभा को बिहार की सबसे प्रगतिशील विधानसभा बनाने का संकल्प ले। पूर्व विधायक ने कहा कि आपका एक-एक वोट न केवल प्रतिनिधि का चुनाव करेगा बल्कि गोह विधानसभा का सुनहरा भविष्य तय करेगा। अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना, पूर्व मंडल महामंत्री अनिल आर्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश शर्मा, मंडल मंत्री गनौरी राम, बूथ अध्यक्ष चंदन कुमार सहित दीपक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रामाशीष साव, अर्जून साव, नंदन यादव, शिवकुमार साव, अमरेन्द्र कुमार, कनिष्ठ कुंदन, गजाधर सिंह और शंकर दयाल सिंह मौजूद थे।

## एक नजर

### पशुपालन विभाग का शिविर आयोजित

**हसपुरा।** प्रखंड के जैतपुर पंचायत अंतर्गत पटेल चौक पर गुरुवार को पशुपालन विभाग की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पशुओं में तेजी से फैल रही लंपी स्किन डिजीज के संक्रमण की रोकथाम करना था। जानकारी के अनुसार, प्रखंड के कई गांवों में यह बीमारी फैल चुकी है और सबसे अधिक प्रभावित गायें हो रही हैं। शिविर का नेतृत्व 1962 मोबाइल पशु चिकित्सक डॉ. अक्षय कुमार ने किया। इस दौरान डॉ. आशुतोष कुमार, पैरावेट सुनील कुमार, आनंद कुमार, अरविंद कुमार, बरुण कुमार और मोहम्मद रिजवान सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे थे। शिविर में पशुपालकों को बीमारी से बचाव की जानकारी दी गई तथा प्रभावित व स्वस्थ दोनों प्रकार के पशुओं को निःशुल्क टीकाकरण किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की दवाएं भी मुफ्त में उपलब्ध कराई गईं। मोबाइल पशु चिकित्सक डॉ. अक्षय कुमार ने बताया कि लंपी बीमारी छुआछूत की है और इससे बचाव के लिए पशुओं के रहने के स्थान पर विशेष साफ-सफाई जरूरी है। उन्होंने पशुपालकों को नियमित रूप से डिटॉल एवं फिनाइल का छिड़काव करने और मच्छरों से पशुओं की सुरक्षा पर जोर दिया।

### आचार्य विनोबा भावे की जयंती मनी

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति की ओर से गुरुवार को हसपुरा बाजार स्थित ग्रीन हाउस परिसर में आचार्य विनोबा भावे की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीपीआई नेता राम एकबाल सिंह ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे ने देशवासियों में आत्मत्याग और आत्मसम्मान की चेतना जगाई। उन्होंने भूमि समस्या का अहिंसक समाधान प्रस्तुत करते हुए 1951 में हैदराबाद से भूदान आंदोलन की शुरुआत की थी। इस आंदोलन में हजारों लोगों ने लाखों एकड़ जमीन दान में दी थी। रिटायर्ड शिक्षक हृदयानंद सिंह ने भावे को नमन करते हुए कहा कि उनका भूदान दर्शन आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की नींव रखी। समिति के सेल्स मैनेजर प्रमोद सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जयंती के अवसर पर खादी वस्त्रों की खरीद पर 25 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने वाले तीन महान व्यक्तित्व गांधी, विनोबा और जयप्रकाश हैं। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार, श्याम किशोर यादव, लालबाबू दास, बिपत राम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने आचार्य विनोबा भावे के जीवन, दर्शन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### युवा चेतना दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के नवाबगंज बाजार में राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह छरियारी पंचायत के पूर्व मुखिया रामाशीष यादव के सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर युवा चेतना दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले एवं प्रखंड के कई गांव के युवाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता मखदुमपुर बाजार निवासी आशीष कुमार, द्वितीय विजेता कुड़वा निवासी सुरेंद्र यादव एवं द्वितीय विजेता महंगूपुर निवासी सोनू कुमार घोषित किए गए। जिन्हें आयोजको के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। वही कार्यक्रम में आए लोगों ने स्वर्गीय यादव के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम के आयोजक संतोष कुमार ने कहा की पुण्यतिथि के मौके पर युवाओं के बीच 2500 मी का युवा चेतना दौड़ आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सुरेश प्रसाद, रामप्रवेश यादव, सिंटू कुमार, शिव कुमार, हरेंद्र केवट, अरुण यादव, तेज प्रताप, रंजन कुमार, कपिल यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### कोर्ट के निर्देश पर वारंटी गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने बुधवार की रात्रि जमुआ गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान उस गांव निवासी योगेश पासवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि प्राथमिक दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। बुधवार की रात्रि उसके घर पर होने की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में छापेमारी कर वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जहानाबाद में मतदाता जागरुकता अभियान आयोजित




**जहानाबाद।** 217- घोषी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कार्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी धनंजय कुमार एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मीरा कुमारी ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी धनंजय कुमार ने उपस्थित सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीप का उद्देश्य मतदाता शिक्षा, जागरुकता फैलाना और नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देकर उन्हें सक्षम एवं सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह मतदाता के रूप में पंजीकृत हो और प्रत्येक चुनाव में सूचित एवं नैतिक तरीके से मतदान करे। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मीरा कुमारी ने कहा कि सेविकाएं अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं एवं ग्रामीण समुदाय के लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस अवसर पर यह भी रेखांकित किया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। जितने अधिक मतदाता जागरूक होंगे, उतना ही अधिक निष्पक्ष एवं सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना संभव हो सकेगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–19–25, दिनांक 08.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–19–25 के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 02 वर्ष के लिए रामपुरहाट–दुमका शाखा में टीआरडी मेंटेनेंस एवं ब्रेकडाउन गतिविधियों की आउटसोर्सिंग तथा रामपुरहाट–मुरारई में नई तृतीय लाइन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,01,63,014.70, **बयाना राशि/ बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,00,800/–, **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 07.10.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-286/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**विस्तृत निविदा सं.: 02–डब्ल्यूटी–सीएओ–सी–आरएसपी–ईआर 25–26 (खुली निविदा), ई–निविदा प्रणाली, दिनांक: 09.09.2025,** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी/पूर्व रेलवे, 4था तल, 14, स्ट्रैंड रोड, एनकेजी, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** सीएओ/निर्माण/आरएसपी/पूर्व रेलवे के अधीन रोड ओवरब्रिजों, फुट ओवरब्रिजों और शेड के निर्माण के लिए विस्तृत डिजाइन एवं ड्रॉइंग तैयार करना। **अनुमानित मूल्य:** रु.6,89,34,781/–, **बयाना राशि:** रु. 4,94,700/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि :** 36 (छत्तीस) माह। **अंतिम तिथि:** 08.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

CON-37/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई. निविदा सूचना सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–डीडीसी–19–25–26

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : नई लाइन, दोहरीकरण, तीसरी और चौथी लाइन परियोजनाओं के लिए संरचनात्मक डिजाइन से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए विस्तृत डिजाइन सलाहकार (डीडीसी) की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी)। सीएओ/कॉन/उत्तर/पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रुघाट, पटना के तहत निर्माण संगठन की परियोजनाओं के लिए स्टेशन भवन, एफओबी, पीएफ शेल्टर और अन्य सहायक संरचनाओं सहित रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज आदि; 2. कार्य का लगभग मूल्य : ₹8,95,25,188/–; 3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹5,97,600/– ; 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 07.10.2025, चौदह तीस बजे, 5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि : उपरोक्त ई– निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्यः निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0937/सीएन/एन/एमएचएक्स/कॉन/टी/25–26/48

# फुलवारीशरीफ विधानसभा क्षेत्र का महाजुटान, विजय का संकल्प

## एनडीए सम्मेलन में उमड़ी हजारों की भीड़, महिलाओं की रही भागीदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** विधानसभा प्रखंड कार्यालय मैदान में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक रूप से सफल रहा. बरसात के बावजूद हजारों की भीड़ उमड़ी और खासकर महिलाओं की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। महिलाओं की यह भागीदारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला सशक्तिकरण, शराबबंदी, दहेजबंदी और कल्याणकारी योजनाओं पर भरोसे को दर्शा रही थी। फुलवारी में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ महादलित बेटियों द्वारा संचालित 'सरगम महिला बैंड' की शानदार प्रस्तुति से हुई। 'नारी गुंजन' संस्था के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी इन बेटियों ने सांस्कृतिक रूप से नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत कर सबका मन मोह लिया। बिहार सरकार की मंत्री शीला मंडल ने सरगम महिला बैंड के सभी सदस्य कलाकारो को चादर भेंटकर सम्मानित किया। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि यह भीड़ सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और जनसंपर्क का परिणाम है. उन्होंने कहा कि एनडीए के घटक दलों ने साझा सहयोग, समन्वय और एकजुटता की जो मिसाल पेश की है वह आने वाले विधानसभा चुनाव में महाविजय का आधार बनेगी। रजक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी पर जनता का विश्वास अटूट है और यह सम्मेलन उसी विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव-गांव तक लोगों से जुड़ना, उनकी समस्याओं को सुनना और सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना ही आने वाले समय में एनडीए को 225 सीटों तक ले जाने का रास्ता बनाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस जोश और जुनून को बनाए रखें और एकजुट होकर 2025 में फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लें। पूर्व विधायक अरुण मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें झोपड़ी से उठाकर यहां तक पहुंचाया है। उनके स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही मैं आज यहां खड़ा हूं। मैंने पहले भी अपने नेता के आदेशों का पालन किया है और आगे भी अक्षरशः पालन करूंगा. अरुण मांझी ने कहा कि भीड़ साफ संकेत दे रही है कि बिहार की हवा किस ओर बह रही है। पूर्व विधायक अरुण मांझी ने कहा कि 'यह सम्मेलन केवल राजनीति नहीं, सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। आज नीतीश कुमार के सुशासन का असर है कि बेटियाँ निर्भिक होकर अपना काम कर रही है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के सशक्तिकरण शराबबंदी और अन्य कई अनेकों योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है जिसे पूरी दुनिया देख रही है। बिहार ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में जन कल्याणकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया बाद में पूरे देश में उसे लागू किया गया है पूरे देश के राज्य में उसे अपनाया जा रहा है यह नीतीश कुमार की लोकप्रियता ही है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में में 2025 और फिर से नीतीशङ्क का नारा कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास है और फुलवारी शरीफ से जिस भी प्रत्याशी को उतारा जाएगा, वह भारी मतों से विजयी होगा। सम्मेलन में पर केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, बिहार सरकार की मंत्री शीला मंडल, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, पूर्व मंत्री श्याम रजक, विधान परिषद सदस्य रविंद्र प्रसाद सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष आफताब आलम, मसौढ़ी के पूर्व विधायक अरुण मांझी, लोजपा के चंदन यादव, राम पुकार, परशुराम पासवान भाजपा ग्रामीण पटना के नेता देवेंद्र प्रसाद समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और सभी घटक दलों के जिला, प्रखंड व मंडल अध्यक्षगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने की जबकि संचालन जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार ने किया। पटना महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल, लोजपा अध्यक्ष चंदन यादव, हम के रणविजय पासवान, रालोसपा के अशोक राम समेत हजारों की संख्या में पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा और ग्रामीण जनता शामिल हुई। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूर्व मुखिया संतोष कुमार सिंह ने कई बसों में भरकर अपने कार्यकर्ताओं को यहां लेकर पहुंचे। धन्यवाद ज्ञापन फुलवारी विधानसभा प्रभारी प्रिय रंजन पटेल ने किया।

# पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सिविल कोर्ट मसौढी में गुरुवार को एडीजे-2 संजीव कुमार की न्यायालय में चाचा भतीजा हत्याकांड में नामजद पांच अभियुक्तों को दो अलग-अलग धाराओ में सजा सुनाई गई है। जिसमें धारा 302 यानी हत्या में पांच अभियुक्तो को आजीवन कारावास एवं 10 हजार जुर्माना, वही धारा 201 यानी साक्ष्य छुपाने में पांच अभियुक्त को 7 साल कारावास एवं 5000 जुर्माना, जुर्माना नहीं देने पर तीन माह की कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर लोक अभियोजक सर्वानंद राय एवं पी.पी धनंजय कुमार ने बताया कि पुनपुन थाना कांड संख्या 231/12 जिसका सत्रवाद संख्या 1338/ 22 था जिसमें पांच अभियुक्तो में पिंटू कुमार पिता स्व विद्यानंद सिंह, मुन्ना कुमार पिता बृजनंदन यादव, खुशबू कुमारी पति पिंटू कुमार, धीरज कुमार पिता राम जी साव, मीना देवी पति स्व विद्यानंद सिंह सभी जटडुमरी के रहने वाले हैं। गौरतलब है की यह घटना पुनपुन थाना क्षेत्र के जट डुमरी गांव की हैं। जो बीते 4 जुलाई 2022 को शाम 4:00 बजे जैनेंद्र उर्फ चुन्ना और मनीष कुमार उर्फ उमेंद्र यह दोनों आपस में चाचा भतीजा थे, जो एक जमीन का एग्रीमेंट पिंटू कुमार से करवाए थे, जिसमें एक करोड़ दो लाख की राशि तय की गई थी, एक करोड़ पहले दे दिया गया था, और डेढ लाख रूपये देने पिंटू के घर पर गये थे, जहाँ पिंटू उसके सभी परिवार के मन में लालच आ गया और उन दोनों को चाय में नशा की गोली देकर उसे पहले बेहोश किया उसके बाद हत्या कर छोटे-छोटे टुकड़े में बांटकर पॉलिथीन में बांधकर रेलवे लाइन की तरफ फेंक दिए थे, घटना के बाद मृतक के भाई जितेंद्र कुमार ने काफी खोजबीन की और शक के आधार पर धीरज कुमार को पकड़ा गया।

# डीसीएलआर ऑफिस के विधि विशेषज्ञ पर केस दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी अनुमंडल के भूमि सुधार उपसहार्ता कार्यालय में विधि विशेषज्ञ के रूप मे कार्यरत पूजा कुमारी के खिलाफ मसौढी थाने मे प्राथमीकी दर्ज कराई गई है। कार्यालय के निर्देश पर प्रीतम कुमार के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। दिये गये आवेदन के आलोक मे लिखा गया है की पुजा कुमारी विधि विषेशज्ञ (अनुबंध) के द्वारा कार्यालय में अमर्यादित भाषा का प्रयोग एवं ऑफिस अटेन्डेस ग्रुप में अनाब-शनाब संदेश भेजने एवं दिनांक-09. 09.2025 को पुजा के द्वारा प्रभारी प्रधान लिपिक उमेश प्रसाद यादव से गोपनीय संचिका का अवलोकन हेतु मांग की गई थी लेकिन वो संचिका लेकर भाग गई। संचिका वापस लाने हेतु कार्यालय परिचारी अमित कुमार के द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता मसौढ़ी द्वारा संचिका लाने हेतु बोला गया। पूर्व में भी पुजा के द्वारा कई बार भूमि सुधार उप समाहर्ता की छवि को धुमिल करने का प्रयास किया गया है। पूर्व में भी कर्मियो पर इनके द्वारा शिकायत की गई, उसके बाद भी इनके द्वारा फिर से ऐसा दबाव बनाया गया एवं कर्मियों को झूठे केस में फंसाने की धमकी के कारण सरकारी कार्य को करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। एवं सभी कर्मी तनाव में है और सरकारी कार्य निर्वहन नहीं कर पा रहे है। एवं इनके द्वारा व्हाटसप ग्रुप में सुसाइड करने की, धमकी देकर दबाव बनाया जा रहा है, कि लोगों को झूठे केस में फसाने और मानसिक प्रताड़ना देने एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के कारण सुसंगत धाराओं पर प्राथमीकी दर्ज कारवाई की गई है बहरहाल दिए गए आवेदन के आलोक में प्राथमिक की दर्ज कर ली है और मामले की छानबीन में जुटी है। वही भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय से फिलहाल आरोपी पूजा कुमारी को हटा दिया गया है।

# क्लासरूम में गिरा छत का प्लास्टर, बाल-बाल बचे बच्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार भले ही लाख दावे करती हो, मगर उन दावों को आइना दिखा रहा है मसौढी प्रखंड का प्राथमिक विद्यालय भीमपुरा जहां महज एक कमरे में कई शिक्षक कई बच्चों को पढ़ा रहे हैं। यही नहीं एक कमरे में चल रहा पठन-पाठन का बदहाल ब्यवस्था का आलम यह है की छत का प्लास्टर झड़ रहा है। ऐसे में बुधवार को पढ़ाई के बाद लंच होने के महज कुछ समय पहले क्लासरूम में एकाएक छत का प्लास्टर डैस्क और बेंच पर गिर पड़ा, जहां पर बच्चे चोटिल होते-होते बाल बाल बच गए हैं। हलांकि उस वक्त बच्चे बेंच से निकल गये थे। अगर बैठे रहते तो शायद कोई अनहोनी हो सकती थी। प्राथमिक विद्यालय भीमपुर के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बताया कि छत का प्लास्टर बरसात की दिनों में झरकर गिरते रहता है। कई बार वरीय शिक्षकों को इस बारे में सूचना दी गई है। ई शिक्षा कोष पोर्टल पर भी विद्यालय में भवन नहीं होने की भी सूचना अपलोड की गई है। बावजूद अभी तक ना ही कमरों की संख्या बढ़ाई गई है। और ना ही इस पर कोई विचार हो पा रहा है। भीमपुरा प्राथमिक विद्यालय में बारिश के दिनों में काफी फजीहत झेलनी पड़ती है कभी कभार पूरे कमरे में पानी भर आता है इसे पठन-पाठन पूरी तरह से प्रभावित हो जाती है। वही विद्यालय प्रभारी इंचार्ज श्वेता कुमारी ने बताया कि बुधवार के दिन जैसे ही बच्चों का बीच मध्यान भोजन की छुट्‌टी हो रही थी उसी दौरान छत का प्लास्टर गिर गया था हलांकि बच्चे उठ चुके थे अगर पढ़ाई के दौरान गिरते हैं तो कोई भी हादसा हो सकता था प्राथमिक विद्यालय भीमपुरा के पढ़ाई के छात्रा जानवी कुमारी, छात्र मुन्ना कुमार, छात्रा किरण कुमारी आदि ने कहा की स्कूल का छत का प्लास्टर गिरने से हम लोग सभी दहशत में रहते हैं, हमारे विद्यालय में आज एक ही कमरा है उसी में सारी कक्षाओं की पढ़ाई होती है जिसे पढ़ने और पढ़ाने में भी बहुत परेशानी होती है।

# गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर, दियारा की सात पंचायतें जलमग्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** गंगा नदी का जलस्तर में चौथी बार वृद्धि होने के बाद दियारा के सात पंचायतों में टापू बना गया है। पिछले दो दिनों से गंगा नदी के जलस्तर स्थिर है जबकि गंगा नदी खतरे के निशान से डेढ फुट ऊपर बह रही है। दियारा के सात पंचायत बाढ के पानी से जलमग्नें हों गया है बाढ के पानी से दियारा के कासीमचक पंचायत में अस्पताल भी पानी में डूबा हुआ है। दियारा के अधिकांश सरकारी स्कूल पानी में डूबा हुआ है। अकिलपुर थाना परिसर में एक से डेढ फुट पानी घुस गया है। दियारे के निचले इलाकों में घरों व झोपडियों में तीन-चार फुट पानी घुसा हुआ है। संभावित बाढ़ को देखते हुए दियारावासियों रातजगा कर रहे हैं। दियारा में इससे पहले आई बाढ़ से लोगों को व्यापक नुकसान हुआ था और जनजीवन अस्त व्यस्त हो गई थी। दियारा के गांवों में अधिकंाश लोग गरीब और मजदूर तबके के हैं। यहां के किसानों और पशुपालकों को एक बार फिर से फसल के खराब होने और मवेशियों के रख-रखाव से लेकर चारे तक का संकट उत्पन्न हो गया है। पूर्व आई बाढ़ से दियारा क्षेत्र में सैकड़ों हेक्टेयर में लगी मक्का, पशुचारा और सब्जी की खेती पूर्ण रुप से बर्बाद हो चुकी है। बाढ़ नियंत्रण केंद्र के अनुसार गुरूवार को शाम में देवनानाला पर गंगा का जलस्तर 168।50 फुट रिकॉर्ड दर्ज किया गया। कनीय अभियंता ने बताया कि गंगा का जलस्तर दो दिन से स्थिर है। उन्होंने बताया कि इलाहबाद व बनारस में गंगा नदी स्थिर है। जबकि बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर में वृद्धि हो रहा है सीओ चंदन कुमार ने बताया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रशासन सजग है। उन्होंने बताया कि नासरीगंज घाट से पुरानी पानापुर घाट तक स्टीमर का परिचालन किया जा रहा है।

# नीतीश कुमार ने किया विकास का काम : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बाढ़।** बाढ़ के डाकबंगला में गुरुवार को एनडीए के द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद रविशंकर प्रसाद, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे तथा बाढ़ के स्थानीय विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस सम्मेलन में गक्ष् के पांचों घटक दल के नेता एवं कार्यकर्ता सैंकड़ों की संख्या में शामिल हुए। डालबंगला सभागार में जितनी भी कुर्सियां थी, सभी भरी हुई देखी गई। कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए कई बातों पर चर्चा की गई। आगत अतिथियों को बारी बारी से भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर प्रियरंजन तथा नेहा सिंह ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए डॉक्टर सियाराम सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता डाकबंगला पहुंचे। वहीं टीम रविरंजन के नेतृत्व में भी सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंच। इस अवसर पर मंगल पांडे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने उत्साह और जोश दिखाई दे रहा है, उससे यह प्रतीत होता है कि नीतीश कुमार के द्वारा किए गए जो विकास कार्य है, उससे लोग संतुष्ट है। कई लोग दूर दराज के गांव से भी कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे थे। मौके पर जदयू नेता राजीव रंजन पटेल, जदयू के जिलाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, शंभु नारायण सिंह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर सियाराम सिंह, भाजपा नेत्री नेहा सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय कुमार शाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजू, भाजपा नगर अध्यक्ष भोला शर्मा सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंग्रेजी शराब जब्त

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना के बेउर थाना पुलिस ने बुधवार को देर रात गुप्त सूचना के आधार पर महावीर कॉलोनी में छापामारी की। पुलिस को देखते ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। छानबीन के दौरान पुलिस ने एक आई10 कार और एक पिकअप वाहन को जब्त किया. दोनों वाहनों की तलाशी लेने पर 57 कार्टन विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब बरामद की गईद्ध थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस शराब तस्कर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# क्रिकेटर विराट वर्मा द्वारा वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के उपलक्ष्य में सम्मान कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेखपुरा।** स्पोर्टिंग क्लब और अररिया क्रिकेट टीम के बीच हुए फाईनल रोमांचक मुकाबले में तेरह वर्षीय ऑलराउंडर क्रिकेटर विराट वर्मा ने शेखपुरा स्पोर्टिंग क्लब की ओर से कप्तानी पारी खेलते हुए मात्र 65 गेन्दों में 129 रन बनाया। जिसमें सर्वाधिक 18 छक्के मारकर विराट वर्मा ने इंग्लैंड के क्रिकेटर इयोन मॉर्गन के 17 छक्के लगाने के विश्व रिकार्ड को तोड़ दिया था। इसी उपलक्ष्य पर आज केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अस्सिटेंट कमिश्नर, केन्द्रीय विद्यालय कंकड़बाग के प्रिंसीपल एम पी सिंह वाईस प्रिंसीपल प्रमोद कुमार, केन्द्रीय विद्यालय बेली रोड के वाईस प्रिंसीपल सह पूर्व क्रिकेटर राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से विराट वर्मा को सम्मानित किया। जिसमें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, प्लेयर ऑफ द मैच एवं विनिंग कप देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसीपल एम पी सिंह ने कहा कि मात्र तेरह वर्ष के विराट वर्मा में क्रिकेट के प्रति जोश और जुनून कुट कुटकर भरा हुआ है। अस्सिटेंट कमिश्नर सर ने कहा कि यह गौरव की बात है कि विराट वर्मा ने केन्द्रीय विद्यालय के नाम को ऊंचाई प्रदान करने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है । केन्द्रीय विद्यालय संगठन भी विराट वर्मा के साहसिक प्रदर्शन को देखते हुए हरसंभव मदद प्रदान करवाने का प्रयत्न करेगा। हाजीपुर (वैशाली) के लोकप्रिय समाजसेवी आलोक आजाद ने कहा कि मैं पिछले तीन साल से इस तरह वर्षीय विराट वर्मा के तूफानी क्रिकेट को देखता रहा हूँ। हमारा साथ और आशीर्वाद हमेशा इनके साथ है। शेखपुरा कॉंग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि आज के वक्त में क्रिकेट अमीरों और पैरवीकार लोंगों का खेल बन चुका है परन्तु उनमें से विराट वर्मा जैसे भी शूर वीर हैं जो कर्ण के जैसा अपने दम पर लोहा मनवाने का माद्दा रखते हैं। हमारी पुरजोर कोशिश होगी कि हम विपक्ष के कद्दावर नेता राहुल गाँधी से मिलवाकर विराट वर्मा के आर्थिक कमजोरी को खत्म करवा सकें।

## एक नजर

### हत्या के प्रयास मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन पुलिस ने नूरीचक गांव से हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसमें पुनपुन थाना कांड संख्या 272/ 25 दिनांक 08-09-25 हत्या के प्रयास में प्राथमिकी नामजद अभियुक्त अरविंद यादव पिता स्वर्गीय सोहराय यादव साकिन नूरीचक को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि वादी विजेंद्र कुमार पिता विनय साहू ग्राम नूरीचक बिते 4 सितंबर 2025 को भैंस बांधने के विवाद को लेकर अपने ही गांव के नीरज कुमार अरविंद यादव एवं चार और नामजद अभियुक्त के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ जिसमें विजेंद्र कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, जिसका इलाज हेतू पीएमसीएच रेफर किया गया था।

### लेफ्टिनेंट कामेश्वर पासवान की पुण्यतिथि मनी

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देश की सेवा करने वाले महान चिंतक लेफ्टिनेंट कामेश्वर पासवान की पैनापुर में छठी पुण्यतिथि मनाई गई। पासवान विकास मंच की अध्यक्षा अधिवक्ता मीरा रानी ने कहा कि उन्होंने उत्तम विचारों को अपने वाणी और आचरण में उतारा था। वे सादगी से जीवन जीने वाले समाजसेवी थे।वे मानते थे कि भारतीय-दर्शन में आधुनिक-समाज की सभी समस्याओं का निदान और सभी प्रश्नों के उत्तर अंतर्निहित हैं। उनके ज्येष्ठ पुत्र झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता ई जितेन्द्र पासवान, ई अमरेंद्र कुमार, ई रोहित, बैद्यनाथ पासवान, खदेरन पासवान, सोनी कुमारी, उत्तम, रितेश, मिथिलेश व शारदा पासवान समेत कई अन्यों ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मौजूद लोगों ने लेफ्टिनेंट कामेश्वर पासवान के जीवन से सीख लेने एवं सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

### ऑटो से 180 लीटर देसी शराब बरामद

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शाहपुर पुलिस गुरूवार को थाना के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक ऑटो घूमकर भागने लगा तो पुलिस ने खदेड कर पकडा। जब ऑटो की तलाशी लिया तो ऑटो में प्लास्टिक में छुपाकर रखा हुआ 180 लीटर देसी शराब बरामद किया गय है. तीन तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार रोहित कुमार दाउद्पुर शाहपुर, अर्जुन कुमार छितनावां मनेर व महेश कुमार नया टोला दानापुर निवासी है. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान शेरपुर की ओर से आ रही ऑटो से 180 लीटर देसी शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और गिरफ्तार रोहित, अर्जुन व महेश से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अवैध हथियार मामले में सुनाई तीन साल की सजा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिविल कोर्ट मसौढी बुधवार को जे.एम प्रथम श्रेणी न्यायाधीश आशुतोष कुमार की कोर्ट में अवैध हथियार रखने के मामले में अभियुक्त शशिकांत उर्फ शोरवी बिंद पिता स्व चंद्रदीप बिंद, रसूलपुर को तीन साल की सश्रम कारावास एवं 2 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। वही जुर्माना नहीं देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त धारा 26-1 में 2 साल एवं 1000 का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा सुनाई गई है। अभियोजन पदाधिकारी जौहर अहमद सैयद ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 54/09 के तहत प्रथम श्रेणी न्यायाधीश आशुतोष कुमार की कोर्ट में अवैध हथियार रखने के दो अलग-अलग धारा में सजा सुनाई गई है।

### कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बीएस कॉलेज में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो श्यामदेव पासवान ने किया. प्रो पासवान ने बताया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तहत महाविद्यालयों के बीच छात्र व छात्राओं ग्रुप के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रो पासवान ने बताया कि खेलकूद से मानसिक व शारीरिक विकास किया जा सकता हे. प्रतियोगिता में कुल 7 कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। छात्राएं संवर्ग में जेडी वीमेंस कॉलेज, च आरआरएस कॉलेज, मोकामा की टीमें फाइनल में पहुंचीं. फाइनल कल खेला जाएगा. छात्र संवर्ग के मैच कल खेले जाएंगे. प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन व खेल भावना से खेलने की बात कही. मौके पर प्रो शिवचंद्र सिंह, प्रो गोपाल यादव के साथ साथ कॉलेज की खेल पदाधिकारी डॉ. रीता गुप्ता, प्रो. आशुतोष कुमार आदि सभी शिक्षक उपस्थित थे. मीडिया प्रभारी राकेश रंजन समेत आदि प्रोफसर मौजूद थे।

### फोरलेन रूट में बदलाव को लेकर माले का विरोध मार्च स्थगित

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले द्वारा 12 सितंबर 2025 को आयोजित किया जाने वाले विरोध मार्च अब स्थगित कर दिया गया है। यह मार्च परसाऽसंपतचक रोड स्थित छतना पिपरा मोड़ पर निकाला जाना था। भाकपा माले ने आरोप लगाया था कि खास सरकार के परिवार के अपार्टमेंट को बचाने के लिए फोरलेन रूट में बदलाव किया गया है, जिससे दर्जनों मकानों को नुकसान पहुंचने वाला है। इसी के विरोध में 12 सितंबर को मार्च प्रस्तावित था। प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने कहा कि आपरिहार्य कारणों से यह कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और आगे नई तिथि पर आंदोलन जारी रहेगा।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह
(Email id:- eegoh1@gmail.com)

पत्रांक :–1004 / गोह,

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2025–26

(केवल ई–टेन्डर पद्वति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1.कार्य का विवरण :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में) | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुनपुन बराज संरचना के रंग–रोगन का कार्य, बराज संरचना के सीढ़ी के पास रेलिंग का कार्य इत्यादि। | 61.65606 | 123400 | 10000 | 590 | 15.01.2026 |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक–10.09.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि :– दिनांक 20.09.2025 से दिनांक 26.09.2025 के 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 24.09.2025 के 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह।
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक–26.09.2025 के 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– 27.09.2025 दिनांक के 3:30 बजे अपराहन । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
8. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
10. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल–1,गोह।
11. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

(ई0 राजू कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
पुनपुन बराज प्रमण्डल–01, गोह

PR- 014493 ( W R D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# विमेंस वनडे वर्ल्डकप के अंपायर्स-रेफरी का ऐलान

**पहली बार सभी महिलाएं होंगी, मैच ऑफिशियल्स पैनल में चार भारतीय शामिल**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के लिए 18 मैच ऑफिशियल्स (14 अंपायर और चार रेफरी) नियुक्त किए गए हैं। टूर्नामेंट के 52 साल के इतिहास में पहली बार सभी मैच ऑफिशियल्स और अंपायर महिलाएं होंगी। इससे पहले, पिछले दो टी-20 वर्ल्ड कप और 2022 में खेले गए कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐसा हुआ था।

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच होगा।

### अंपायर्स

लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शतिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, एन जननी, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसेक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स।

### मैच रेफरी

ट्रुडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

### अंपायरिंग पैनल में तीन भारतीय

अंपायरिंग पैनल में पूर्व भारतीय खिलाड़ी वृंदा राठी, एन जननी और गायत्री वेणुगोपालन को भी जगह मिली है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहली महिला मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी मैच रेफरी पैनल का हिस्सा होंगी। इस पैनल में चार मेंबर्स हैं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, मैच ऑफिशियल्स पैनल में सभी महिलाओं का होना महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक कदम है और इससे सफलता के नए आयाम गढ़ते दिख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, ये बस एक उपलब्धि नहीं है बल्कि ये भी दिखाता है कि आईसीसी क्रिकेट में समानता के अधिकार को कैसे बढ़ावा दे रहा है।

### वर्ल्ड कप की प्राइज मनी पुरुषों से ज्यादा

टूर्नामेंट की प्राइज मनी पुरुषों से ज्यादा हो गई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 1 सितंबर को इसका ऐलान किया। इसके अनुसार, विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में कुल 13.88 मिलियन डालर (करीब 122 करोड़ रुपए) की इनामी राशि बांटी जाएगी। 2023 में भारत में खेले गए मेंस वनडे वर्ल्ड कप के दौरान करीब 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर (83 करोड़ रुपए) बांटे गए थे। इस साल की विमेंस वनडे वर्ल्ड चैंपियन टीम को 4.48 मिलियन डॉलर (लगभग 39.55 करोड रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि है।

# दलीप ट्रॉफी फाइनल- साउथ जोन 149 पर ऑलआउट

**कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका, सेंट्रल जोन से सारांश को 5, कार्तिकेय को 4 विकेट**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर खेला जा रहा है। सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। टीम के लिए तन्मय अग्रवाल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। उनके अलावा सलमान निजार 24, अंकित शर्मा 20, रिकी भुई 15 और एमडी निधेश 12 रन बनाए। सेंट्रल जोन की ओर से सारांश जैन ने 5 और कुमार कार्तिकेय ने 4 विकेट झटके। साउथ जोन का सेमीफाइनल मैच नॉर्थ जोन के खिलाफ ड्रॉ रहा था। वहीं सेंट्रल जोन ने दूसरा सेमीफाइनल मैच वेस्ट जोन के खिलाफ खेला और यह मैच भी ड्रॉ रहा था। साउथ जोन ने 13 बार दिलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है, जबकि सेंट्रल जोन ने 6 बार यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**साउथ जोन** - मोहम्मद अजहरुद्दीन (कप्तान), तन्मय अग्रवाल, आंद्रे सिद्धार्थ, गुरजापनीत सिंह, वासुकी कौशिक, मोहित काले, एमडी निधेश, रिकी भुई, सलमान निजार, रविचंद्रन स्मरण, अंकित शर्मा।

**सेंट्रल जोन** - रजत पाटीदार (कप्तान), यश राठौड़, दानिश मालेवार, अक्षय वाडकर, शुभम शर्मा, उपेंद्र यादव, सारांश जैन, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, कुमार कार्तिकेय, कुलदीप सेन।

### दलीप ट्रॉफी की बादशाहत वेस्ट जोन के पास

मुंबई शुरुआत से भारतीय क्रिकेट का सेंटर रहा है। मुंबई वेस्ट जोन में आता है, लिहाजा दलीप ट्रॉफी में वेस्ट की टीम को इसका काफी फायदा भी हुआ। सबसे ज्यादा 19 बार वेस्ट जोन ने ही खिताब जीता है। टीम ने शुरूआती चारों सीजन अपने नाम किए थे। नॉर्थ जोन 18 बार इस ट्रॉफी को जीत चुकी है

# भारत-पाक मैच रोकने की मांग सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की

**कहा- यह सिर्फ एक मैच है, एशिया कप में 14 सितंबर को खेला जाएगा मुकाबला**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को होने वाले क्रिकेट मैच पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी। हालांकि, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह सिर्फ एक मैच है।

**21 अगस्त को सरकार ने मंजूरी दे दी थी -** भारत सरकार 21 अगस्त को भारत-पाक मैच कराने की अनुमति दे दी थी। सरकार ने कहा- मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। दोनों देशों में द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी।

### भारत-पाकिस्तान के 3 मुकाबले हो सकते हैं

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले हो सकते है। पहला मैच 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।

**दूसरा मैच**- एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दूसरी भिड़ंत हो सकती है।

**तीसरा मैच** - अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा।

### यह वजह है विरोध करने की

**1. भारत-पाकिस्तान मैच पर विवाद क्यों** - पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान रिश्ते तनावपूर्ण हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए। जवाब में पाकिस्तान ने ड्रोन अटैक किया। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की। फिलहाल, सीजफायर लागू है।

**2. क्या पहलगाम टेरर अटैक के बाद रिश्ते बिगड़े हैं** - नहीं, इससे पहले भी भारत और पाकिस्तान के रिश्ते खराब रहे हैं। 2019 में आतंकवादियों पुलवामा में ष्टक्रक्क के काफिले पर हमला किया। इससे 40 सैनिक शहीद हो गए। जवाब में भारत ने बालाकोट एयर स्ट्राइक की और आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

**3. भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंध कब खराब हुए** - 26 नवंबर 2008 को 10 आतंकवादियों ने मुंबई के ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट और नरीमन पॉइंट जैसे कई इलाकों में फायरिंग की थी। इससे 166 लोग मारे गए थे। इस घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध खत्म कर दिए। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी इवेंट में ही खेलते हैं।

### 2023 में आखिरी बार पाकिस्तान टीम आई थी इंडिया

- 2008 - आखिरी बार पाकिस्तान दौरे पर गई थी टीम इंडिया। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।
- 2013 -पाकिस्तान बाइलैटरल सीरीज खेलने के लिए भारत आया था। तब 3 वनडे और 2 टी-20 मैच की सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज ड्रॉ रही।
- 2023- पाकिस्तान की टीम आखिरी बार भारत आई थी। टीम ने बाबर आजम की कप्तानी में 2023 वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। टीम 9 में से 4 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल के 5वें स्थान पर रही थी।

# इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराया, ?? फ्रांस और पुर्तगाल उलटफेर से बचे



**लंदन (एजेंसी)।** किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलैंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए। नोनी मडुके, एज्री कोंसा और मार्क गुएही ने गोल किए, जिससे इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। फ्रांस ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए एमबाप्पे के गोल और एक अन्य गोल करने में मदद की बदौलत आइसलैंड को 2-1 से हराया।

# अनुग्रह इंटर विद्यालय में कला उत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह इंटर विद्यालय में गुरुवार को भारत व बिहार सरकार तथा शिक्षा विभाग, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में कला उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। बिहार शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रारंभिक शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं समग्र शिक्षा अभियान के निदेशानुसार वर्ग नौवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए इस उत्सव का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ सर्वेश कुमार सिह ने बताया कि कला उत्सव में प्रतिभागियों के प्रतिभागिता हेतु सभी कोटि के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पत्र दिया गया था। इस उत्सव में जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। एपीओ सर्वेश कुमार सिह ने बताया कि कला उत्सव के मौके पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को राज्य स्तरीय कला उत्सव, पटना में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेना है। जिला स्तरीय कला उत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए एपीओ ने बताया कि एकल नृत्य में सरस्वती शिशु मंदिर के पुष्कर राज पंडित प्रथम, बीएल इंडो पब्लिक स्कूल के मन्नत सिह द्वितीय व राजकीयकृत प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, देव की इशिका कुमारी को तृतीय विजेता घोषित किया गया। समूह नृत्य



प्रतियोगिता में राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर (ओबरा को प्रथम), कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, अंबा को द्वितीय और उच्च माध्यमिक विद्यालय, पवई को तृतीय विजेता घोषित किया गया। ठीक इसी प्रकार एकल गान प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय खुटहन के चंदन कुमार को प्रथम, उच्च विद्यालय ओरा की वर्षा रानी को द्वितीय और अनुग्रह इंटर विद्यालय औरंगाबाद के सत्येंद्र कुमार को तृतीय, समूह गान प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय पवई को प्रथम, आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गणेश नगर मनिका को द्वितीय तथा उच्च विद्यालय ओरा को तृतीय, नाटक प्रतियोगिता में अनुग्रह उच्च विद्यालय मदनपुर की साक्षी एवं समूह को प्रथम, उच्च विद्यालय घटराईन के अंकुश एवं समूह को द्वितीय तथा उच्च विद्यालय बैराव के विकास कुमार एवं समूह को तृतीय, पारंपरिक कहानी वाचन प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय सिरिस की गुड़िया कुमारी को प्रथम, उच्च माध्यमिक विद्यालय वार की प्राची कुमारी को द्वितीय, मूर्ति कला प्रतियोगिता में कन्या उच्च विद्यालय अंबा की शिखा कुमारी को प्रथम, उच्च विद्यालय कुटुंबा की पार्वती कुमारी को द्वितीय और उच्च विद्यालय दोहरी के निशांत कुमार को तृतीय विजेता घोषित किया गया। इसी प्रकार तबला वादन प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के अंकित कुमार को प्रथम, राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के दिव्यम को द्वितीय और अनुग्रह इंटर विद्यालय औरंगाबाद के कुमार गौरव को तृतीय, चित्रकला प्रतियोगिता में कन्या उच्च विद्यालय अंबा की शिखा कुमारी को प्रथम, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय डिहुरी की शोभा कुमारी को द्वितीय एवं मध्य विद्यालय एरोरा की आरुषि कुमारी को तृतीय विजेता घोषित किया गया।

# सा.अफ्रीका ने इंग्लैंड को टी-20 में डकवर्थ-लुइस नियम से हराया

**सीरीज में 1-0 की बढ़त; मार्करम ने बनाए 28 रन**



**कार्डिफ (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। कार्डिफ में खेले गए पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को डकवर्थ-लुईस नियम (डीएलएस) के आधार पर 14 रन से हरा दिया। बारिश की वजह से मैच निर्धारित समय 6.30 बजे से ढाई घंटे देरी से शुरू हुआ। जिसकी वजह से ओवर को कम करके पहले 9 ओवर कर दिया गया। साउथ अफ्रीका की पारी में 7 गेंद शेष रहते फिर बारिश आ गई, जिससे उनकी पारी 7.5 ओवर में समाप्त हो गई। उस समय अफ्रीका ने 5 विकेट के नुकसान पर 97 रन बना लिए थे। इसके बाद इंग्लैंड को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 5 ओवर में 69 रन का टारगेट मिला। इंग्लैंड 5 विकेट के नुकसान पर 54 रन ही बना सकी।

**एडेन मार्करम ने 28 रन बनाए** - साउथ अफ्रीका ने कप्तान एडेन मार्करम के 28 रनों (14 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) की मदद से मजबूत शुरुआत की। मार्करम ने लुआन-ड्रे प्रिटोरियस के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी की। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस और डेवोन फरेरा ने 15 गेंदों में 36 रनों की साझेदारी की। उन्होंने लियाम डॉसन के खिलाफ नो-लुक छक्का और फिर साइटस्क्रीन पर छक्का जड़ा। हालांकि, सैम करन की धीमी गेंद पर वह तीसरे फील्डर को कैच दे बैठे।

- **इंग्लैंड नहीं बना सका 69 रन** - 69 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को 13.8 प्रति ओवर की रनरेट से रन बनाने थे। फिल सॉल्ट और हैरी ब्रूक दोनों शून्य पर आउट हो गए, जिससे इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। जोस बटलर ने 11 गेंदों में 25 रनों की तेज पारी खेली, लेकिन उन्हें दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के खिलाफ साथ नहीं मिला।
- **साउथ अफ्रीका के लिए यानसन और बॉश ने दो-दो विकेट लिए** - कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने शानदार वापसी की। रबाडा ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट को आउट किया, हालांकि बटलर ने उनके ओवर में चौका और छक्का जड़ा। यानसन ने भी जैकब बेथेल को आउट किया और फिर बटलर को कैच कराकर मैच को दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में पक्का कर दिया। कॉर्बिन बॉश ने भी दो विकेट लिए।

# विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में संगोष्ठी-भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, साहित्य संवाद एवं महोत्सव परिवार के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन विद्यालय में संत विवेकानंद के शिकांगो भाषण भारतीय जीवन दर्शन का उद्घोष विषय पर बच्चों के भाषण प्रतियोगिता एवं प्रबुद्धजनों का संगोष्ठी सभा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन वरिष्ठ साहित्यकार डा. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, प्रो. डा. शिवपूजन सिह, ज्योतिषाचार्य शिव नारायण सिह, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, विद्यालय के निदेशक शंभूनाथ शरण सिह, सचिव मनीष वत्स, प्रो. दिनेश प्रसाद, शिक्षिका सुमन लता, साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, वरिष्ठ कवि लवकुश प्रसाद, कला कौशल मंच के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव श्रीवास्तव, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रचार संतोष कुमार सहित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम के शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता शुरु हुई। बच्चों ने विवेकानंद के शिकांगो भाषण पर वक्तव्य देकर खूब तालियां बटोरी। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दसवीं कक्षा की साक्षी कुमारी ने हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान दसवीं कक्षा की सुरुचि कुमारी एवं तृतीय स्थान सृष्टि कुमारी ने प्राप्त किया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्रेया कुमारी रही। वहीं द्वितीय स्थान साक्षी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर अनु कुमारी रही। प्रतियोगिता में सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेंडल देकर सम्मानित किया गया। दूसरे सत्र में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डा. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं डा. शिवपूजन सिह ने कहा कि 1893 में शिकांगो में हुए विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण से पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति और दर्शन से परिचित कराया। उनके भाषण को आज भी याद किया जाता है। कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सभी धर्मों के प्रति सम्मान का भाव रखा और कहा कि सभी धर्मों का एक ही उद्देश्य है मनुष्य का कल्याण करना। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अविनाश कुमार ने किया।

# जिलाधिकारी ने सुनी 12 परिवादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यकाल कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 12 परिवादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत आवेदनों में आशा कार्यकर्ता बहाली चयन प्रक्रिया में अनियमितता, बिजली ग्रिड के स्थानांतरण, दुकान राजसात से जुड़ी कार्यवाही, सड़क, नाली एवं गली निर्माण तथा अन्य जनहित से संबंधित विषय प्रमुख रूप से सामने आए। जनता दरबार में हसपुरा थाना क्षेत्र के मकबुलपुर गांव निवासी किशोर कुमार सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके दुकान को सील करने के बावजूद राजसात का प्रतिवेदन अभी तक नहीं भेजा गया है। एनटीपीसी खैरा थाना



क्षेत्र के धुजा गांव निवासी जय शंकर कुमार सिंह एवं अन्य ने बिजली ग्रिड का स्थान बदलने का अनुरोध किया। मदनपुर प्रखंड के चंदौली गांव के वार्ड नंबर 10 निवासी सुकेंद्र कुमार एवं ग्रामीण जनता ने आशा कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया में अनियमितता का मामला उठाया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के राज्य प्रमुख मो. नैयर आलम ने लीड फॉर बिहार कार्यक्रम के संचालन हेतु अनुमति एवं प्रशासनिक सहयोग की मांग की। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा गांव और कस्बों की सड़क, नाली, पुल, नल-जल आपूर्ति व्यवस्था तथा जनसुविधा संबंधी समस्याएं भी रखी गईं। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी आवेदनों को गंभीरता से देखते हुए संबंधित विभागों को त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

# एशिया कप में भारत से मुकाबले के पहले आज ओमान के खिलाफ 'रिहर्सल' करने उतरेगा पाकिस्तान

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान की टीम एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले शुक्रवार को ग्रुप ए के अपने पहले मैच में कमजोर ओमान के खिलाफ अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उनका



मनोबल बढ़ा होगा। इस मैच में स्पिनर मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक बनाई थी और वह फिर से पाकिस्तान के लिए तुरुप का इक्का होंगे।

संयुक्त अरब अमीरात की धीमी पिचों के कारण पाकिस्तान को टीम में स्पिनरों को शामिल करना पड़ा। उसकी यह रणनीति त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान कारगर साबित हुई और एशिया कप में भी यह रणनीति महत्वपूर्ण साबित होगी। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा था, 'हम इस तरह से तैयारी करना चाहते थे जिससे हमें एशिया कप के लिए मदद मिले और हमने ऐसा किया। हम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं और पूरी तरह तैयार हैं।

# बिहार में एनडीए की सरकार बनना तय : अशोक चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भारी बहुमत के साथ नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक बार फिर सरकार बनेगी और इंडी महागठबंधन पूरी तरह धराशायी हो जायेगा। यह बात ओबरा विधानसभा में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कही। इस सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री शहनवाज हुसैन भी मौजूद रहे। ग्रामीण कार्य मंत्री श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास योजनाओं से जुड़ी उपलब्धियां गिनाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाज की मुख्य धारा से वंचित लोगों को आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक रूप से सशक्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि



ओबरा विधानसभा में 87 सड़कों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इससे यहां के लोगों को आर्थिक ताकत मिलेगी। नीतीश कुमार प्रदेश के विकास के लिए संकल्पित है। बिहार में जो विकास एनडीए के शासनकाल में हुआ है उतना विकास किसी राज्य में नहीं हुआ है। शिक्षा का विकास हुआ। सभी स्कूलों का भवन बना। गरीब के बच्चों को स्कूल पहुंचाने का काम किया गया। बिहार में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं और स्थानीय उमीदवार को एनडीए कार्यकर्ता अपनी ताकत दें। श्री हुसैन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताया और कहा कि उन्होंने विकास और जनहित की लंबी लाइन खींची है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में हम जीतेंगे और बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। इस सम्मेलन के जरिए सभी घटक दलों के कार्यकर्ता एकजुटता के साथ उम्मीदवारों को जिताएंगे। उन्होंने कहा कि आज एनडीए सरकार में सभी गांवों में सड़क, बिजली, स्कूल बन चुका है। आज महिलाएं भी अपने पैरों पर खड़ी हैं। लाखों युवाओं को नौकरी मिलीहै। आज काफी तेजी से बिहार आगे बढ़ रहा है। अभी प्रत्येक महिलाओं को 10 हजार रुपये रोजगार के लिए दिया जा रहा है। सूबे में पुनः एनडीए की सरकार बनने से बिहार हर क्षेत्र में आगे रहेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि आप विपक्ष के बहकावे में नहीं आइए और बिहार में पुनः एनडीए की सरकार बनाइए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोपाल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## नहर से अज्ञात महिला का शव बरामद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव के पास नहर से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका की उम्र क़रीब 35 वर्ष बतायी जाती है। शव की पहचान के लिए पुलिस विभिन्न माध्यमों से प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों की माने तो महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को नहर में फेंक दिया। वहीं कुछ लोग पानी में डूबने से मौत की आशंका जताई जता रहे हैं। पुलिस दोनों एंगल से जांच कर रही है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि थाना क्षेत्र के बसडीहा कैनाल से अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव 72 घंटे तक पुलिस अभिरक्षा में रखा जाएगा।

# विधानसभा चुनाव में 40 लाख तक खर्च कर सकते हैं प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सफल संचालन हेतु समाहरणालय स्थित योजना भवन में राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी रवि रंजन आलोक की अध्यक्षता में कार्यशाला-सह- प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के संभागों एवं दायित्वों को निर्वाचन आयोग के कंडिका के अनुसार पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गठित टीम के सदस्य एसएसटी, एफएसटी, एईओ, एकाउंटिंग टीम, वीवीटी, वीएसटी आदि शामिल थे। नोडल पदाधिकारी रवि रंजन आलोक एवं सहायक नोडल पदाधिकारी गुंजन कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशिका में अधिसूचित नियमावली के बारे में



पूर्ण रूप से जानकारी दी। इस क्रम में बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी अंचल अधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा गठित टीम के अन्य सदस्यों को औरंगाबाद जिला से संबंधित सभी विधानसभा क्षेत्र में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी के दायित्व के निर्वहन हेतु एसओपी के बारे में बताया गया। नोडल पदाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी ने चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशिका के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विधानसभा में प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख रुपया निर्धारित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त नकद राशि शराब आदि की जब्ती जांच करने से संबंधित नियमावली के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में राज्य कर संयुक्त आयुक्त ज्ञानी दास, राज्य कर उपायुक्त अनामिका कुमारी, राज्य कर सहायक आयुक्त ओम राजपूत, मनरेगा निदेशक अनिल कुमार, अमितेश कुमार, संजीव कुमार सुमन, चंदन कुमार, मीरा कुमारी, सोनाली प्रिया, सोनाली प्रिया, राहुल कुमार सिंह, इरशाद अली, विशाल कुमार आदि उपस्थित थे।

# मतदाताओं का कराया गया डेमो वोटिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) एवं वीवीपैट के संचालन से परिचित कराना तथा मतदान प्रक्रिया में विश्वास उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने विस्तार से इवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मतदान के समय किस प्रकार मशीन पर बटन दबाने से वोट दर्ज होता है और वीवीपैट से पर्ची निकलकर मतदाता यह सुनिश्चित कर सकता है कि उसका वोट सही उम्मीदवार को ही गया है। इसके बाद उपस्थित मतदाताओं से डेमो वोटिंग कराया गया। सभी मतदाताओं ने मशीन पर वोट डालकर देखा और प्रक्रिया से संतुष्ट हुए। उन्होंने माना कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और भरोसेमंद है। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक रमेश कुमार, संबंधित सभी बीएलओ तथा आसपास के मतदाता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मतदाताओं ने प्रशिक्षण के प्रति उत्साह दिखाया और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में आगामी शनिवार को आयोजित होने वाली पीटीएम (अभिभावक-शिक्षक) बैठक के अवसर पर अभिभावकों को भी इवीएम एवं वीवीपैट की जानकारी दी जाएगी। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि समाज का प्रत्येक मतदाता मतदान के समय निडर होकर और विश्वासपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# कदाचारमुक्त होगी 71वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के योजना भवन के सभा कक्ष में जिले में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एकीकृत 71वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन के मद्देनजर समीक्षा बैठक एवं ब्रीफिंग आयोजित की गई। यह बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के संयुक्त अध्यक्षता में की गई। गौरतलब हो कि दिनांक 13 सितंबर 2025 को एकल पाली में यह परीक्षा आयोजित की जानी है। औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट (पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ) प्रति नियुक्ती की गई है, जो प्रेक्षक के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।



जो अपने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के 3 घंटा पूर्व में निश्चित रूप से परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के समय 12:00 बजे मध्याह्न से एक घंटा पूर्व अर्थात 11:00 बजे पूर्वाहन तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद अर्थात विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में किसी भी परिस्थिति में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दिया जाएगा। उनके द्वारा बताया गया कि स्टैटिक मजिस्ट्रेट का दायित्व होगा कि वह परीक्षार्थी की तलाशी का कार्य पूरी संघन तरीके से करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य किसी प्रकार का कोई कागजात, सामान, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच अथवा अन्य आपत्तिजनक सामान या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश नहीं करेंगे। साथ ही सभी केंद्राधीक्षक यह आश्वस्त हो लेंगे कि सघन फ्रिस्किंग के उपरांत ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाय। महिला अभ्यर्थियों के लिए फ्रिस्किंग के लिए केंद्राधीक्षक अधीक्षक के द्वारा एक अलग कक्ष अथवा घेरायुक्त स्थल की व्यवस्था की जाएगी।बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सभी एसडीपीओ, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, वरीय उप समाहर्ता बेबी प्रिया, जिला कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी केंद्राधीक्षक, सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# लूटकांड में शामिल दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लूटकांड के दो शातिर बदमाशों को दाउदनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के अरई गांव निवासी रामप्रवेश राम के पुत्र कुंदन कुमार एवं अशोक प्रसाद के पुत्र योगेन्द्र कुमार के रूप में की गई है। दरअसल 9 सितंबर को थाना क्षेत्र के सिपहा लख अंतर्गत नहर रोड के पास अज्ञात बाइक सवार अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति से मोबाइल फोन लूट लिया गया था। मामले में पीड़ित द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया जिसमें तकनीकी एवं उपयुक्त साक्ष्य के आधार पर इस घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार दोनों बदमाशों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपितों ने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि बाइक सवार से मोबाइल फोन लूटकांड की घटना को अंजाम दिया है। प्रेसवार्ता में दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी अशोक दास ने बताया कि लूटकांड में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त एक बाइक और लुटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विकास कुमार सहित अन्य जवान शामिल थे।

# पूर्व सांसद ने उप मुख्यमंत्री से मिल समस्याओं से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पटना स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद ने कार्यपालक सहायक संघ, रोजगार सेवक संघ एवं मीटर रीडर संघ से संबंधित विभिन्न मांगों पर सकारात्मक चर्चा की। बताते चले कि तीनों संघों के सैंकड़ो लोगों ने पूर्व सांसद के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर मिलकर अपनी विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन दिया था। साथ ही विस्तृत रूप से अपनी स्थिति के बारे में बताया था। संघ के लोगों की बातों को सुनकर पूर्व सांसद ने कहा कि वे जल्द ही आप सभी लोगों की समस्याओं को सरकार के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाऊंगा। इसी क्रम में पूर्व सांसद ने पटना जाकर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की और सभी बातों से अवगत कराया। पूर्व सांसद ने कहा कि सभी मुद्दों पर



सकारात्मक चर्चा हुर्ह है। ज्ञात हो कि पूर्व सांसद अपने आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर जनता दरबार में विभिन्न जिलों एवं लोकसभा क्षेत्रों से आए सभी लोगों की समस्याओं को सुन सम्बंधित अधिकारियों से बात कर उसका निष्पादन करवाते हैं।

# सिन्हा कालेज में इंडक्शन मीट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में डिपार्मेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की ओर से इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीसीए सत्र 2025-28 और एमसीए सत्र 2025-27 के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया। उन्होंने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और महाविद्यालय एवं करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। प्राचार्य ने कहा कि औरंगाबाद के विद्यार्थियों को यहीं गुणवत्तापूर्ण



शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ऑफलाइन क्लास की प्रभावशीलता पर भी प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने विभाग का परिचय देते हुए जावा प्रोग्रामिंग के महत्व को रेखांकित किया। सहायक प्राध्यापक आदित्य गुप्ता ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बीसीए और एमसीए कोर्स, उसके उद्देश्यों, आउटकम्स और करियर ऑपच्युनिटी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जेन-ज़ेड के छात्र आईटी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के साथ-साथ समाज और संस्कृति के प्रति भी जिम्मेदार बने।कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक नेहा कुमारी ने किया। सहायक प्राध्यापक अंजनी कुमार ने शिक्षा और नैतिकता पर छात्रों को प्रेरित किया जबकि अनिल कुमार ने बेहतर भविष्य निर्माण को लेकर उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को विशेष किट भी प्रदान किए गए, जिसमें बैग, महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका, डायरी और पेन शामिल थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष मंडल, उर्दू विभागाध्यक्ष राशीद, साइकोलॉजी विभागाध्यक्ष के.के., फार्मेसी विभागाध्यक्ष मनजीत कुमार सिंह, अकाउंटेंट मनोज कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार सिंह, बड़ा बाबू सौरभ कुमार समेत कई अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# चुनाव कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु व्यापक स्तर पर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आज नोडल पदाधिकारी, जिला वाहन कोषांग-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी की अध्यक्षता में निजी विद्यालयों के प्राचार्य, संचालक, प्रोपराइटर, वाहन स्वामी (बस मालिक) तथा पेट्रोल पंप मालिक एवं संचालकों के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे आगामी निर्वाचन कार्य के दौरान आवश्यकतानुसार ससमय विद्यालय बसें उपलब्ध कराएं। सभी विद्यालय प्रतिनिधियों को यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि निर्वाचन कार्य में उपयोग हेतु वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी होगी और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार वाहन स्वामियों (बस मालिकों) के साथ आयोजित बैठक में उन्हें निर्देशित किया गया कि वे निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यकता के अनुसार ससमय बसें उपलब्ध कराएं। नोडल पदाधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि निर्वाचन कार्य के लिए लगाए गए सभी वाहनों को निर्धारित समय पर और पूर्णतः कार्यशील स्थिति में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पेट्रोल पम्प मालिक एवं संचालकों के साथ आयोजित बैठक में उन्हें यह निर्देश दिया गया कि वे निर्वाचन अवधि में पर्याप्त मात्रा में ईंधन का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें। यह भी कहा गया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो, इसके लिए सभी पेट्रोल पंपों को अग्रिम व्यवस्था करनी होगी।

पंजाब नैशनल बैंक ... भरोसे का प्रतीक! pnb Oriental United punjab national bank ...The name you can BANK upon!

## सीओ-एसएएम, अंचल कार्यालय, औरंगाबाद (बिहार)

### कब्जा सूचना
### अचल संपत्तियों हेतु कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी हैं और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नोटिस की तारीख/सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर प्रत्येक खाते के लिए उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए संबंधित उधारकर्ताओं को बुलाने के लिए प्रत्येक खाता के सामने उल्लिखित तारीखों पर मांग नोटिस जारी किया।

उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहा है, इसके द्वारा उधारकर्ता और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उक्त अधिनियम के नियम 8 के साथ खाते के सामने उल्लिखित तिथि पर।

विशेष कर उधारकर्ताओं/ जमानतदार/बंधककर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों को और आम जनता को एतद द्वारा आगाह किया जाता है कि वे संपत्तियों का लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार राशि और उस पर ब्याज के लिए पंजाब नेशनल बैंक के प्रभार के अधीन होगा।

अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधानों के अनुसार सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में उधारकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | 1. शाखा का नाम 2. खाता का नाम 3. खाता सं. | गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण | 1. मांग की सूचना की तारीख 2. कब्जे की सूचना की तारीख | मांग की सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बैंक शाखाः करवंदिया (216900) मुंशी साह पुत्रः सिद्धार्थ साह A/C- **21600 NC00008476** | भूमि और भवन जहां अवस्थित है- मौजा-अमरा तालाब, थाना-रेव, थाना नं-224जिला-रोहतास, खाता नं 116, प्लॉट नं 704, एरिया 1.5 डिसमिल में बिक्री विलेख संख्या 1687 दिनांक 07.02.2000 चौहद्दीः उत्तर -रास्ता, दक्षिण-कांति देवी, पूर्व-श्रीमती मांति देवी, पश्चिम- मुनी कोल्ह | 1.10.05.2024 2.09.09.2025 3. समेकित कब्जा | रु. 6,12,448.00 |

स्थान-औरंगाबाद (बिहार)

नोट : विवाद/अंतर की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा

(प्राधिकृत अधिकारी)
पंजाब नेशनल बैंक

# पीएम ने जीएसटी में कटौती कर देशवासियों को दिया उपहार : पीयूष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जीएसटी में सुधार कर मोदी सरकार ने साहसिक व ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस साहसिक कदम से करोड़ों देशवासियों को सीधा लाभ होगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौश्रान कही। श्री शर्मा ने कहा कि जीएसटी ने उपभोक्ताओं को राहत, व्यापारियों को सरलता और अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी है। पूर्व में केंद्र की कांग्रेस सरकारों ने केवल वादे किए लेकिन सुधार कभी नहीं कर पाए। नरेंद्र मोदी ने राज्यों को भरोसा दिया। आज देश के प्रधानमंत्री के हर फैसले जनता के हित के लिए समर्पित है। यह दुर्लभ व नामुमकिन




था कि कम समय में दो बड़े कर सुधार लागू किए जाएं लेकिन यह वहीं दृढ़ इच्छाशक्ति व विश्वास है जिसने आज मोदी सरकार को आम आदमी के बीच विश्वास का प्रतीक बना दिया। आज प्रधानमंत्री ने जो वादा किया था उसे पूरा किया और यही है मोदी की गारंटी। आज रोजमर्रा की उपयोगी होने वाली वस्तुओं पर शून्य प्रतिशत जीएसटी कर आमजनों को बड़ी राहत देने का काम किया गया है। वहीं एयर कंडीशन, टीवी, फ्रीज सभी छोटी गाड़ियां, वाशिंग मशीन, पंखा, जूसर, गीजर, एलईडी मानिटर, बड़ी कारें पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है। बटर, घी, आयल, साबुन, शैम्पू, शुगर, ड्राई फ्रूट्स, मिठाई, वनस्पति तेल, कृषि मशीनरी, दही, लस्सी, छाछ आदि पर 5 प्रतिशत जीएसटी करने का काम किया है। कांग्रेस के शासनकाल में दूध पर भी 6 प्रतिशत टैक्स लगते थे उसे मोदी सरकार ने पूरी तरह शून्य करने का काम किया है। अब 22 सितंबर से नये जीएसटी लागू होने पर रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे सीमेंट पर प्रति बैग 25-30 रूपए की बचत आम लोगों को होगी। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिता सिंह, जिला प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता, विकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।